वर्ष- 13 अंक - 299
लखनऊ, बुधवार 1 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत में किया निरीक्षण 10

ग्राम सचिवालय में आज से बैठेंगे लेखपाल 03


# प्रधानमंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व गृहमंत्री ने हूल क्रांति के महानायकों को दी श्रद्धांजलि

## हूल दिवस मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले हमारे आदिवासी समाज के अद्‌भुत जज्बे का सशक्त प्रतीकः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**एजेंसी, रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भी मंगलवार को हूल दिवस पर हूल क्रांति के महानायकों को श्रद्धासुमन अर्पित किया है। इन नेताओं ने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर जनजातीय समाज के महानायकों के जज्बे को नमन किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिखा है कि हूल दिवस मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले हमारे आदिवासी समाज के अद्भुत जज्बे का सशक्त प्रतीक है। भारतीय इतिहास के इस गौरवशाली अवसर पर सिदो-कान्हू,



चांद-भैरव और फूलो-झानो जैसे उन सभी वीर-वीरांगनाओं को मेरी आदरपूर्ण श्रद्धांजलि, जिन्होंने विदेशी शासन के अन्याय का डटकर मुकाबला

> इन अमर सेनानियों का अद्वितीय बलिदान हमारी जनजातीय गौरवशाली परंपरा और राष्ट्रभक्ति के प्रति अटूट संकल्प का प्रेरणास्रोत बना रहेगा

किया। जनजातीय गरिमा और मान-सम्मान की रक्षा के लिए उनके संघर्ष और बलिदान की कहानी देशवासियों में नई ऊर्जा का संचार करती रहेगी। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने भारत के जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सिदो-कान्हू, चाँद और भैरव मुर्मू सहित सभी वीर क्रांतिकारियों को विनम्र श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि संथाल क्रांति ने अन्याय, शोषण और अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध स्वाभिमान, साहस तथा जनप्रतिरोध की ऐसी चेतना जगाई, जिसने भारत के स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा प्रदान की। इन अमर सेनानियों का अद्वितीय बलिदान हमारी जनजातीय गौरवशाली परंपरा और राष्ट्रभक्ति के प्रति अटूट संकल्प का प्रेरणास्रोत बना रहेगा। गृह मंत्री अमित शाह ने जनजातीय अस्मिता और मातृभूमि के लिए संथाल क्रांति में अपना सर्वस्व अर्पण करने वाले सभी बलिदानियों को 'हूल दिवस' के अवसर पर स्मरण कर नमन करते हुए कहा है कि जनजातीय स्वाभिमान और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक सिदो-कान्हू मुर्मु, चांद-भैरव तथा वीरांगनाओं फूलो-झानो ने अंग्रेजी हुकूमत के विरुद्ध संघर्ष का ऐसा शंखनाद किया, जिसने पराधीनता के विरुद्ध जन-जन में प्रतिरोध की चेतना का संचार किया।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना एक्सप्रेस-वे पर ट्रेलर में घुसी प्राइवेट बस, चार की मौत

**समृद्धि न्यूज़, मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस-वे पर आज तड़के करीब साढ़े तीन बजे हुए हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 19 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शवों की शिनाख्त कर ली है। सूचना पाकर पहुंचे जिलाधिकारी (डीएम) चंद्र प्रकाश सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल लिया।

## राम मंदिर चढ़ावा मामले की सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में हो जांचः कांग्रेस

> एसआईटी रिपोर्ट भी सार्वजनिक करें: सुप्रिया

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

कांग्रेस ने अयोध्या के राम जन्मभूमि मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा न्यायाधीश की निगरानी में कराने और मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने की मांग की है। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता



सुप्रिया श्रीनेत ने यहां पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि 8 जून को विपक्षी दलों की बैठक में इस मुद्दे पर संयुक्त पत्र भेजने का निर्णय

### शीर्ष पदाधिकारियों पर दर्ज हो एफआईआर

शीर्ष पदाधिकारियों पर एफआईआर दर्ज हो, मंदिर में प्राप्त सभी दान का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए और प्रधानमंत्री इस मामले पर सार्वजनिक रूप से जवाब दें।

लिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार और ट्रस्ट उच्च पदाधिकारियों को बचाने की कोशिश कर रहे हैं, जबकि कार्रवाई केवल निचले स्तर के कर्मचारियों तक सीमित है।

श्रीनेत ने दावा किया कि सीसीटीवी फुटेज में लगभग 70 चोरी की घटनाएं दर्ज हैं, जो केवल 40 दिनों की अवधि की हैं। पिछले साढ़े पांच वर्षों का हिसाब कौन देगा। चढ़ावे की गिनती और सुरक्षा के लिए तय मानक प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया और एसबीआई की चेतावनी को भी नजरअंदाज किया गया। उन्होंने मांग की कि ट्रस्ट को भंग किया जाए।

## सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : गडकरी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक कार्यक्रम



में कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाए जा रहे हैं। भारत में सड़क दुर्घटनाओं में सबसे अधिक मौतें होती हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। गडकरी ने यहां मंगलवार को उबर के एक कार्यक्रम में कहा अब सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले को पुलिस या कानूनी झंझटों में नहीं उलझना पड़ेगा।

## स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत का निर्माण संभव : नड्डा



**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि स्वस्थ भारत से ही विकसित भारत का निर्माण संभव है। देश में 'निवारक स्वास्थ्य देखभाल 'को अब ज्यादा महत्व दिया जा रहा है, ताकि लोग गंभीर बीमारियों से पहले ही सुरक्षित रह सकें। स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव है और इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। मंगलवार को जे पी नड्डा इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज(आईएलबीएस)के 10वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए 'हार्डवेयर' और 'सॉफ्टवेयर' दोनों पर समान रूप से ध्यान दिया है। उनके अनुसार, हार्डवेयर का मतलब है अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, जबकि सॉफ्टवेयर का अर्थ है बेहतर नीतियां, प्रशिक्षण और ऐसा शैक्षणिक माहौल जो डॉक्टरों और शोधकर्ताओं को आगे बढ़ने में मदद करे। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 387 से बढ़कर 818 हो गई है। इसी तरह एमबीबीएस सीटें लगभग 50 हजार से बढ़कर 1.20 लाख से अधिक हो गई हैं, जबकि पीजी सीटें 30 हजार से बढ़कर 80 हजार से अधिक पहुंच चुकी हैं। सरकार का लक्ष्य आने वाले वर्षों में और 75 हजार नई मेडिकल सीटें जोड़ने का है, जिससे देश में डॉक्टरों की उपलब्धता और बेहतर हो सके। अपने संबोधन में मंत्री ने यह भी कहा कि आज भारत में 23 एम्स काम कर रहे हैं, जिनमें से कई हाल के वर्षों में शुरू किए गए हैं। यह विस्तार देश में सुपर-स्पेशियलिटी इलाज और मेडिकल शिक्षा को नई दिशा दे रहा है। स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते हुए उन्होंने आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की भूमिका को अहम बताया। देशभर में 1.85 लाख से अधिक ऐसे केंद्र काम कर रहे हैं, जो लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। यहां बड़ी संख्या में लोगों की ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जा रही है। समय पर जांच से कई मरीजों में बीमारी का शुरुआती चरण में ही पता लग रहा है, जिससे इलाज आसान हो रहा है। नड्डा ने कहा कि देश में 'निवारक स्वास्थ्य देखभाल' को अब ज्यादा महत्व दिया जा रहा है, ताकि लोग गंभीर बीमारियों से पहले ही सुरक्षित रह सकें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ भारत ही विकसित भारत की नींव है और इस दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है।




# नशे के बड़े नेटवर्क का भंडाफोड़, स्टोर संचालक गिरफ्तार

- मेडिकल स्टोर से 2349 बोतल कोडीन सिरप और 12145 ट्रामाडोल कैप्सूल बरामद
- पुलिस-औषधि प्रशासन की संयुक्त छापेमारी
- एनडीपीएस एक्ट समेत कई धाराओं में अभियोग पंजीकृत



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जनपद में नशीली दवाओं के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस और औषधि प्रशासन की संयुक्त टीम ने रूपईडीहा कस्बे के एक मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर भारी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं बरामद की हैं। कार्रवाई के दौरान 2,349 बोतल कोडीन युक्त कफ सिरप, 12,145 ट्रामाडोल कैप्सूल समेत आठ प्रकार की नियंत्रित एवं नशीली दवाएं जब्त की हैं। बरामद कफ सिरप का कुल वजन 2 क्विंटल 34 किलो 900 ग्राम है। मौके से स्टोर संचालक आदित्य कुमार मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में अपराध और मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी, क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह, औषधि निरीक्षक विनय कृष्ण तथा प्रभारी निरीक्षक रुपईडीहा रमेश रावत के नेतृत्व में की गई। सोमवार शाम औषधि प्रशासन और थाना रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम स्टेशन रोड स्थित आदर्श आयुर्वेदिक औषधि स्टोर पर पहुंची। जांच के दौरान स्टोर में बिना वैध लाइसेंस के आठ बोरियों में प्रतिबंधित कोडीन युक्त कफ सिरप और अन्य प्रतिबन्धित दवाएं रखी मिलीं। टीम ने पूरा स्टॉक सीज कर आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दवाओं के संबंध में कोई वैध अभिलेख या लाइसेंस प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद थाना रूपईडीहा में आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, बीएनएस तथा औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डी पी तिवारी ने बताया कि आदर्श आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर से नशीली दवाइयों की बड़ी खेप बरामद की गई है। जिसमें करीब 2349 कोडीन युक्त कफ सीरप और 12145 ट्रामाडोल कैप्सूल सहित आठ नियंत्रित दवाएं बरामद हुई हैं। संचालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबार में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। मेडिकल स्टोरों की नियमित जांच जारी रहेगी और युवाओं को नशे की गिरफ्त में धकेलने वालों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# थाने में महिला सिपाही का फंदे से लटकता मिला शव

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** हुजूरपुर थाने में सोमवार देर शाम एक महिला आरक्षी का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। इस घटना से थाने में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज मौके पर पहुंचे और पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतका की पहचान महराजगंज जनपद निवासी 25 वर्षीय ज्योति पासवान के रूप में हुई है। वह हुजूरपुर थाने में महिला आरक्षी के पद पर तैनात थी। सोमवार शाम करीब पांच बजे वह जिला मुख्यालय से थाने पहुंची और अपने ऊपर बने कमरे में चली गई। लगभग आधे घंटे बाद थाने के कर्मचारियों ने ऊपर जाकर देखा तो उसका शव पंखे से लटका हुआ था। कर्मचारियों



ने तत्काल शव को नीचे उतारा। इलाके के निजी चिकित्सक कुशल कुमार ने थाने पहुंचकर जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर क्षेत्राधिकारी कैसरगंज धीरेंद्र श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे। ज्योति पासवान 2019 बैच की सिपाही थी और करीब डेढ़ साल से हुजूरपुर थाने में तैनात थी।

# जनपद न्यायाधीश, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

**बहराइच समृद्धि न्यूज़**



जनपद न्यायाधीश राजेश कुमार सिंह ने जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव व सीजेएम नीलम सरोज द्वारा जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कारागार में बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन मूल्यांकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान पुरुष बैरक, महिला बैरक, बंदी पाकशाला, क्रीड़ास्थल तथा अस्पताल वार्ड का निरीक्षण शामिल रहा। इस दौरान बंदियों की मूलभूत सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वच्छता व्यवस्था का विशेष रूप से जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि कारागार का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए तथा शातिर एवं संवेदनशील बंदियों पर सतत निगरानी रखी जाए। साथ ही बंदियों की गतिविधियों की समय-समय पर अद्यतन जानकारी उच्चाधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से समस्त सीसीटीवी कैमरों को निरंतर क्रियाशील रखने तथा जेल मैनुअल के अनुरूप सभी व्यवस्थाओं का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए।

## 50वें 'योमे ज़ैनब' मुसालमे में बयां हुआ कर्बला का पैगाम ऐमन रिजवी सम्मानित

**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर स्थित मीर मुबारक हुसैन इमामबाड़ा में 12 मोहर्रम के अवसर पर आयोजित होने वाला पारंपरिक 'योमे ज़ैनब' मुसालमा इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने पर श्रद्धा, अकीदत और अदब के माहौल में भव्य रूप से संपन्न हुआ। स्वर्ण जयंती वर्ष के इस विशेष आयोजन में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए नामचीन शायरों ने अपने मार्मिक कलाम के माध्यम से कर्बला की महान कुर्बानी, हज़रत इमाम हुसैन (अ.स.) की शहादत तथा हज़रत ज़ैनब (स.अ.) के सब्र, साहस और हक़ की आवाज़ को प्रभावशाली अंदाज़ में पेश किया। पूरी महफिल गम, अकीदत और आध्यात्मिक भावनाओं से सराबोर रही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने सहभागिता की।

# कई घंटे बाद मिला युवती का शव, विचपरी पुल से युवक के साथ लगाई थी छलांग

## सात किलोमीटर दूर मिला युवती का शव, पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र स्थित गिरजापुरी बैराज से निकली लिंक नहर के विचपरी पुल पर सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक और युवती ने एक साथ पुल से नहर में छलांग लगा दी। घटना को देख रहे राहगीरों ने तत्काल साहस दिखाते हुए युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जबकि युवती तेज बहाव में लापता हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर तलाश अभियान में जुट गई। मोतीपुर थाना प्रभारी आनंद चौरसिया पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवती की तलाश शुरू कराई। नहर में तेज बहाव तथा आसपास मगरमच्छों की मौजूदगी के कारण राहत एवं बचाव कार्य में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। लगातार कई घंटे तक चले खोज अभियान के बाद मंगलवार को युवती का शव घटनास्थल से लगभग सात किलोमीटर दूर बरामद हुआ।

शव मिलने के बाद पुलिस ने उसे कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी आनंद चौरसिया ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## खबरें एक नजर में

### पहली बारिश में ही मेडिकल कॉलेज प्रांगण बना तालाब



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** बीती रात हुई भारी बारिश के कारण गोंडा के झंझरी विकासखंड स्थित गोंडा मेडिकल कॉलेज परिसर में जलभराव हो गया। क्षेत्रीय निदान केंद्र और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय के बाहर की सड़कें पूरी तरह तालाब में तब्दील हो गई। इससे दूर-दराज से आए मरीजों और उनके तीमारदारों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह समस्या बरसात के मौसम में हर साल सामने आती है, जिससे मरीज और तीमारदार लगातार जूझते हैं। स्थानीय प्रशासन द्वारा अभी तक इस जलभराव की समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा सका है। पिछले साल भी स्वास्थ्य विभाग की एक टीम ने मौके का निरीक्षण किया था और जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए थे। हालांकि, एक साल बीत जाने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है और समस्या का कोई हल नहीं निकला है। इस संबंध में जब एडिशनल सीएमओ डॉ. जय गोविंद से बात की गई, तो उन्होंने स्वीकार किया कि बरसात के मौसम में पानी भर जाता है। उन्होंने बताया कि इस समस्या के समाधान के लिए नगर पालिका से संपर्क किया जाएगा और जल निकासी की व्यवस्था करवाई जाएगी।

### जनपद में महिला सशक्तिकरण की दिशा में एनआरएलएम की अभिनव पहल



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन के मार्गदर्शन में जनपद की महिला सशक्तिकरण एवं आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) द्वारा विकासखण्ड नवाबगंज की ग्राम पंचायत बहादुरा स्थित कम्पोजिट विद्यालय में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का उद्देश्य वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से जनपद की 300 स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को अवधिका चिकनकारी कारीगर के रूप में प्रशिक्षित एवं स्थापित कर उन्हें स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। ग्राम चौपाल के दौरान महिलाओं को अवधिका चिकनकारी परियोजना के अंतर्गत उपलब्ध प्रशिक्षण, उत्पादन, गुणवत्ता, विपणन, बैंकिंग सहायता तथा सरकारी योजनाओं से जुड़ने की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से महिलाओं को पारंपरिक हस्तशिल्प से जोड़कर उन्हें स्थायी रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उनकी आय में वृद्धि होगी और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकेंगी। साथ ही महिलाओं को समूह आधारित उद्यम, वित्तीय प्रबंधन, बचत, ऋण सुविधा तथा स्वरोजगार से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर भी विस्तार से जागरूक किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त स्वरोजगार श्री जे.एन. राव, उपायुक्त उद्योग श्री बाबूराम, लीड बैंक मैनेजर श्री विनोद तिवारी, ग्राम प्रधान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों ने महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित स्वरोजगार एवं उद्यमिता विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिक से अधिक संख्या में प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। अधिकारियों ने बताया कि सरकार का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को कौशल विकास के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है, जिससे वे अपने उत्पादों को स्थानीय, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचा सकें।

**आत्मनिर्भर महिला, समृद्ध गांव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम**

जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन ने अपने संदेश में कहा कि जनपद की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से ग्राम स्तर पर चौपालों के माध्यम से महिलाओं को विभिन्न योजनाओं, कौशल विकास कार्यक्रमों एवं रोजगार के अवसरों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से संचालित यह पहल ग्रामीण महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी तथा उन्हें सम्मानजनक आजीविका उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। ग्राम चौपाल में उपस्थित महिलाओं ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर चिकनकारी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास एवं आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक पहल सिद्ध होगा।

# अखिलेश यादव के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर सपाइयों ने किया पीडीए वृक्षारोपण अभियान

- विभिन्न स्थानों पर पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर जिले में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव की अगुवाई में 'पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम' के तहत पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान सपा लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नन्द यादव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण दिया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी सामाजिक न्याय के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से अखिलेश यादव के जन्मदिवस को सेवा, पर्यावरण और जनकल्याण से जोड़ते हुए पीडीए वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने लोगों से भी अपील की कि वे प्रत्येक वर्ष अधिक से अधिक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी निभाएं। इस अवसर पर आशीष गौरव श्रीवास्तव, विद्याराम यादव,मोबीन खान शिक्षक सभा जिलाध्यक्ष जितेंद्र मौर्य, रविन्द्र मौर्या त्रिपुरेश बाजपेयी,चन्द्रेश प्रताप सिंह अदिति जायसवाल सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्टर की धारदार हथियार से हत्या

## घर से फोन आने पर बाइक से निकले थे, 4 किमी दूर नहर किनारे मिला शव



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** ट्रांसपोर्ट कारोबारी की सोमवार रात धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। वह पत्रकार संजय द्विवेदी के छोटे भाई थे। वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पूरा मामला नानपारा कोतवाली क्षेत्र का है।अजय कुमार द्विवेदी (55) के मोबाइल पर सोमवार रात करीब 8:30 बजे किसी का फोन आया। इसके बाद वह बाइक से घर से निकल गए। करीब एक घंटे बाद कानपुर निवासी अज्जू नामक व्यक्ति ने अजय के बेटे को फोन कर घटना की जानकारी दी।सूचना मिलते ही परिजन सरयू नहर के सिसवारा गांव के पास पहुंचे। वहां अजय कुमार द्विवेदी सड़क किनारे गंभीर रूप से घायल और खून से लथपथ पड़े मिले। उन्हें तत्काल आर.ए.एस. मेडिसिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा ले गए, जहां चिकित्सकों ने भी उनकी मौत की पुष्टि कर दी। घटना की सूचना पर सीओ पहुम सिंह, थाना प्रभारी राजनाथ नाथ सिंह, राजा बाजार चौकी प्रभारी राम गोविंद वर्मा, चौकी प्रभारी कामेश्वर राय सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बीएड की परीक्षा दिलाने आए भाई की करंट से मौत, बहन की हालत गंभीर



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में बी एड की परीक्षा दिलाने आए भाई बहन बिजली के करंट के चपेट में आ गए। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कालेज लाया गया । इलाज के दौरान भाई की मौत हो गई।बहन की हालत गंभीर होने पर उस को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया। इस घटना से शहर में हड़कंप मच गया। बहराइच जनपद के हुजूर पुर थाना क्षेत्र के भगड़वा बाजार निवासी 25 वर्षीय विपुल कुमार सैनी अपने बहन 22 वर्षीय प्राची का बी एड की परीक्षा दिलाने बाइक से मंगलवार की सुबह 7 बजे शहर के लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय में आए थे। महाविद्यालय के मेन गेट के पास लगे जर्जर बिजली के खंभे के पास बाइक रोक कर खड़े हो गए और बहन बाइक से उतरने लगी तभी बिजली के लोहे के खंभे में अचानक करंट उतर आया जिस से भाई और बहन दोनो बिजली के करंट के चपेट में आ गए। बी एड का परीक्षा होने की वजह से और छात्र आए हुए थे । कुछ लोगो ने किसी तरह से दोनो को पहले बिजली के खंभे के पास से लकड़ी के सहारा से अलग किया इस के बाद 108 एंबुलेश से दोनो को इलाज के लिए मेडिकल कालेज भेजवाया गया। विमल कुमार सैनी की थोड़ी देर इलाज चलने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। बहन प्राची की हालत गंभीर होने पर उस को मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया गया।इस घटना की जानकारी मिलते ही मृतक विमल कुमार की मां अन्नपूर्णा देवी बड़ा भाई रवि कुमार उर्फ प्रशांत मेडिकल कालेज पहुंच गए। मेडिकल कालेज के चिकित्सक के दारा विमल की मां अन्नपुर्णा देवी को बताया गया कि उस के बेटे की मौत हो गई। इस पर मां बड़ा भाई जोर जोर से रोने चिल्लाने लगे।मां बेटे के शव को देखने की जिद करने लगी ।मृतक की मां अन्नपुर्णा देवी ने बताया कि उस की बेटी प्राची बी एड की परीक्षा चल रही है। उस की परीक्षा दिलाने उस का छोटा बेटा विमल कुमार कई दिनों से आ रहा है। उस ने बताया कि उस के तीन बच्चे है। सब से बड़ा रवि उर्फ प्रशांत दूसरे नंबर पर विमल तीसरे नंबर पर उस की छोटी बेटी प्राची है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। इस घटना से शहर में हड़कंप मच गया।

**बारिश बनी काल**

सोमवार की मध्य रात्रि से हो रही बारिश विमल के लिए काल बनकर बरसी और उस की जान बिजली के खंभे में उतरे करंट से चली गई। एल बी एस कालेज के मेन गेट के पास साइड में सड़क के किनारे एक बिजली का जर्जर खंभा काफी दिनों से लगा हुआ है। जब भी बारिश होती है तो उस में करंट उतर आता है। इस के चपेट में पहले भी कई मवेशी आ गए हैं जिस से उनकी जान जा चुकी है। सोमवार की मध्य रात्रि से तेज बारिश हो रही थी।

# 9 करोड़ 32 लाख के मादक पदार्थ नष्ट

## जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों से हुई थी बरामदगी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से जब्त किए गए 9 करोड़ 32 लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थों को सोमवार की शाम नष्ट कर दिया गया। इन मादक पदार्थों में स्मैक, गांजा और चरस शामिल थे, जिन्हें तस्करों से बरामद किया गया था। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी ने बताया कि यह कार्रवाई 'ऑपरेशन दहन' के तहत की गई। जनपद के विभिन्न थानों पर अवैध मादक पदार्थों से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए न्यायालय द्वारा जारी आदेशों के अनुपालन में जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी (ष्ठष्ठष्ट) का गठन किया गया था।इस अभियान के तहत पुलिस द्वारा जनपद के थानों में पंजीकृत कुल 62 अभियोगों में बरामद 191.46 किलोग्राम स्मैक, चरस, गांजा और पोस्ता का छिलका नष्ट किया गया। इन मादक पदार्थों की अनुमानित कीमत 9 करोड़ 32 लाख 16 हजार 900 रुपये थी। इन सभी मादक पदार्थों को पड़ोसी जनपद बलरामपुर में स्थित भगवतीगंज चीनी मिल पावर प्लांट के इन्सिनेटर (भस्मक) के माध्यम से नष्ट किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने आम जनता से मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने की अपील की। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि यदि उन्हें मादक पदार्थों की बिक्री के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो वे तत्काल स्थानीय थाने को सूचित करें, ताकि दोषियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

# मनकापुर स्टेशन: 8 लाख की सुरक्षा दीवार पहली बारिश में ढही, भ्रष्टाचार के लगे आरोप



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के मनकापुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे की लापरवाही और भ्रष्टाचार एक बार फिर बेनकाब हो गया है। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर करीब चार माह पहले लगभग आठ लाख रुपये की लागत से बनाई गई रेलवे सुरक्षा दीवार पहली ही बारिश में भरभराकर गिर गई।

**आठ लाख का निर्माण चार महीने भी नहीं चला**

रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा के नाम पर मोटी रकम खर्च कर यह दीवार बनवाई थी। लेकिन घटिया निर्माण की पोल तब खुल गई जब पहली तेज बारिश में ही पूरी दीवार धराशायी हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दीवार गिरने से बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने कार्यदायी संस्था और निर्माण एजेंसी पर घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाया है। क्षेत्र में अब खुलेआम चर्चा है कि निर्माण में कमीशनखोरी हुई और कागजों पर ही गुणवत्ता पूरी दिखाई गई।

**रेलवे ने जांच का दिया आश्वासन**

घटना के बाद रेलवे प्रशासन हरकत में आया है। रेलवे के अधिकारियों ने मामले की जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया है। **सवाल भ्रष्टाचार पर**–स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर जांच ईमानदारी से हुई तो निर्माण में इस्तेमाल सीमेंट, सरिया और मजदूरी के बिलों की परतें खुलेंगी। लोगों की मांग है कि सिर्फ दीवार ही नहीं, बल्कि इसे पास करने वाले अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाए। अब सभी की निगाहें जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं कि आखिर आठ लाख की दीवार चार महीने में कैसे गिर गई।

## जर्जर ट्रांसफार्मर से तीन दिन से अंधेरे में पिपरी कोल्हुई, दो दिन में समाधान न हुआ तो होगा आंदोलन

**उतरौला (बलरामपुर)।** विकास खंड श्रीदत्तगंज के ग्राम पंचायत पिपरी कोल्हुई में सहकारी समिति के समीप स्थापित 250 केवीए क्षमता का विद्युत ट्रांसफार्मर पूरी तरह जर्जर होकर खराब हो जाने से गांव की अधिकांश आबादी पिछले तीन दिनों से अंधेरे में रहने को मजबूर है। भीषण गर्मी और उमस के बीच बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप होने से ग्रामीणों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। समस्या के समाधान के लिए ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी उतरौला के माध्यम से प्रदेश के ऊर्जामंत्री को ज्ञापन भेजते हुए दो दिन के भीतर नया ट्रांसफार्मर लगाए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो ग्रामीण शांतिपूर्ण आंदोलन करने के लिए विवश होंगे।

# ग्राम सचिवालय में आज से बैठेंगे लेखपाल

## योगी सरकार का एक और महत्वपूर्ण कदम, ग्रामीणों को मिलेगी बड़ी राहत

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** योगी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में आम नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं अधिक सुगम और पारदर्शी तरीके से उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अब प्रत्येक जनपद में लेखपालों की ग्राम सचिवालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। इसको लेकर राजस्व परिषद की ओर से सभी जिलाधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। पत्र में रोस्टर तैयार कर 1 जुलाई से नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। राजस्व परिषद की आयुक्त एवं सचिव कंचन वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लगातार प्रदेश में सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवाओं को गांव स्तर तक पहुंचाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में



प्रत्येक जनपद में लेखपालों की ग्राम सचिवालयों में नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायतों में पहले से स्थापित ग्राम सचिवालयों का उद्देश्य विभिन्न विभागों की सेवाओं को ग्रामीणों तक एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना है। पंचायतीराज विभाग के पूर्व आदेशों के अनुरूप ग्राम सचिवालयों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। अब

**ग्रामीणों को तहसील के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता काफी हद तक होगी कम**

इनमें आय प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र, हैसियत प्रमाणपत्र, खतौनी की नकल सहित लगभग दस प्रमुख सेवाएं शामिल हैं। इन सेवाओं के समयबद्ध निस्तारण में लेखपाल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में ग्राम सचिवालय में उनकी नियमित उपलब्धता से ग्रामीणों को तहसील के बार-बार चक्कर लगाने की आवश्यकता काफी हद तक कम होगी।

इसी व्यवस्था को और प्रभावी बनाते हुए लेखपालों की नियमित उपस्थिति भी सुनिश्चित की जाएगी, ताकि राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों का त्वरित निस्तारण हो सके। बता दें कि ग्राम सचिवालयों के माध्यम से पंचायत सहायकों द्वारा संचालित ऑनलाइन सेवाओं में राजस्व विभाग की कई महत्वपूर्ण सेवाएं शामिल हैं।

## अंबेडकर के अस्थि कलश को हटाने का विरोध

### आरपीआई के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में मंगलवार को रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आरपीआई) ने भीमराव अंबेडकर के अस्थि कलश को विस्थापित करने के विरोध में प्रदर्शन किया। हजरतगंज चौराहे से विधानभवन के सामने बाबासाहब डॉ. भीमराव आंबेडकर के अस्थि कलश स्थल तक विरोध मार्च निकालने की कोशिश की। भारी पुलिस फोर्स ने उन्हें ऐसा करने से रोक दिया। पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कहा किसी भी स्थिति में अस्थि कलश विस्थापित नहीं होने देंगे। पूरे 75 जनपदों में हमारे पार्टी के लोग ज्ञापन देखकर इसका विरोध करेंगे। इसके बावजूद भी सरकार इससे छेड़छाड़ करती है तो 9 अगस्त को लखनऊ में महाआंदोलन होगा। पार्टी किसी भी हाल में देश के लोगों की आस्था के साथ खिलवाड़ नहीं होने देगी।

# यूपी में टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे 2025 रिपोर्ट का विमोचन

**▸ प्रारम्भिक कक्षाओं में शिक्षण की गुणवत्ता सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल**

**समृद्धि न्यूज़, लखनऊ।** लैंग्वेज एंड लर्निंग फाउंडेशन (LLF) ने टाटा ट्रस्ट तथा उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में उत्तर प्रदेश टीचिंग एंड लर्निंग प्रैक्टिसेज सर्वे (TLPS) 2025 रिपोर्ट का विमोचन किया। यह रिपोर्ट कक्षा 1 एवं 2 के शिक्षण-अधिगम व्यवहारों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत करती है तथा कक्षा-कक्ष की प्रक्रियाओं, शिक्षक सहायता तंत्र और शिक्षण गुणवत्ता को सुदृढ़ बनाने के लिए साक्ष्य-आधारित सुझाव प्रदान करती है। रिपोर्ट का विमोचन उत्तर प्रदेश सरकार के अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा श्री पार्थसारथी सेन शर्मा, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा सुश्री मोनिका रानी, एससीईआरटी निदेशक श्री गणेश कुमार, समग्र शिक्षा के अधिकारियों, टाटा ट्रस्ट, एलएलएफ, डायट, जिला शिक्षा अधिकारियों तथा शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। यह



आयोजन 'पॉलिसी टू प्रैक्टिस डायलॉगः ट्रांसफॉर्मिंग क्लासरूम प्रैक्टिसेज' के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसमें नीति-निर्माताओं, शिक्षा विशेषज्ञों एवं राष्ट्रपति एवं राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षकों ने कक्षा-कक्ष की गुणवत्ता सुधार पर विचार-विमर्श किया। नवंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच किए गए इस सर्वेक्षण में बहराइच, बरेली, मिर्जापुर और रायबरेली के 200 विद्यालयों एवं 200 कक्षाओं का अध्ययन किया गया। सर्वे में कक्षा-कक्ष अवलोकन, पाठ संचालन, समय उपयोग तथा शिक्षक साक्षात्कार के माध्यम से शिक्षण की छह प्रमुख आयामों—कक्षा वातावरण, पाठ योजना एवं संचालन, भाषा शिक्षण, गणित शिक्षण, समय प्रबंधन तथा शिक्षक दृष्टिकोण—का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में प्रारम्भिक शिक्षा के क्षेत्र में कई सकारात्मक संकेत सामने आए हैं। 97% कक्षाओं में कार्यशील श्यामपट्ट उपलब्ध थे, 97% शिक्षक FLN अधिगम लक्ष्यों से परिचित थे, 94% शिक्षकों को क्लस्टर एवं ब्लॉक संसाधन समन्वयकों से शैक्षणिक सहयोग प्राप्त हुआ, जबकि 78% शिक्षक बच्चों के आकलन का लिखित अभिलेख रखते पाए गए। साथ ही रिपोर्ट ने समावेशी शिक्षण, बेहतर पाठ योजना, प्रभावी प्रतिपुष्टि, बच्चों की सक्रिय भागीदारी, भाषा एवं गणित शिक्षण को अधिक संवादात्मक बनाने तथा शिक्षकों के सतत व्यावसायिक सहयोग को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री पार्थसारथी सेन शर्मा ने कहा - हमें अपनी कक्षाओं में सकारात्मक एवं सुरक्षित वातावरण बनाते हुए बच्चों को नियमित पठन एवं लेखन के अवसर देने होंगे। साथ ही कक्षा-कक्ष में समझ की जाँच के विविध तरीकों को अपनाते हुए हमें नियमित आकलन एवं कैच अप शिक्षण करना होगा। श्री पार्थसारथी सेन शर्मा ने निर्देश दिया कि रिपोर्ट की 10 प्रमुख अनुशंसाओं पर आगामी शिक्षक क्लस्टर बैठकों में अनिवार्य रूप से चर्चा की जाए तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन के लिए विद्यालय स्तर पर कार्ययोजना तैयार की जाए। सुश्री मोनिका रानी ने कक्षा में शिक्षक और बच्चों के मध्य आत्मीय संबंध बढ़ाने की बात की एवं स्कूल को समुदाय से जोड़ने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षक कृष्ण हैं एवं उन्हे अपने विद्यार्थियों को अर्जुन की तरह तैयार करना होगा।









## खबरें एक नजर में

### आम महोत्सव 3 से 5 जुलाई तक लखनऊ में: पाठक

**4 जुलाई को आम क्रेता- विक्रेता सम्मेलन जन भवन लखनऊ में होगा**



**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश आम महोत्सव का आयोजन 3 जुलाई से 5 जुलाई तक सुबह 10 बजे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित किया जाएगा। जिसमें आम उत्पादक कृषक अपने प्रक्षेत्र के विभिन्न प्रजातियों के प्रदर्श प्रत्येक प्रदर्श 1 किया अथवा 5 आम आम महोत्सव में प्रदर्शित कर सकते हैं। जो कृषक स्वयं न जाकर अपने प्रदर्श को प्रदर्शनी में लगाना चाहते हैं। वे 1 जुलाई की दोपहर 3 बजे तक प्रदर्श कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी विकास भवन परिसर में उपलब्ध करा सकते हैं। जानकारी देते हुए जिला उद्यान अधिकारी पुनीत कुमार पाठक ने बताया कि जो बागवान, कृषक उत्पाद संगठन, पौधशाला स्वामी अपना उत्पाद-पौध वहां विक्रय करना चाहते हैं। वह स्टॉल लगाकर विक्रय कर सकते हैं। जनपद के बागवान प्रदर्शनी में 3, 4 व 5 जुलाई को सम्मिलित हो सकते हैं। 4 जुलाई को आम क्रेता- विक्रेता सम्मेलन का आयोजन जन भवन लखनऊ में किया जाएगा। जो भी बागवान, कृषक उत्पादक संगठन उपरोक्त क्रेता विक्रेता सम्मेलन में प्रतिभाग करना चाहते हैं। वे लोग 4.30 बजे जनपद के बरेली मोड़ पर विभाग द्वारा भेजी जाने वाली बस के माध्यम से जा सकते हैं। उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग किये जाने के लिए कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी अथवा मोबाइल नम्बर 9026629133 पर सम्पर्क कर सूचना उपलब्ध करा दें। प्रदर्शनी में बागवानों को आम की विभिन्न प्रजातियों, आम की खेती में हो रहे नवाचार, विपणन, प्रसंस्करण उत्पाद आदि तकनीकी ज्ञान वैज्ञानिकों के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। जिला उद्यान अधिकारी ने अपील की है कि अधिक से अधिक बागवान उक्त प्रदर्शनी में सम्मिलित होकर आम की खेती एवं अन्य तकनीकी ज्ञान अर्जित कर जनपद में बागवानी की खेती को बढ़ावा प्रदान करें। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी अथवा मोबाइल नम्बर 9151066860 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

### तेज बारिश से खुदागंज की विद्युत व्यवस्था चरमराई, घंटों से गुल रही बिजली

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** मंगलवार तड़के लगभग 4:00 बजे हुई तेज बारिश के बाद खुदागंज क्षेत्र की ग्रामीण विद्युत व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई। बारिश के कारण कई ग्रामीण इलाकों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह से ही बिजली गुल रहने के कारण पेयजल आपूर्ति, घरेलू कार्यों और दैनिक दिनचर्या पर भी असर पड़ा। लगातार बिजली न आने से लोगों में विद्युत विभाग के प्रति नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के बाद अक्सर बिजली व्यवस्था ठप हो जाती है और आपूर्ति बहाल होने में काफी समय लग जाता है। समाचार लिखे जाने तक क्षेत्र के कई गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी, जिससे उपभोक्ताओं को उमस और अन्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से शीघ्र बिजली आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की है। इस संबंध में जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चैधरी ने बताया कि सुबह हुई तेज बारिश के कारण 33 केवी विद्युत लाइन में फॉल्ट आ गया था। तकनीकी टीम द्वारा फॉल्ट को दूर करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है और जल्द ही बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

### ऑपरेशन दहन के तहत 424.100 किलोग्राम मादक पदार्थ नष्ट



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत जिला चिकित्साधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के आदेश पर विभिन्न मामलों में बरामद 424.100 किलोग्राम मादक पदार्थों का वैज्ञानिक विधि से निस्तारण कराया। यह कार्रवाई थाना कटरा क्षेत्र स्थित एसपी ग्रीन लाइट एनवायरमेंट वेस्ट मैनेजमेंट एलएलपी में प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में संपन्न हुई। पुलिस के अनुसार जनपद के विभिन्न थानों में दर्ज चार मामलों से बरामद मादक पदार्थों को ऑपरेशन दहन के तहत नष्ट किया गया। नष्ट किए गए मादक पदार्थों में गांजा, डोडा पोस्ता, नशीली गोलियां व कैप्सूल, स्मैक (हेरोइन), अफीम तथा चरस शामिल थे। इनकी कुल मात्रा 424.100 किलोग्राम बताई गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 1.60 करोड़ रुपये आंकी गई है। निस्तारण की पूरी प्रक्रिया न्यायालय के आदेशों और निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी की गई। जिला प्रशासन, पुलिस विभाग तथा प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े अधिकारियों की निगरानी में पर्यावरणीय मानकों का पालन करते हुए मादक पदार्थों को सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों ने आवश्यक अभिलेखीय औपचारिकताएं भी पूरी कीं।

### पैदल गश्त कर पुलिस ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना खुदागंज प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य ने पुलिस बल के साथ कस्बे एवं आसपास के प्रमुख मार्गों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। गश्त के दौरान बाजार, भीड़भाड़ वाले स्थानों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी रही। इस दौरान थाना प्रभारी ने आम नागरिकों, व्यापारियों एवं दुकानदारों से संवाद कर सुरक्षा संबंधी जानकारी ली तथा लोगों से कानून–व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। पैदल गश्त का उद्देश्य क्षेत्र में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखना, अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाना तथा आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों में विश्वास बढ़ा और लोगों ने पुलिस की सक्रियता की सराहना की।

### एसीएमओ ने शहर के अल्ट्रासाउंड केंद्रों का किया सघन निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव ने शहर के विभिन्न अल्ट्रासाउंड केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सत्यानन्द अल्ट्रासाउंड, प्रतीक डायग्नोस्टिक सेंटर कृष्णा हॉस्पिटल, अपोलो अल्ट्रासाउंड सेंटर तथा डॉ. विवेक गुप्ता अल्ट्रासाउंड सेंटर आयुष्मान हॉस्पिटल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सभी केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक मौजूद मिले। सभी अल्ट्रासाउंड मशीनें क्रियाशील अवस्था में पाई गईं तथा मरीजों का विवरण पंजिका में पूर्ण रूप से दर्ज मिला। साथ ही सभी केंद्रों पर भ्रूण के लिंग की जांच कराना दंडनीय अपराध है संबंधी चेतावनी पट्टिकाएं भी प्रदर्शित मिलीं।एसीएमओ डॉ. पी.पी. श्रीवास्तव ने संबंधित संचालकों को निर्देश दिए कि अल्ट्रासाउंड कराने वाले प्रत्येक मरीज का पूरा विवरण पंजिका में दर्ज कर नियमित रूप से अभिलेख अपडेट रखें तथा सभी प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें।

# आज से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**डीएम ने बैठक कर दिए सख्त निर्देश**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में 1 से 31 जुलाई तक संचालित होने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा 11 से 31 जुलाई तक चलने वाले दस्तक अभियान की तैयारियों को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित बिस्मिल सभागार में जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में द्वितीय अंतर्विभागीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।




जिलाधिकारी ने सभी एमओआईसी को स्वास्थ्य केंद्रों पर समय से उपस्थित रहकर मरीजों को बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में विकासखंड भावलखेड़ा और ददरौल के खंड विकास अधिकारियों को साफ-सफाई, झाड़ियों की कटाई, नालियों की सफाई, आबादी के आसपास स्थित तालाबों में एंटी-लार्वा का छिड़काव तथा घर-घर आईआरएस का कार्य प्रभावी ढंग से कराने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि एंटी-लार्वा और आईआरएस का छिड़काव पंचायत सहायक या पंचायत सचिव की निगरानी में कराया जाए तथा कोई भी घर छूटने न पाए। उन्होंने विशेष रूप से भावलखेड़ा के 49 तथा ददरौल के 38 संवेदनशील गांवों में अभियान को प्राथमिकता के साथ संचालित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों से अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध और समन्वित ढंग से निर्वहन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## तमंचा समेत एक आरोपी गिरफ्तार



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार सेंगर के नेतृत्व में सोमवार को पुलिस चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सत्यपाल पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम अलियापुर को ग्राम जल्लापुर से लगभग 200 मीटर पहले शीशम के पेड़ के पास झाड़ियों से समय करीब 11 बजकर 35 मिनट पर गिरफ्तार किया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर एवं 2 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए। बरामदगी के आधार पर धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

## संदिग्ध युवकों पर कार्रवाई की मांग, पीडित मिले एसपी से

**गन्ने के खेत में मिला था युवती का शव**

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिधौली क्षेत्र के गंधरपुर गांव के पास गन्ने के खेत में युवती का शव मिलने के मामले में मृतका के पिता ने एसपी से मिलकर दो संदिग्ध युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी पुत्री 20 जून को बिना किसी को बताए घर से चली गई थी। परिजनों ने रिश्तेदारी समेत कई स्थानों पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। 28 जून को पुलिस से सूचना मिली कि गंधरपुर के पास गन्ने के खेत में एक युवती का शव बरामद हुआ है। मौके पर पहुंचकर उन्होंने शव की पहचान अपनी पुत्री के रूप में की। पिता का आरोप है कि उनकी बेटी चोरी-छिपे मोबाइल फोन पर दो युवकों से बात करती थी। उन्हें आशंका है कि उन्हीं दोनों युवकों तथा उनके साथियों ने गला दबाकर उसकी हत्या कर शव को गन्ने के खेत में फेंक दिया। उन्होंने एसपी से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपितों के विरुद्ध शीघ्र मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस इस मामले में सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## मेला देखने गए युवक की बाइक चोरी

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम कोरोंकुइयां निवासी फुरकान खां पुत्र बलील खां ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते 28 जून को वह मोहर्रम का मेला देखने क्षेत्र के गांव काजीपुर बाइक द्वारा गया था। अपनी स्प्लेंडर बाइक काजीपुर रिश्तेदार के दरवाजे पर खड़ी कर दी, जो रात के समय अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। उसने काफी ढूंढने का प्रयास किया कहीं कोई पता नहीं चल सका।

## गैर जनपद उर्वरक बिक्री करना पड़ा भारी, लाइसेंस निलबिंत




**शाहजहांपुर।** उप कृषि निदेशक पीके मिश्रा द्वारा जानकारी दी गयी कि जमुका में स्थित मैसर्स क ो म ल फर्टिलाइजर्स द्वारा जनपद के बाहर के किसानों को उर्वरक की बिक्री की जा रही है। इसी क्रम में तत्काल जिला कृषि अधिकारी विकास किशोर ने संज्ञान लेते हुए कार्यालय के राहुल कुमार वरिष्ठ प्राविधिक सहायक, ग्रुप-ए को सम्बन्धित प्रतिष्ठान का निरीक्षण करने भेजा। फर्टिलाइजर्स जमुका निरीक्षण में पाया कि उन्होंने कृषक मोसिन अली निवासी ग्राम उचैलिया लखीमपुर खीरी द्वारा 14 बोरी यूरिया के साथ में 2 बोरी गैर अनुदानित जिंक का विक्रय किया है, फर्म का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुये उक्त फर्म की जांच की जा रही है उर्वरक के 2 नमूने भी लिए गये, जिन्हें अधिसूचित प्रयोगशाला से परीक्षण कराकर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

## नगरायुक्त ने सुनी संभव में शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी की अध्यक्षता में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक सिस्टेमैटिक एडमिनस्ट्रेटिव, मैकेनिज्म, ब्रिगिंग, हैपीनेन्स एण्ड वैल्यू (सम्भव) के अन्तर्गत नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के जन-सामान्य द्वारा जन-सुनवाई दिवस में सम्मलित होकर साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, प्रकाश बिन्दु, नाली निर्माण एवं कर विभाग से सम्बन्धित अपनी-अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को रखा गया। जन सुनवाई दिवस में नगर क्षेत्र से प्राप्त जन समस्याओं-शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना गया व जन-समस्याओं का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुये संबन्धित विभागों के



अधिकारियों,कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर जन-सामान्य की संतुष्टि, समदृष्टि को ध्यान में रखते हुये ससमय निस्तारण कराया जायें। जन-सुनवाई दिवस में 9 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनके निस्तारण के लिए त्वरित कार्यवाही किये जाने हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जन सुनवाई दिवस में अपर नगर आयुक्त एसके सिंह, सहायक नगर आयुक्त राजकुमार गुप्ता, महाप्रबंधक जल विजय नारायण मौर्य, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, लेखाधिकारी नरेंद्र प्रताप सिंह व अन्य अधिकारी कर्मचारी, जन-प्रतिनिधि तथा नगर के जन-सामान्य द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया।

## डीसीएम से टकराई एम्बुलेंस, सिपाही की मौत, चालक व डॉक्टर घायल

**कटरा थाने में तैनात था सिपाही, घायलों का मेडिकल कालेज में चल रहा इलाज**

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात करीब ग्यारह बजे एक सड़क हादसे में एंबुलेंस में सवार तीन लोगों में एक कांस्टेबल की मौत हो गई। पशु पालन विभाग की मोबाइल वेटरनी एंबुलेंस अनियंत्रित होकर हाइवे पर आगे चल रही डीसीएम से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक पशु चिकित्सक और एंबुलेंस चालक भी घायल हो गए, जिनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने डीसीएम को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। यह हादसा



राष्ट्रीय राजमार्ग पर सालपुर नवदिया गांव के आस पास रात करीब 11 बजे का बताया जा रहा है। कटरा थाने में तैनात कांस्टेबल विकास सान्याल, हरियाणा के चरखी दादरी निवासी पशु चिकित्सक लक्ष्य सिंह और एंबुलेंस चालक गांव सैंजना निवासी अनिल गंगवार एक ही एंबुलेंस में सवार थे। कटरा थाने में तैनात कांस्टेबल विकास सान्याल की डॉ लक्ष्य सिंह से निकटता थी। बताया जा रहा है कि सोमवार देर शाम तीनों लोग फतेहगंज पूर्वी एक ढाबे पर खाना खाने गए थे। खाना खाकर वापस आते समय राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम सालपुर नवदिया के पास एंबुलेंस अचानक अनियंत्रित हो गई और आगे चल रही डीसीएम से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि एंबुलेंस में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और एम्बुलेंस भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घायलों को एंबुलेंस से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल कांस्टेबल विकास सान्याल को तुरंत बरेली के एक अस्पताल भेजा गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक कांस्टेबल विकास सान्याल मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले थे और 30 जून 2024 को उनकी कटरा थाने में तैनाती हुई थी। घायल पशु चिकित्सक लक्ष्य सिंह और चालक अनिल गंगवार का इलाज चल रहा है। सीओ तिलहर इशिका सिंह ने बताया कि कांस्टेबल के शव का पोस्टमार्टम बरेली में होगा, जिसके बाद उसे शाहजहांपुर लाया जाएगा। पुलिस ने मृतक कांस्टेबल और घायल डॉक्टर के परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है।

## वैवाहिक रस्मों के दौरान घर में लगी आग, सामान खाक

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शादी की तैयारियों के चलते घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिससे तमाम सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। अग्निकांड में कुछ लोगों पर शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी गई है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कल्याणपुर के महिपाल सिंह ने बताया कि 29 जून को उनकी पोती की शादी

**फायर ब्रिगेड ने डेढ़ घंटे में पाया आग पर काबू**

थी। घर के बाहर शादी समारोह की रस्में चल रही थी। देर रात उनके घर के पड़ोस में दूसरे घर में अचानक आग लग गई । जिससे शादी में इस्तेमाल होने वाली खाद्य सामग्री, साइकिल, मिष्ठान काफी संख्या में बल्ली और फंटी जलकर खाक हो गई। आग लगने से गांव में हड़कंप मच गया । लोगों ने घटना की पुलिस को सूचना दी। सूचना पर कोतवाल प्रिंस शर्मा ने फायर ब्रिगेड की टीम एवं पुलिस कर्मियों को मौके पर भेजा। करीब डेढ़ घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। उधर महिपाल सिंह ने गांव के ही कुछ लोगों पर आग लगाने का शक जताते हुए पुलिस को तहरीर दी है । कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## पौधरोपण: शाहजहांपुर-जलालाबाद फोरलेन दिखेगा हरियाली युक्त

**कटे पेड़ों के बाद हरियाली को पुनर्जीवित करने की दिशा में अच्छी पहल**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाहजहांपुर से जलालाबाद परशुरामपुरी को जाने वाले हाईवे को फोरलेन होने से जहां गंगा एक्सप्रेस वे से सीधे शाहजहांपुर के लोग जुड़ेगे और उनका सफर सुगम व सुरक्षित होगा। इसके साथ ही हाईवे को सौन्दर्यीकरण के लिए आबादी क्षेत्र पेड़ पौधे व लाइट के पोल लगने शुरू हो गये है।

बता दें कि कांट क्षेत्र में सड़क चैड़ीकरण के दौरान कटे पेड़ों के बाद हरियाली को पुनर्जीवित करने की दिशा में पीडब्ल्यूडी विभाग ने एक अच्छी मिशाल पेश की है। ददरौल विधायक अरविंद सिंह ने कांट क्षेत्र में सड़क किनारे वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की। सड़क के दोनों ओर पौधे लगाए गए तथा भविष्य में हरित पट्टी विकसित करने की योजना भी साझा की गई। जलालाबाद से बरेली मोड़ तक सड़क चैड़ीकरण कार्य के चलते बड़ी संख्या में पेड़ हटाए जाने से क्षेत्र की हरियाली प्रभावित हुई थी और राहगीरों को छाया का अभाव महसूस होने लगा था।



विधायक अरविंद सिंह ने संबंधित विभाग एवं लोक निर्माण विभाग अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि सड़क किनारे केवल औपचारिक पौधारोपण न किया जाए, बल्कि ऐसे वृक्ष लगाए जाएं जो भविष्य में क्षेत्र को वास्तविक हरियाली और छाया प्रदान कर सकें। इसके बाद सड़क के दोनों ओर वृक्षारोपण की प्रक्रिया प्रारंभ कराई गई। इसी क्रम में पौधरोपण कार्यक्रम में विधायक ने स्वयं पौधारोपण कर अभियान को गति दी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में सड़क किनारे छायादार एवं उपयोगी वृक्षों के साथ सजावटी पौधों का भी रोपण कराया जाएगा तथा उनकी नियमित देखरेख की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे आने वाले वर्षों में क्षेत्र फिर से हराभरा दिखाई दे सके। साथ ही सड़क के दोनों ओर हरित वातावरण तैयार करने के लिए पौधों के बीच फुलवारी विकसित करने की भी योजना है। विधायक ने कहा कि यह शाहजहांपुर जलालाबाद फोरलेन जिले की दिशा व दशा दोनों को बदलने का कार्य करेगा। इससे विकास की गाथा लिखी जाएगी और तरक्की के द्वार खुलेगा। यह फोरलेन ऐसा हाईवे है, जोकि हरियाली युक्त व रोशनीयुक्त किया गया है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि हरजीत चैहान, लोक निर्माण विभाग के अभियंता मोहम्मद मुबीन सहित विभागीय अधिकारी, कार्यकर्ता एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ संपन्न, हवन-पूजन के बाद हुआ भंडारा

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला नयागंज स्थित सब्जी मंडी परिसर में आयोजित श्री रामचरितमानस के 24 घंटे के अखंड पाठ का धार्मिक विधि-विधान के साथ समापन हो गया। पूरे आयोजन के दौरान क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। सब्जी मंडी के स्वामी राजकुमार मिश्रा की देखरेख में अखंड पाठ का शुभारंभ पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया गया। 24 घंटे तक चले संगीतमय श्री रामचरितमानस पाठ और चैपाइयों के मधुर गायन से पूरा परिसर भक्तिरस में डूबा रहा। अखंड पाठ की पूर्णाहुति पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-पूजन संपन्न कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर परिवार एवं समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात भगवान श्रीराम एवं बजरंगबली की भव्य



महाआरती आयोजित की गई। आयोजन के अंत में कन्याओं को श्रद्धापूर्वक भोजन कराया गया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। भंडारे की व्यवस्था एवं सेवा कार्य में पूर्व चेयरमैन सुधीर सिंह, राजकुमार मिश्रा, मनोज कश्यप, सियाराम नायक, कृपाशंकर रस्तोगी आदि का सहयोग प्रदान किया।

## विश्वविद्यालय में कुलपति के प्रयासों से एक और सहायक कुलसचिव की नियुक्ति

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा अनुभाग–1 द्वारा जारी नियुक्ति आदेश के अनुसार उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग प्रयागराज द्वारा चयनित स्तुति श्रीवास्तव को उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय सेवा संवर्ग के अंतर्गत सहायक कुलसचिव पद पर नियुक्त किया गया है। शासनादेश के अनुसार स्तुति श्रीवास्तव को स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय, शाहजहाँपुर में सहायक कुलसचिव के पद पर तैनाती प्रदान की गई है। शासन ने उन्हें अपने वर्तमान विभाग से कार्यमुक्त होकर एक माह के भीतर स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह लगातार विश्वविद्यालय को शैक्षणिक व प्रशासनिक गति प्रदान करने हेतु प्रयासरत हैं। गौरतलब है कि इस नियुक्ति से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक ढांचे को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है, साथ ही इससे विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन में गति आएगी।

## वीआईपी ग्रुप ने पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

होटल मेवाड़ इन कनेंग फार्म हाउस परिसर में वीआईपी ग्रुप द्वारा ग्रुप सदस्य नवनीत सिंह उर्फ बॉबी एवं उनकी धर्मपत्नी पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं जिला पंचायत सदस्य मनोरमा सिंह के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बेलपत्र, आम, पीपल, कटहल सहित विभिन्न छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य का संकल्प लिया गया।

ग्रुप के मुख्य संरक्षक चन्द्रशेखर खन्ना ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण केवल सरकार की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। एक पौधा लगाना आने वाली पीढ़ियों को जीवन देने के समान है। ग्रुप की जिला प्रभारी वर्षा गोस्वामी ने कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी का श्रृंगार ही नहीं, बल्कि



मानव जीवन का आधार हैं। हमें केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनकी देखभाल का भी संकल्प लेना चाहिए। महानगर अध्यक्ष दीपमाला रस्तोगी ने कहा कि ष्पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने की आवश्यकता है।

अंत में नवनीत सिंह उर्फ बॉबी एवं मनोरमा सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भविष्य में भी पर्यावरण संरक्षण के लिए ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर ग्रुप क्रिएटर विचारक अभिनय गुप्ता, मुकेश गुप्ता (रोमी), महानगर महासचिव सतीश सक्सेना, उपाध्यक्ष विनायक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष ज्योति गुप्ता, रुचिता गुप्ता, उज्ज्वल गुप्ता, अवनीश गुप्ता, निर्भय गोस्वामी, अंकुर गोस्वामी, हैप्पी गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# सीएमओ ने किया सीएचसी सिंधौली का निरीक्षण

- चार अनुपस्थित मिले कर्मचारियों से स्पष्टीकरण तलब करते हुए वेतन रोका

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिंधौली का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले, जिनका स्पष्टीकरण तलब करते हुए अगले आदेश तक उनका वेतन/मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के समय चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मो. जफर सैफी समेत अन्य चिकित्सक मौजूद मिले, जबकि स्टाफ नर्स अमित कुमारी, फार्मासिस्ट अमन यादव तथा कर्मचारी संजीव और अश्वनी कुमार अनुपस्थित पाए गए। सीएमओ ने चिकित्सा अधीक्षक को संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में 150 मरीजों का पंजीकरण हो चुका था। सीएमओ ने पंजीकरण काउंटर और ओपीडी में भीड़ न होने तथा मरीजों को लाइन में देखकर उपचार देने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा या जांच न लिखी जाए और सभी सुविधाएं अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जाएं। ओपीडी में 144 मरीजों का उपचार किया गया, जबकि आईपीडी में पांच मरीज भर्ती मिले। पैथोलॉजी में 65 जांचें की गईं और कोई भी पॉजिटिव केस नहीं मिला। अस्पताल की साफ-सफाई, दवाओं के रखरखाव, शौचालयों की नियमित सफाई और ब्लीचिंग पाउडर के उपयोग के निर्देश भी दिए गए। सीएमओ ने जननी सुरक्षा योजना की लाभार्थियों को समय पर भोजन, निर्धारित अवधि तक भर्ती रखने, एम्बुलेंस 102 से घर भेजने तथा समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आयुष्मान भारत योजना के पात्र लाभार्थियों के शत-प्रतिशत गोल्डन कार्ड बनाने और विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों पर लंबित कार्यों का समय से निस्तारण करने के भी निर्देश दिए।



### अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने पल्स पोलियो टीम का किया निरीक्षण



**शाहजहांपुर।** जनपद में संचालित पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पी.पी श्रीवास्तव ने ददरौल ब्लॉक के गांव जमौर का भ्रमण कर हाउस-टू-हाउस पल्स पोलियो गतिविधियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय पोलियो टीम माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करते हुए पाई गई। उन्होंने टीमों द्वारा घर-घर जाकर पाँच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने तथा छूटे हुए बच्चों की पहचान कर उन्हें दवा पिलाने के निर्देश दिये गए। एसीएमओ ने टीम के सदस्यों से कहा कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा पोलियो की खुराक से वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने माइक्रोप्लान के अनुसार प्रत्येक घर तक पहुँच सुनिश्चित करने, प्रवासी परिवारों एवं उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी वीरेंद्र कुमार शर्मा, एआरओ अंशुल शुक्ला, एएनएम अनुपमा, आशा अरुणा देवी, आंगनवाड़ी मधु व सुपरवाइजर आसिफ उपस्थित रहे।

### बाइक फिसलने से दो भाई घायल, एक रेफर

**तिलहर - शाहजहांपुर।** बाइक फिसल जाने से दो सगे भाई घायल हो गए। दोनो को सीएचसी लाया गया। जहां से एक भाई की गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला हिंदू पट्टी निवासी सोनी ने बताया कि उनका बेटा नंदू व शिवम बाइक फिसलने से गिरकर घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी लाया गया। यहां से प्राथमिक उपचार देकर शिवम को घर भेज दिया गया। जबकि नंदू को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### रेप व पॉस्को एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार



**तिलहर-शाहजहांपुर।** नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने रेप व पॉस्को एक्ट के आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बीती 11 जून को गांव घुसवारी निवासी अंकित पुत्र महेश उसकी 15 वर्षीय नाबालिग बेटी को बहला फुसला भगा ले गया था। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मंगलवार दोपहर बंथरा रेलवे स्टेशन के समीप से आरोपी अंकित को गिरफ्तार का लिया। किशोरी को पूर्व में ही बरामद कर वन स्टॉप सेंटर पर रखकर उसका चिकित्सीय परीक्षण व कोर्ट में बयान कराए गए थे। गिरफ्तार करने बाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, नगरिया मोड़ चौकी इंचार्ज सौरभ शुक्ला व रिक्रूट कांस्टेबिल रमन सिंह शामिल रहे।

## बच्चों से स्कूल आने की शिक्षकों ने की अपील



- घर-घर गए शिक्षक, पढाई का बताया महत्व

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मुड़िया मोड़ स्थित एमए पब्लिक स्कूल ग्लोरियस माइनॉरिटी पब्लिक स्कूल के शिक्षकों ने घर-घर जाकर बच्चों से स्कूल पहुंचने की अपील की। ग्लोरियस पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका इरम मंसूरी एम ए पब्लिक स्कूल के प्रधानाध्यापक सर्वेश सिंह चैहान के नेतृत्व में आज स्कूलों के शिक्षकों ने ग्राम इलरा सैंजना ढकिया हमीद नगर और चक कनहू में जाकर बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया एवं अभिभावकों से बात कर बच्चों को सफाई के साथ स्कूल भेजने की अपील की उन्होंने बच्चों के टिफिन पानी की बोतल साथ लेने की भी जरूरत बताई। इस मौके पर रूमाना खान, अनामिका सिंह, गुलफ्शा अंसारी, ऋषभ पाल, बासुदेव सिंह चैहान, नागेंद्र सिंह, पल्लवी राठौर, वालिस्टर सिंह, आदित्य सिंह, जितेंद्र सिंह कुशवाहा साथ में मौजूद रहे।

## लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

शाकुंतलम रिजॉर्ट बाराबंकी में आयोजित लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट अवॉर्ड सेरेमनी में लायंस क्लब शाहजहांपुर सहेली ने अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त कर शाहजहांपुर का गौरव बढ़ाया। समारोह में क्लब की अध्यक्ष लायन महिमा शुक्ला को डिस्ट्रिक्ट बेस्ट प्रेसिडेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। साथ ही लायंस क्लब शाहजहाँपुर सहेली को मल्टिपल बेस्ट क्लब अवॉर्ड तथा मल्टिपल क्विज अवॉर्ड भी प्राप्त हुए। क्लब वरिष्ठ सदस्य पीएमजेएफ लायन मीरा सेठ को बेस्ट सर्विस अवॉर्ड, लायन नमिता सिंह को बेस्ट सपोर्टिंग अवॉर्ड, लायन कुमुद गुप्ता को बेस्ट सेक्रेटरी अवॉर्ड, तथा लायन रचना सिंह को बेस्ट ट्रेजरर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त एसके भटनागर अवॉर्ड के अंतर्गत लायन महिमा शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र के साथ 5,000 का नगद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इन शानदार उपलब्धियों पर क्लब के सभी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान क्लब की पूरी टीम की निष्ठा, समर्पण और निरंतर सेवा कार्यों का परिणाम है। सभी सम्मानित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने का संकल्प लिया गया।




## खबरें एक नजर में

### युवक ने खाई कीट नाशक दवा, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक युवक ने घर पर कीट नाशक दवा खा ली । हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी लाया गया। चूंकि दवा खाये तीन घंटे बीतने के चलते उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। नगर के मोहल्ला खलील कटरा निवासी संदीप कुमार 24 पुत्र छोटे लाल किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता है। मंगलवार अपरान्ह संदीप ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीट नाशक (चूहे मार दवा) खा ली। उसकी तबियत बिगड़ने पर वहां ने बड़े भाई को बाजार से बुलाया। शाम पांच बजे उसे सीएचसी लाया गया । जहां संदीप ने दो बजे दवा खा ने की बात बताई। चूंकि तीन घंटे बीत गए थे। सो डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। संदीप ने यह आत्मघाती कदम क्यों उठाया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### स्कूटी चोरी का आरोपी बाल अपचारी पकड़ा गया

**तिलहर-शाहजहांपुर।** नगर के परसुराम धाम मोहल्ला निजामगंज से एक सप्ताह पूर्व चोरी गई इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी मामले में पुलिस ने बाल अपचारी को स्कूटी समेत पकड़ लिया । जिसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया। बता दें कि आशुतोष पाण्डेय ने 25 जून की सुवह उसकी नीले कलर की इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खैरपुर रोड से नगर के मोहल्ला बहादुरगंज निवासी बाल अपचारी को स्कूटी समेत पकड़ लिया । पकड़ने बाली टीम में कोतवाल प्रिंस शर्मा, एसआई रमेश कुमार वर्मा, हेड कांस्टेबिल संजीव सिंह आदि शामिल रहे।

### जठपुरा में लापता व्यक्ति का शव खेत में मिला, हत्या का आरोप



**पीलीभीत।** थाना न्यूरिया क्षेत्र के जठपुरा गांव में लापता 40 वर्षीय दोदराम का शव रविवार दोपहर गांव के ही एक खेत में संदिग्ध हालत में मिला। मृतक के परिजनों ने इसे हत्या का मामला बताते हुए एक गांव निवासी पर आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार, दोदराम पुत्र लालाराम पिछले तीन दिनों से लापता था। रविवार को उसका शव गांव के एक व्यक्ति के घर के सामने वाले खेत में पड़ा मिला। मृतक का भाई नरेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि दोदराम की हत्या की गई है।आरोपी के साथ था अच्छा संबंध बताया जा रहा है कि दोदराम गांव के उसी व्यक्ति के साथ अक्सर खेतों पर काम करता था। आरोपित व्यक्ति पहले दियुनी गांव का निवासी था, जिसने अपनी जमीन बेचकर जठपुरा में रहने लगा था। दोनों के बीच अच्छी जान-पहचान थी।रविवार को आरोपित स्वयं दोदराम के घर पहुंचा और उसके परिजनों से पूछताछ करने लगा कि वह कहां है। पूछताछ के कुछ ही देर बाद दोदराम का शव उसी आरोपित के घर के सामने वाले खेत में मिला। नरेश कुमार ने बताया कि उनके भाई की पीठ पूरी तरह छिली हुई थी, जिससे लगता है कि उसे जमीन पर घसीटा गया।

## जल्द मघईटोला निर्माणाधीन गोशाला का संचालन होगा शुरू: नगरायुक्त

- नगर निगम की गोशालाओं में क्षमता से अधिक मवेशी, हाल-बेहाल



**शाहजहांपुर।** गोशालाओं की दुर्दशा व वहां पर क्षमता से अधिक गोवंश रखने की मिल रही शिकायतों को लेकर नगरायुक्त सौम्या गुरुरानी ने निगम के अंतर्गत गोशालाओं व नंदीशाला की रिपोर्ट संबधित अधिकारियों से तलब की है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गोशालाओं में व्यवस्थाएं पशुओं के लिए अच्छी रखी जाए, रोजाना हरा चारा व पीने के पानी की व्यवस्था कर फोटो, वीडियो भी उपलब्ध कराएं जाए। इसके साथ नगरायुक्त ने बताया कि ककरा स्थित नंदीशाला में नदियों की संख्या 300 की क्षमता से दोगुनी 600 हो रखी है, इसके लिए व्यवस्था बनाई जा रही है कि दूसरी नंदीशाला बने या वैकल्पिक व्यवस्था हो। साथ ही मघईटोला गोशाला भी 300 से ज्यादा गोवंश रखे हुए हैं। यह समस्या जल्द दूर कराई जाएगी। क्योंकि वहां पर ही एक दूसरी गोशाला निर्माणाधीन है, जिसकी क्षमता 300 गोवंश रखने की है। जल्द बनने से वहां पर गोवंश को रखने की व्यवस्था हो जाएगी। गोवंशीय पशुओं को लेकर किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## शिक्षा से बदल रही बंदियों की जिंदगी, साक्षर बंदियों को मिले प्रमाण-पत्र

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जेल में शिक्षा के माध्यम से बंदियों के पुनर्वास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए देश की प्रतिष्ठित स्वयंसेवी संस्था शिव नादर फाउंडेशन के सहयोग से संचालित शिक्षा प्लस कार्यक्रम के अंतर्गत साक्षर हुए बंदियों को प्रमाण-पत्र एवं नवपंजीकृत बंदियों को अध्ययन सामग्री वितरित की गई। बता दें कि 17 जनवरी से 6 मई तक आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य निरक्षर बंदियों को साक्षर बनाकर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा आत्मनिर्भर जीवन के लिए तैयार करना था। कार्यक्रम के प्रथम बैच में 35 बंदियों ने पंजीकरण कराया था। प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले बंदियों को जेल अधीक्षक जेपी तिवारी ने प्रमाण-पत्र प्रदान किए। द्वितीय बैच में पंजीकृत 30 नवीन बंदियों को पठन-पाठन किट वितरित कर उनकी शिक्षा यात्रा का शुभारंभ कराया गया। जेल अधीक्षक ने कहा कि कारागार केवल दंड का स्थान नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण और सकारात्मक परिवर्तन का केंद्र भी है। शिक्षा वह सशक्त माध्यम है जो व्यक्ति के भीतर आत्मविश्वास आत्मसम्मान और नई सोच का संचार करती है। यदि कोई बंदी शिक्षा के माध्यम से अपने जीवन की नई शुरुआत करना चाहता है तो उससे बड़ा पुनर्वास कोई नहीं हो सकता।




जिला कारागार प्रशासन प्रत्येक इच्छुक बंदी तक शिक्षा पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों का विस्तार किया जाएगा।कार्यक्रम के दौरान बंदियों में शिक्षा के प्रति विशेष उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा देखने को मिली। जिला कारागार प्रशासन ने शिव नादर फाउंडेशन द्वारा संचालित इस अभिनव पहल की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि ऐसे प्रयास बंदियों के पुनर्वास व्यक्तित्व विकास तथा समाज में सम्मानजनक पुनर्स्थापन की दिशा में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होंगे। जेल अधीक्षक जेपी तिवारी, शिवनादर फाउंडेशन से डिप्टी मैनेजर सीतापुर क्षेत्र मनोज शुक्ला, सुभाष चंद यादव प्रभारी कारापाल, बांकेलाल उप-कारापाल, मयंक चतुर्वेदी शिक्षाध्यापक आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ ने जीरो पावर्टी अभियान की समीक्षा की

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सीडीओ उत्कर्ष द्विवेदी की अध्यक्षता में जीरो पावर्टी अभियान के अंतर्गत चयनित निर्धनतम परिवारों के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की बैठक विकास भवन में की गई। जिसमें प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री आवास, राशन कार्ड, उज्जवला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, हरघर नल से जल योजना, बेसिक शिक्षा, शौचालय सहायता योजना, बाल सेवा योजना, विद्युत संयोजन, कौशल सहायता योजना, स्वयं सहायता ग्रुप, पंजीकरण, कन्या सुमंगला योजना एवं श्रम कार्ड आदि योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। सीडीओ द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जीरो पावर्टी के लाभार्थियों के प्रकरणों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराते हुए उसकी सूचना पोर्टल पर तत्काल अधुनान्त कराना सुनिश्चित करें। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला दिव्यांगजन एवं सशक्तीकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, श्रमायुक्त, अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला पंचायती राज अधिकारी, उपनिदेशक, (कृषि), प्रबन्धक, व्यवसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास मिशन, एवं जिलां अर्थ एवं संख्याधिकारी उपस्थित रहें।



## खेत में शौच करने गई 11 वर्षीय बालिका के साथ के साथ परिवार के युवक ने किया दुराचार

**मिर्जापुर, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के एक गांव में रविवार को दिन के सुबह आठ बजे खेत पर शौच करने गई 11 वर्षीय बालिका को उसके ही परिवार के एक युवक ने गन्ने के खेत में खींचकर जान से मारने की धमकी देकर दुराचार किया।

बालिका के पिता का कहना है कि शौच करने गई उसकी पुत्री काफी देर तक जब घर नहीं लौटी,तब उसने अपने पुत्र को उसे देखने के लिए भेजा। गन्ने के खेत में उसने अपनी बहन के रोने की आवाज सुनकर मौके पर जाकर देखा तो उसके परिवार का एक युवक बुरा काम कर रहा था। उसके पुत्र ने जब दुराचार कर रहे युवक का विरोध किया,तब आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ बेटे और बेटी को मारपीट के घायल कर दिया। जाते जाते आरोपी धमकी दे गए कि थाने गए तो जान से मार देंगे। घटना के बाद पीड़ित बालिका अपने पिता व के साथ थाने में शिकायत दर्ज करवाने गई। किंतु पुलिस ने इस जघन्य घटना की तत्काल रिपोर्ट दर्ज करने के बजाय जांच की बात कहकर टाल दिया।अभी तक पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भी नहीं भेजा गया है। उधर थाने के एसएसआई सुनील भारद्वाज ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है। पीड़िता के पिता की ओर से घटना की तहरीर मिली है।

### चतीपुर गांव में बाइक से टक्कर के बाद महिला के साथ मारपीट

**पीलीभीत।** सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चतीपुर गांव में 29 जून 2026 को शाम करीब 7 बजे एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता कीर्ति (पत्नी बलराम) ने आरोप लगाया है कि गांव के गुड्डू पुत्र ओमप्रकाश ने अपनी मोटरसाइकिल से उन्हें टक्कर मार दी। जब उन्होंने विरोध किया तो आरोपी के साथ उसके परिजन भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने सामूहिक रूप से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता कीर्ति ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि टक्कर के बाद गुड्डू के साथ सोम सिंह पुत्र गुड्डू, अभिषेक पुत्र विनोद और ऊषा पत्नी गुड्डू भी आ गए। इन चारों ने मिलकर उनके साथ लाठी-डंडों से मारपीट की, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।घटना के बाद पीड़िता सेहरामऊ उत्तरी थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुड्डू, सोम सिंह, अभिषेक और ऊषा के खिलाफ संबंधित धाराओं (मारपीट, धमकी आदि) में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह ने बताया, मामले में एक महिला सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच चल रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## गड्ढों में शहर की रफ्तार, पहली बारिश में निगम की तैयारियों की खुली पोल

- आईटीएमएस चैराहा, बाडूजई प्रथम समेत कई जगहों पर जलभराव
- बाडूजई प्रथम में पाइपलाइन डालने को खोदी सड़क बनी मुसीबत

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

राज्य स्मार्ट सिटी के नाम से जाने वाले नगर निगम शाहजहांपुर में सीवर, पानी की पाइपलाइन को खोदी जा रही, सड़कों को बनाने की बात तो दूर उनकी ठीक से मरम्मत करने की भी कोई सुध नहीं ली जा रही है। जिस कारण शहर की रफ्तार खुदी सड़कों के गढ्ढों में रेंग रही है। इन गड्ढों में आए दिन लोग गिरकर घायल भी रहे हैं। मंगलवार की सुबह हुई पहली बरसात से निगम के दावों की पोल खोल दी। मुख्य स्थानों में आईटीएमएस चैराहा, रोडवेज बस स्टैंड, बाडूजई प्रथम समेत अन्य जगहों पर खुदी, टूटी सड़को पर बारिश का पानी जमा हो गया। जिस कारण रहगीरों, वाहनों का निकलना दूभर हो गया। हालांकि कही कही तो नगर निगम द्वारा पंपिंग सेट लगाकर पानी निकालने की प्रक्रिया की गई। लेकिन जिन जगहों पर पाइपलाइन को खुदी सड़के पड़ी हुई थी। वहां पर मिट्टी आदि पड़ी होने से गढ्ढे में वाहन धंस गये। जिसके बाद इन वाहनों को निकलवाने के लिए निगम की जेसीबी मशीन तक को बुलाना पड़ा। तब जाकर गड्ढे में फंसी गाड़ियों को निकाला जा सका। यह गढ्ढे लोगों के लिए मुसीबत खड़ी कर रहे हैं और जिम्मेदार लोग सब कुछ जानकर भी अंजान बने हुए हैं। जिस कारण नागरिकों में सिस्टम में बैठे लोगों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।





### बाडूजई प्रथम में खुदी सड़क बड़ी मुसीबत, पार्षद ने किया पत्राचार

वार्ड संख्या 16 बाडूजई प्रथम में जल निगम द्वारा पिछले तीन माह से पाइपलाइन के लिए खोदी गयी, सड़क की मरम्मत न होने से गढ्ढे वहां के वांशिदों के लिए मुसीबत बने हुए हैं। पार्षद जगदीश सिंह कुशवाहा ने अधिशासी अभियंता- सक्षम अधिकारी जल निगम को पत्र भेजकर बताया कि वार्ड नंबर 16 बाडूजई प्रथम में पक्का तालाब से लेकर लाल फाटक तक और लाल फाटक से लेकर फरूक खान के घर तक जल आपूर्ति पाइपलाइन डालने के लिए 3 महीने पहले सड़क को खोदा गया था। लंबे समय के बाद भी न तो कार्य पूरा किया गया है और न ही सड़कों की मरम्मत कराई गई है। वर्तमान में स्थिति गंभीर हो चुकी है। जनता में भारी आक्रोशरू सड़कों पर जगह-जगह गहरे गड्ढे होने के कारण आए दिन राहगीर और स्थानीय लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मानसून की पहली ही बरसात में जलभराव के कारण स्थिति बदतर हो गई है, यहाँ तक कि एक ट्रैक्टर-ट्रॉली भी सड़क धंसने से फंस गई, बार-बार जल निगम के अधिकारियों और ठेकेदारों को अवगत कराने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकाला गया। ऐसा प्रतीत होता है कि ठेकेदारों और अधिकारियों की यह घोर लापरवाही मंत्रियों, महापौर और स्थानीय जन प्रतिनिधियों की साफ-सुथरी छवि को धूमिल करने का एक सोचा-समझा प्रयास है। अधूरे कार्य और इस बदहाली के कारण स्थानीय जनता का धैर्य अब जवाब दे रहा है। जनहित में इस समस्या का तुरंत समाधान होना चहिए।

### सूचना

मैं HARI KUMAR THAPA MAGAR, आर्मी नं.- JC613432L, रैंक-Sub, के सैन्य दस्तावेज में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश ANISHA THAPA व जन्मतिथि 10 अगस्त 2004 गलत अंकित हो गई है, जबकि वास्तविक सही नाम ANISHA THAPA MAGAR एवं सही जन्मतिथि 12 अगस्त 2004 है।

## एआई विकास में मानवीय पहलू को मिले तरजीह

एआई विकास में मानवीय पहलू को मिले तरजीह मानवता के लिए एआई के करिश्माई फायदे सामने आ रहे हैं। यह तकनीक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास में क्रांतिकारी बदलाव लाने में सक्षम है लेकिन इससे प्राइवेसी, रोजगार, असमानता और मानवीय मूल्यों से जुड़े खतरे भी हैं। विशेषज्ञों व नीति नियंताओं का दायित्व है कि एआई के उपयोग में मानवीय गरिमा तथा प्रभावी वैश्विक नियमन को प्राथमिकता मिले। मानवता की सेवा में विज्ञान और नवाचार की असीम संभावनाओं का उपयोग करते हुए, मानव इतिहास के सबसे अहम दौर में, एआई क्रांति एक परिवर्तनकारी क्षण के रूप में दिखाई देती है। प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व चुनौतियों से निबटने में सशक्त बनाने वाली इसकी क्षमता उपलब्धियों पर गर्व करने को जायज ठहराती है, वह उपलब्धि जिससे देवता तक इर्ष्या करें, जो मानवता की संयुक्त आविष्कारक क्षमता का सम्मान है। दोहराव वाले ऊबाऊ कार्यों का स्वचालन कर फुर्सत के लिए समय उपलब्ध कराना, जरूरी सेवाओं तक पहुंच बढ़ाना, चिकित्सा में नई खोजें, दीर्घायु बनाना और बेहतर स्वास्थ्य सेवा यकीनी बनाना, जिसमें कैंसर जांच और घातक बीमारियों का पूर्वानुमान भी शामिल है, रोगियों की रोबोटिक देखभाल, वंचित वर्गों को मदद का अधिक प्रभावी और लक्षित वितरण, सभी के लिए शिक्षा और ज्ञान तथा आपदा प्रबंधन व मौसम पूर्वानुमान सहित अनेक तरीकों से पर्यावरण सततता बनाने में व्यापक योगदान, ये सभी अधिक समावेशी विकास उद्देश्य की दिशा में एआई के कुछ सबसे अहम योगदान हैं। फिर भी, मानव समाज के भविष्य और 'बुद्धिमत्ता की नियति' से जुड़े प्रश्नों पर दार्शनिकों, वैज्ञानिकों, नेताओं और प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों के बीच बहस जारी है। इनमें से कुछ उस एआई के भावी विकास व क्रियान्वयन पर विराम लगाने की अपील करते हैं, जो हमारी मानवता की अवधारणा को ही अपहृत कर सकती हो। वहीं एआई समर्थकों के दावे हैं कि इसकी मदद से वस्तुओं एवं सेवाओं की 'अद्भुत प्रचुरता' बनेगी और चेतावनी देते हैं कि नियमन से वैज्ञानिक प्रगति धीमा करने से उन अहम प्रश्नों का सामना करना पड़ेगा जो मानवीय संवेदनाओं और सहस्राब्दियों तक चली सांस्कृतिक विकास-यात्रा के जरिये हमारे अस्तित्व की गहराइयों में समाहित भावनाओं के आधार पर नैतिक सुरक्षा-सीमाओं की आवश्यकता रेखांकित करते हैं। हम कौन हैं, और क्या हम मानवता के ऐसे नए नैरेटिव के लिए तैयार हैं जिसमें कार्यात्मक दक्षता और वादे मुताबिक भौतिक समृद्धि, मानवीय आकांक्षाओं व भावनाओं की गरिमा पर हावी हो जाए, यह एक अपरिहार्य प्रश्न है, जिसने तकनीकी चमत्कारों के आकर्षण में बहने को रोके रखा है। यह इसलिए अहम है कि एआई तकनीक मानवीय भावनाओं और अंतर्ज्ञान को समझने सहित संज्ञानात्मक कौशलों की नकल कर सकती है, व कई बार बेहतर प्रदर्शन भी कर सकती है। क्या हम अनंत तकनीकी उथल-पुथल और रोजगार बाजार में दीर्घकालिक अस्थिरता से पैदा 'तनाव की वैश्विक महामारी' के लिए तैयार हैं, साथ ही 'बेकार' हुए करोड़ों लोगों की अनुमानित भीड़ के लिए, जिसे तकनीकी परिवर्तन के प्रभावों से तालमेल बैठाने में असहनीय तनाव झेलना पड़ेगा।

# वृक्षारोपण महायज्ञ 2026: 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान, हरित भविष्य की ओर एक सशक्त कदम

रवि यादव

प्रकृति मानव जीवन का आधार है। स्वच्छ वायु, शुद्ध जल, उपजाऊ भूमि और संतुलित जलवायु हमें प्रकृति से ही प्राप्त होती है। वर्तमान समय में बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, ग्लोबल वार्मिंग और वनों की कटाई जैसी चुनौतियों ने पर्यावरण संरक्षण को अत्यंत आवश्यक बना दिया है। ऐसे समय में वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने का माध्यम बन गया है। इसी उद्देश्य को लेकर उत्तर प्रदेश वन एवं वन्यजीव विभाग द्वारा 76वें वन महोत्सव के अवसर पर 'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026 : एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत इस वर्ष 35 करोड़ पौधें 5.25 लाख चिन्हित स्थलों पर रोपित किये जा रहे है। 1900 से अधिक पौधशालाओं में विकसित किये गये कुल 52.44 करोड़ पौधे मौजूद है। यह अभियान केवल वृक्ष लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे जनभागीदारी के माध्यम से एक व्यापक जन आंदोलन का स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है। इस पहल के माध्यम से प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया गया है।




**अभियान का उद्देश्य**

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान का मूल उद्देश्य लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना और उन्हें प्रकृति संरक्षण की दिशा में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना है। माँ जीवन का प्रथम आधार होती है। जिस प्रकार माँ हमें स्नेह, सुरक्षा और जीवन प्रदान करती है, उसी प्रकार वृक्ष भी मानव जीवन को संरक्षण और पोषण प्रदान करते हैं। इस भावनात्मक संदेश के माध्यम से लोगों को अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। अभियान का लक्ष्य केवल पौधे लगाना नहीं, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक संरक्षित करना है। जब प्रत्येक व्यक्ति अपने लगाए गए पौधे को अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी वृक्षारोपण अभियान वास्तविक सफलता प्राप्त कर सकेगा।

**वन महोत्सव और वृक्षारोपण का महत्व**

भारत में वन महोत्सव की शुरुआत लोगों को वृक्षों के महत्व के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से की गई थी। वन महोत्सव के दौरान बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वृक्ष हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, जिससे वायु प्रदूषण कम होता है। इसके अतिरिक्त वृक्ष मिट्टी के कटाव को रोकते हैं, भूजल स्तर को बनाए रखते हैं और जैव विविधता के संरक्षण में सहायक होते हैं। आज विश्व जलवायु परिवर्तन की गंभीर समस्या से जूझ रहा है। बढ़ते तापमान, अनियमित वर्षा, सूखा, बाढ़ और प्राकृतिक आपदाएँ पर्यावरणीय असंतुलन के परिणाम हैं। ऐसे में वृक्षारोपण इन चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी और सरल उपाय माना जाता है।

**प्रदूषण नियंत्रण में वृक्ष के महत्व पर जन जागरूकता**

वृक्ष वायुमण्डल से हानिकारक गैसों को हटाकर, ग्लोबल वार्मिंग को नियंत्रित कर, ग्रीन हाउस के प्रभाव को कम करने के साथ-साथ वायु की गुणवत्ता में सुधार करता है। पर्यावरण शुद्ध करने, धूल व तापमान नियंत्रण व ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण में वृक्ष प्रजातियों पीपल, बरगद, पाकड़, गूलर, नीम, आम, जामुन, महुआ, इमली, अमलतास, अशोक, सहजन आदि सहायक हैं। आज पूरा विश्व इस बात से अवगत है कि किसी स्थान पर वृक्षावरण बढ़ाकर वहाँ की मृदा व भू-जल स्तर में सुधार, आक्सीजन की प्रचुरता द्वारा वायु की शुद्धता आदि से उस स्थान के माईक्रो क्लाइमेट में सुधार हो जाता है।

**आक्सीजन टैंक:-** एक वृक्ष प्रतिवर्ष औसतन 260 पाउण्ड अथवा 82,420 लीटर आक्सीजन का उत्पादन करता है। एक व्यक्ति को प्रतिदिन 550 लीटर आक्सीजन की आवश्यकता रहती है। वृक्षारोपण जन आन्दोलन 2026 में प्रदेश में 35 करोड़ पौधा रोपण से भविष्य में स्थापित होने वाले वृक्ष लगभग 14.36 करोड़ नागरिकों की आक्सीजन आवश्यकता के लिये पर्याप्त है।

**कार्बन सिंक:-** वृक्ष कार्बन डाईआक्साइड को अवशोषित कर पर्यावरण शुद्ध करता है। वनावरण एवं वृक्षावरण कार्बन सिंक का कार्य करते हैं। एक परिपक्व वृक्ष प्रतिवर्ष 13 पाउण्ड कार्बन अवशोषित करता है। वर्षाकाल 2026 में प्रदेश में 35 करोड पौधा रोपण से स्थापित होने वाले वृक्षों द्वारा वर्ष 2030 तक लगभग 18.55 मिलियन टन कार्बन का अवशोषण होगा।

वृक्षों द्वारा प्राप्त जीवनदायनी आक्सीजन के लिये हम सदैव ऋणी रहेंगे। यह आवश्यक है कि प्रदेश का प्रत्येक व्यक्ति पीपल, बरगद, पाकड़, नीम, सहित सभी प्रजातियों के पौधों का रोपण तथा वृक्ष के रूप में स्थापित होने तक उनका संरक्षण कर ऋण मुक्त हों। साथ ही, कार्बन अवशोषण में वृक्षों की भूमिका का जन मानस में प्रचार-प्रसार किया जाय। आज यह आवश्यक है कि मारल एथिक्स के साथ-साथ पर्यावरण नैतिकता की भावना को जागृत कर आक्सीजन टैंक तथा कार्बन सिंक में वृक्षों के महत्व पर सभी को शिक्षित किया जाय।

**हरित सारथी अभियान जन-जागरूकता का अभिनव प्रयास**

'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026' के अंतर्गत डिजिटल जन-जागरूकता कार्यक्रम 'हरित सारथी अभियान' प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और जागरूक नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के मिशन से जोड़ना है। अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के 75 जिलों से 76 हरित सारथियों का चयन किया जाएगा। ये चयनित हरित सारथी 1 जुलाई से 7 जुलाई तक अपने-अपने क्षेत्रों में वृक्षारोपण, जन-जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों का नेतृत्व करेंगे। वे स्थानीय समुदायों, विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों को जोड़कर वृक्षारोपण को जन आंदोलन का स्वरूप देंगे। हरित सारथी केवल वृक्ष लगाने का कार्य नहीं करेंगे, बल्कि लोगों को पर्यावरणीय चुनौतियों और उनके समाधान के प्रति भी जागरूक करेंगे। इस प्रकार वे समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बनेंगे। किसी भी सामाजिक परिवर्तन में युवाओं और विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए अभियान के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लिए ÷स्कूल ऑफ हरित सारथी सम्मान÷ कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षण संस्थानों को वृक्षारोपण और पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। विद्यार्थी पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, जल संरक्षण कार्यक्रम और पर्यावरण जागरूकता रैलियों में भाग लेकर प्रकृति संरक्षण के महत्व को समझेंगे। जब बच्चों और युवाओं में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होगी, तब भविष्य में वे जिम्मेदार नागरिक बनकर प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा कर सकेंगे। डिजिटल युग में सोशल मीडिया जन-जागरूकता का सबसे प्रभावशाली माध्यम बन चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोशल मीडिया क्रिएटर्स और इन्फ्लुएंसर्स के लिए विशेष सहभागिता अभियान शुरू किया गया है।

**पर्यावरण संरक्षण में नागरिकों की भूमिका**

पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार या किसी एक संस्था की जिम्मेदारी नहीं है। यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यदि प्रत्येक व्यक्ति वर्ष में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें, तो देश में हरित क्षेत्र का विस्तार तेजी से हो सकता है। अपने घर, विद्यालय, कार्यालय, खेल और सार्वजनिक स्थानों पर पौधें लगाकर पर्यावरण सरंक्षण में योगदान दे सकते है। इसके साथ ही जल संरक्षण, प्लास्टिक के उपयोग में कमी, ऊर्जा की बचत और स्वच्छता जैसे प्रयास भी पर्यावरण सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। ''वृक्षारोपण महायज्ञ 2026-एक पेड़ माँ के नाम'' केवल एक पर्यावरण अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति और मातृत्व के प्रति सम्मान व्यक्त करने का एक भावनात्मक एवं प्रेरणादायक प्रयास है। यह पहल समाज के प्रत्येक वर्ग को एक साझा उद्देश्य से जोड़ती है।

# राष्ट्रसेवा से मानवसेवा तक: मेजर (डॉ.) रोहित तिवारी का प्रेरणादायी जीवन

## ''वर्दी बदली है, सेवा का संकल्प नहीं।''

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कुछ व्यक्तित्व ऐसे होते हैं जिनका संपूर्ण जीवन कर्तव्य और समर्पण की अनूठी मिसाल बन जाता है। जिन्होंने पहले देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सैन्य वर्दी पहनी और आज उसी अनुशासन, साहस तथा निष्ठा के साथ मानव जीवन की रक्षा को अपना धर्म बना लिया है।

ऐसे ही एक बहुआयामी व्यक्तित्व का नाम है मेजर (डॉ0) रोहित तिवारी-भारतीय सेना के पूर्व अधिकारी, वरिष्ठ शल्य चिकित्सक (Senior Consultant Surgeon) तथा डॉ0 राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, फर्रुखाबाद के सर्जरी विभागाध्यक्ष (HOD) राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस (National Doctor's Day) के अवसर पर उनका जीवन सफर केवल एक चिकित्सक की कहानी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, अनुशासन, करुणा और जनसेवा के अनूठे समन्वय का रेखांकन है।



डॉ. रोहित तिवारी को सम्मानित करते पूर्व जिला अधिकारी आशुतोष द्विवेदी

### सैन्य अनुशासन और दिल्ली की कड़ी ट्रेनिंग से गढ़ा हुनर

मेजर (डॉ0) तिवारी के काम करने के अंदाज में आज भी वही सैन्य अनुशासन, तत्परता और 'शून्य चूक' (Zero Tolerance) की झलक मिलती है, जो उन्होंने भारतीय सेना में एक मेज़र के रूप में आत्मसात की थी। सेना में रहते हुए विपरीत परिस्थितियों में त्वरित निर्णय लेने और 'Mission First' (मिशन सर्वोपरि) की भावना आज अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर (OT) में गंभीर मरीजों की जान बचाने में सबसे बड़ा संबल बनती है। उनके इस सर्जिकल कौशल की व्यावहारिक और मजबूत बुनियाद दिल्ली के प्रतिष्ठित और देश के सबसे व्यस्ततम चिकित्सा संस्थानों में से एकए गुरु तेग बहादुर (GTB) अस्पताल में उनकी कड़ी ट्रेनिंग के दौरान पड़ी। वहाँ उच्च संख्या (High-volume) में किए गए, जटिल ऑपरेशन्स के गहन अनुभव ने उनके हाथों को वो सटीकता और आत्मविश्वास दिया, जो आज गंभीर मामलों को भी सुगम बना देता है।

### जीवनदान देने वाली वो 'असाधारण सर्जरीज' (Extraordinary Surgeries)

डॉ0 तिवारी का सर्जिकल करियर ऐसे कई जटिल और चुनौतीपूर्ण मामलों की सफलताओं से भरा हुआ है, जहाँ त्वरित और सटीक चिकित्सकीय हस्तक्षेप की आवश्यकता थी: पेचीदा और बड़े ट्यूमर्स का सफल निष्कासन (Complex Tumor Resections): उन्होंने कई ऐसे मरीजों के जटिल ऑपरेशन किए हैं, जिनके शरीर के संवेदनशील हिस्सों और प्रमुख रक्त वाहिकाओं के समीप बड़े ट्यूमर विकसित हो चुके थे। सीमित संसाधनों के बावजूद, सटीक एनाटॉमिकल ज्ञान के बल पर उन्होंने इन ट्यूमर्स को सुरक्षित बाहर निकाला। इमरजेंसी ट्रॉमा और गनशॉट इंजरी (Trauma & Firearm Surgeries): सैन्य पृष्ठभूमि के कारण गंभीर चोटों, सड़क हादसों और गनशॉट (गोली लगने) से अत्यधिक नाजुक स्थिति में आए मरीजों को संभालने में उन्हें विशेष महारत हासिल है। डैमेज कंट्रोल सर्जरी (Damage Control Surgery) के जरिए उन्होंने ऐसे कई आपातकालीन मामलों में समयबद्ध निर्णय लेकर जीवन रक्षा की है। जटिल उदर शल्यक्रियाएँ (Advanced Abdominal Surgeries): आंतों में रुकावट (Intestinal Obstruction), पेरिटोनाइटिस (पेट का इन्फेक्शन) और गंभीर गॉलब्लैडर सर्जरीज के क्षेत्र में उनका कार्य उत्कृष्ट माना जाता है। फटी हुई आंतों को री-कंस्ट्रक्ट करने की उनकी तकनीक को युवा चिकित्सक बेहद उत्सुकता से सीखते हैं।

### चिकित्सा से आगे-मानवता और जीव-दया की निरंतर साधना

एक चिकित्सक के रूप में मेजर (डॉ0) तिवारी का योगदान केवल ऑपरेशन थिएटर की दीवारों तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके सामाजिक सरोकार समाज के वंचित वर्ग और मूक पशुओं तक फैले हैं: 7 वर्षों से निरंतर निःशुल्क अन्नपूर्णा रसोई, चिकित्सालय में दूर-दराज से आने वाले निर्धन मरीजों और उनके परिजनों की आर्थिक स्थिति को समझते हुए उन्होंने श्अन्नपूर्णा रसोईश् की शुरुआत की। पिछले 7 वर्षों से यह रसोई पूरी तरह निःशुल्क संचालित हो रही है, जिससे मरीजों के तीमारदारों को प्रतिदिन सम्मानजनक और पौष्टिक भोजन प्राप्त होता है।

गौ-सेवा, घायल पशुओं का उपचार और दुग्ध वितरण, भारतीय संस्कृति में पूजनीय गायों के प्रति अपनी करुणा को प्रकट करते हुए वे एक विशाल गौशाला का संचालन व संरक्षण कर रहे हैं, जिसमें वर्तमान में 180 से अधिक गाएं हैं। यहाँ केवल स्वस्थ गाएं ही नहीं, बल्कि बीमार, घायल और निराश्रित पशुओं का उचित चिकित्सकीय उपचार (Treatment) किया जाता है। इस गौशाला से प्राप्त होने वाले शुद्ध दूध का एक बड़ा हिस्सा समाज के जरूरतमंदों में निःशुल्क वितरित किया जाता है। श्रद्धालुओं के लिए विशेष तीर्थ यात्राः समाज के बुजुर्गों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को तीर्थ दर्शन कराने के उद्देश्य से वे समय-समय पर विशेष वैष्णो देवी यात्रा (ट्रेन द्वारा विशेष प्रबंध) का आयोजन व सहयोग करते हैं।

### प्रशासनिक सुधार, पारदर्शिता और आधिकारिक सम्मान

डॉ0 RML अस्पताल में निःशुल्क सर्जरीशः सर्जरी विभाग के मुखिया के रूप में उन्होंने यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी नीतियों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उनकी देखरेख में गरीब मरीजों के लिए जटिल से, जटिल ऑपरेशन भी सुलभ बनाए गए हैं। इस अनुकरणीय चिकित्सकीय सेवा के लिए उन्हें आर्मी ऑफिसर्स एसोसिएशन सहित जिले के जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा आधिकारिक रूप से सम्मानित व प्रशंसित किया जा चुका है। कठोर प्रशासनिक सुधारः चिकित्सा में लापरवाही और अनुशासनहीनता के खिलाफ उनका कड़ा रुख पूरे प्रशासनिक अमले में जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित करता है, जिससे मरीजों के अधिकारों की सुरक्षा तय होती है।

### आस्था और आधुनिक विज्ञान का अद्भुत समन्वय

आधुनिक चिकित्सा के उच्चतम मानकों का पालन करतें हुए भी डॉ0 तिवारी का जीवन दर्शन गहरा आध्यात्मिक है। वे श्रीरामचरितमानस के गहन अध्येता हैं। उनकी एक विशिष्ट और पावन परंपरा है कि शल्यक्रिया (Operation) के उपरांत स्वास्थ्य लाभ कर रहे मरीजों को वे निःशुल्क श्रीराम चरितमानस की प्रति भेंट करते हैं, ताकि मरीजों को शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक और आध्यात्मिक संबल भी प्राप्त हो सके। जब भी उनसे उनकी इन सफलताओं के बारे में पूछा जाता है, तो वे बेहद सादगी से कहते है-

"ऑपरेशन थिएटर में सर्जन के हाथ केवल माध्यम होते हैं। जीवन देने वाली शक्ति परमात्मा की है। हमारा कर्तव्य केवल ईमानदारी, निष्ठा और पूर्ण समर्पण के साथ अपना दायित्व निभाना है।"

### राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर सादर नमन

मेजर (डॉ.) रोहित तिवारी केवल एक सर्जन नहीं, बल्कि अनुशासन, राष्ट्रभक्ति, करुणा और सेवा का एक दुर्लभ संगम हैं। उनका जीवन इस बात का जीवंत प्रमाण है कि जब चिकित्सा सेवा से जुड़ती है और सेवा करुणा सेए तो वह पूरे समाज के भविष्य को स्वस्थ और सुदृढ़ बनाती है।

राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस पर ऐसे कर्मयोगी चिकित्सक को हार्दिक शुभकामनाएँ।

**डा. आर.एम.एल. अस्पताल, फर्रुखाबाद के सर्जरी विभाग के अध्यक्ष मेजर (डॉ.) रोहित तिवारी**



## राशिफल

**मेष:-** सिमाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा।

**वृषभ:-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे।

**मिथुन:-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा। परिवार में खुशहाल स्थिति रहेगी।

**कर्क:-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतरू इसे सुधारें। रोजगार में व्यस्तता रहेगी किंतु जरूरी कायरे को समय से पूर्ण करें।

**सिंह:-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरे की पूर्ति में विलम्ब कतई न करें।

**कन्या:-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**तुला:-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा।

**वृश्चिक:-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी। जीवन साथी से मधुरता कायम रखें।

**धनु:-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकर:-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा। घर में किसी मेहमान के आगमन से व्यय संभव।

**कुंभ:-** महत्वपूर्ण कायरें की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फ्लीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीन:-** नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

# भारत और खाड़ी संकट का आर्थिक प्रभाव: सब कुछ स्थिर और सामान्य रहा

वी. अनंत नागेश्वरन

जब फरवरी के अंत में हवाई हमलों के कारण हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य बंद हो गया – ऐसा समुद्री मार्ग जिससे होकर दुनिया के कच्चे तेल का करीब एक-पांचवां हिस्सा और भारत के कच्चे तेल और खाना पकाने के गैस का अधिकांश हिस्सा गुजरता है – तो भारत के लिए कहानी पहले ही लिखी हुई लग रही थी। एक ऐसा देश, जो अपने कच्चे तेल का दस में से नौ हिस्सा और आधे से ज्यादा खाना पकाने के गैस का खाड़ी से आयात करता है, उसके लिए आम तौर पर यही उम्मीद की जा रही थी कि पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें लगेंगी, रसोई में गैस खत्म हो जाएगी, रुपये की कीमत गिरेगी और डॉलर के लिए होड़ मचेगी। लगभग चार महीने बाद, जब जलडमरूमध्य फिर से खुल गया और कच्चे तेल की आपूर्ति अपने संकट-पूर्व स्तर के करीब पहुँच गयी, तो इनमें से कुछ भी नहीं हुआ। एक भी रिटेल आउटलेट बंद नहीं हुआ। जिस भी परिवार को सिलेंडर चाहिए था, उसे सिलेंडर मिल गया। भारत को न तो 1991 जैसे और न ही 2013 जैसे हालात का सामना करना पड़ा। व्यापक आर्थिक स्थिरता बनी रही। यह कोई संयोग नहीं था और न ही यह सिर्फ़ किस्मत की बात थी। यह एक ऐसे सरकार का काम था, जिसने वही तरीका अपनाया, जो उसने महामारी के समय अपनाया था– जानबूझकर और धीरे-धीरे कदम उठाना, एक ही बार में कोई बड़ा या नाटकीय बदलाव करने के बजाय एक उपाय के ऊपर दूसरे उपाय को जोड़ना। पहली प्राथमिकता घर-परिवार थे। इस पूरी अवधि के दौरान, एक भी रिटेल आउटलेट का स्टॉक खत्म नहीं हुआ और हर रसोईघर में सिलेंडर मौजूद रहा। आयात से जुड़ी लागत के कारण 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर की कीमत 1,600 रुपये से ऊपर चली गई थी, फिर भी घरों के लिए इसकी कीमत 900 रुपये के आसपास ही रखी गई और सबसे गरीब लोगों के लिए तो यह कीमत और भी कम थी। महामारी के शुरुआती महीनों की यादें एक सबक थीं, जब प्रवासी मजदूरों में मची घबराहट के कारण गांवों की ओर लौटने वालों की लहर चल पड़ी थी। वाणिज्यिक और थोक उपयोगकर्ताओं को घरों की जरूरत को प्राथमिकता देने के लिए कहा गया। पूरी अर्थव्यवस्था को चलाने वाले ईंधन के मामले में, सरकार ने इसका बोझ खुद उठाने का फ़ैसला किया, न कि इसे आम लोगों पर डाला। सरकार ने पेट्रोल और डीज़ल पर उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की, जिससे उसे लगभग 1.7 लाख करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ, इसके अलावा विमानन ईंधन पर भी बोझ कम किया गया। इसके बाद तेल विपणन कंपनियों ने दो महीने से ज़्यादा समय तक पंप पर कीमतें स्थिर रखीं और फिर एक बार मामूली बदलाव किया। इसके पीछे की वजह साफ़ है: ऐसी अनिश्चितता के समय में, सिर्फ़ सरकार के पास ही जोखिम उठाने के लिए ज़रूरी बैलेंस शीट और समय होता है, और इसने परिवारों और कंपनियों पर असर डालने के बजाय राजकोषीय खाते पर बोझ डालने का विकल्प चुना। एयरलाइंस के लिए खास समर्थन तथा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए ऋण-गारंटी योजना, कोविड के दौर में अपनाए गए खास और असरदार उपायों के मॉडल पर ही आधारित थीं। कीमत में राहत के पीछे आपूर्ति की मजबूत स्थिति थी। घरेलू रिफाइनरियों ने एक हफ्ते में ही रसोई गैस का उत्पादन आधा बढ़ा दिया, जिससे आयात से आने वाली गैस की कमी काफी हद तक पूरी हो गई। भारत ने जल्दी ही अपने स्रोतों का विस्तार किया, अमेरिका और रूस से खरीद बढ़ायी और नए आपूर्तिकर्ता देश जोड़े, ताकि जलडमरूमध्य से होकर कम ऊर्जा आये, साथ ही रूसी कच्चा तेल खरीदना जारी रखने के लिए ज़रूरी छूट भी हासिल कर ली। सरकार ने लंबी अवधि के लिए भी कदम उठाए, घरों को सिलेंडर के बदले पाइप से गैस पहुँचाना, कोयले गैसीकरण कार्यक्रम, ईथेनॉल मिश्रण को और बढ़ावा देना तथा प्रधानमंत्री की संयुक्त अरब अमीरात यात्रा के दौरान रणनीतिक तौर पर कच्चा तेल भंडारण पर सहमति। भारत उन कुछ देशों में से एक था, जिसने होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने वाले जहाजों की संख्या बहुत कम हो जाने के बावजूद अपना कार्गो लाना जारी रखा। बाहरी खातों को भी उतने ही धैर्य के साथ संभाला गया। सरकार ने सरकारी कर्ज़ की विदेशी संस्थागत खरीद पर लगी रोक और पूंजीगत लाभ टैक्स हटा दिए और पूर्ण पहुँच रूट के तहत प्रतिभूतियों का दायरा बढ़ाया, जिससे बॉन्ड मार्केट में पैसा आया। एक नई गैर-निवासी डॉलर जमा योजना से काफी बड़ी राशि में डॉलर आने की उम्मीद है। सालों में किए गए मुक्त व्यापार समझौते धीरे-धीरे अपने काम कर रहे थे: अप्रैल और मई 2026 के दौरान गैर-तेल, गैर-रत्न-आभूषण के अलावा वस्तु और सेवाओं का निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। प्रमुख आंकड़े भरोसा दिलाते हैं। पिछले वित्त वर्ष में सकल विदेशी प्रत्यक्ष निवेश पैंतालीस अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो महामारी के बाद के वर्षों के सत्तर से अस्सी अरब डॉलर की सीमा को पार कर गया। चालू खाता घाटा वित्त वर्ष 26 में जीडीपी का केवल 0.6 प्रतिशत था और अब उम्मीद है कि वित्त वर्ष 27 में यह इससे थोड़ा ही ज़्यादा होगा। ईमानदारी से यह भी मानना होगा कि किस्मत ने भी साथ दिया। बंद होने के कुछ ही हफ्तों में कच्चा तेल एक सौ बीस डॉलर के पार पहुंच गया, लेकिन मई से चीन की तेल खरीद में कमी और अमेरिका के रिजर्व से लगातार तेल जारी होने से यह फिर से सौ डॉलर से नीचे आ गया, और चीन के उर्वरक निर्यात को फिर से शुरू करने से बजट को होने वाले भारी नुकसान से बचाया जा सका। अगर संघर्ष लंबे चले होते, या तेल एक सौ बीस डॉलर के करीब स्थिर रहता, तो स्थिति इतनी आरामदायक नहीं होती, ठोस नीति और अच्छी किस्मत दोनों ने अपना काम किया।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### वृद्धा आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन



**फतेहपुर।** मवैया स्थित वृद्धा आश्रम में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम वृद्ध जनों ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। यह भंडारा समाजसेवी अमित मिश्रा उर्फनीटू की माता स्वर्गीय आशा मिश्रा की पांचवी पुण्य तिथि के अवसर पर किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री के साथ अमित मिश्रा उर्फनीटू अपने हाथों से वृद्ध जनो को भोजन परोसा। वही वरिष्ठ भाजपा नेता विभाकर शास्त्री ने तमाम वृद्धजनों से मन की बात किया और उनका हाल जाना। इस दौरान अमित मिश्रा उर्फनीटू की माता की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए गए। इस दौरान धनंजय द्विवेदी, आदित्य श्रीवास्तव, मनोज श्रीवास्तव, तनि मिश्रा, आशा मिश्रा, बब्लू मिश्रा आदि ने भी अपने हाथों से भोजन परोस के भोजन करवाया। इस अवसर डॉक्टर सत्यनारायण मिश्रा, रवनीत मिश्रा, आशा मिश्रा, नीलम मिश्रा आनंद प्रकाश मिश्रा, हनु त्रिपाठी, बब्लू मिश्रा आदि लोग उपस्थित रहे।

### अपनी मांगों को लेकर कोटेदारों ने दिया ज्ञापन



**फतेहपुर।** ऑल इंडियन फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष निर्मोही उमेश त्रिवेदी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें इन लोगों ने कहा की उत्तर प्रदेश के कोटेदार शासन के आदेशानुसार राशन वितरण करते चले आ रहे हैं। लेकिन उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का लाभांश 90 रुपए प्रति कुंतल ही मिलता है। जबकि अन्य प्रदेशों में जैसे हरियाणा में 200, दिल्ली में 200, गोवा में 230 प्रति कुंतल व गुजरात में 20000 मिनिमम इनकम गारंटी दिया जा रहा है। इन लोगों ने उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का लाभांश भी अन्य प्रदेशों की भांति बढ़ाने की मांग की गई। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में विजय प्रताप सिंह, अनुराग द्विवेदी, श्याम सिंह, मनोज कुमार, मानवेंद्र सिंह, हरि मिलन सिंह, जगरूप सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### अपर पुलिस अधीक्षक ने सेवानिवृत पुलिस कर्मियों को भावुक विदाई



**महोबा।** उप्र पुलिस में अपनी अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की यादगार विदाई हेतु पुलिस शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा पुलिस लाइन स्थित सभाकक्ष में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा उप्र पुलिस सेवा से अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों को उनके परिवारीजनों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह, शॉल, उपहार एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही पुलिस सेवा के दौरान उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों को स्मरण करते हुए उनके उज्वल भविष्य, सुखमय जीवन एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हुए भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों में उ.नि. श्याम बहादुर सिंह उ.नि. श्याम बाबू उ.नि. रमाशंकर शुक्ल, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी (माली) राम कुमार सैनी उक्त विदाई समारोह के अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर रविकान्त गोंड, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार, जनपदीय पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के परिवारीजन उपस्थित रहे। सभी के द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को ससम्मान विदाई दी गई।

### जिलाधिकारी ने उचित दर दुकानों की नियुक्ति में लापरवाही पर डीएसओ को लगायी फटकार

**उरई (जालौन)।** जनपद में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत रिक्त उचित दर दुकानों की नियुक्ति की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने समयसीमा के भीतर कार्रवाई पूरी न होने पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने जिला पूर्ति अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शासन के स्पष्ट आदेशों के बावजूद नियुक्ति प्रक्रिया लंबित रहना गंभीर लापरवाही है, जिसे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्ष 2025 में भी रिक्त उचित दर दुकानों पर 15 दिन के भीतर नियुक्ति की कार्रवाई पूरी कराने के निर्देश दिए गए थे, लेकिन समीक्षा में पाया गया कि कई ग्राम पंचायतों में आज तक नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र लाभार्थियों को खाद्यान्न वितरण व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका बनी रहती है। समीक्षा के दौरान कालपी, उरई, जालौन तथा माधौगढ़ तहसीलों के अंतर्गत मसगायां, चक जगदेवपुर, मगरायां, भुआ, जगनेवा, रोमई मुस्किल, चितौरा तथा बिलौहा ग्राम पंचायतों में उचित दर दुकानें लंबे समय से रिक्त पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी, सभी उप जिलाधिकारियों तथा संबंधित खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासनादेश के अनुरूप आरक्षण व्यवस्था का पालन करते हुए एक सप्ताह के भीतर सभी रिक्त उचित दर दुकानों पर नियुक्ति प्रक्रिया पूर्ण कराकर अनुपालन आख्या उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि निर्धारित अवधि में कार्रवाई पूर्ण नहीं हुई तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय करते हुए नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### गायर के ग्रामीणों ने अपात्रों को पीएम आवास योजना का लाभ देने का लगाया आरोप

**एसडीएम को शिकायती पत्र सौंप चयनित लोगों की जांच कराने की मांग**



**जालौन (उरई)।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर जांच कराने मांग की है। ग्रामीणों ने हटाये जाने वाले नामों के स्थान पर पात्र लोगों के नाम सम्मलित कराए जाने की भी मांग की। विकास खंड के ग्राम गायर के ग्रामीणों ने एसडीएम रिंकू सिंह राही को शिकायती पत्र देकर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में बड़े पैमाने पर धांधली का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आवास सूची में केवल दो या तीन लोग ही पात्र हैं, जबकि बाकी अपात्र लोगों ने ग्राम प्रधान व सचिव को सुविधा शुल्क देकर फर्जी तरीके से अपना नाम सूची में दर्ज करवा लिया है। ग्रामीण विशाल, संतोष, राजकुमारी, मलखान, शीला देवी, रमेश, साहब सिंह, आमिर मंसूरी आदि ने बताया कि जिन लोगों के नाम सूची में हैं उनके पास पहले से पक्का मकान, ट्रैक्टर जैसी सुविधाएं हैं। वहीं वास्तविक गरीब और मजदूर परिवार जो पात्र हैं, उन्हें रुपये देने में असमर्थ होने के कारण अपात्र कर दिया गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की है कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पूरी सूची की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अपात्र लोगों के नाम हटाकर वास्तविक गरीब व मजदूर पात्रों को सूची में शामिल किया जाए।

# परीक्षा नकलविहीन पारदर्शिता के साथ सम्पन्न करायें: डीएम

- परीक्षा 2, 3 एवं 4 जुलाई को 7 केंद्रों में आयोजित होगी
- परीक्षा के पूर्व सभी सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने-अपने केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं देख लें



**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज।**

उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026(यूपी टेट) की तैयारी के संबंध में बैठक जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में महात्मा गांधी कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को सकुशल शुचितापूर्ण ढंग से नकलविहीन पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराई जाय। जिलाधिकारी ने परीक्षा से संबंधित अधिकारी/कर्मचारी को निर्देशित किया कि आयोग द्वारा दिए गए निर्देशो का भलीभांति अध्ययन करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन संवेदनशीलता के साथ करते हुए आयोग द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा सम्पन्न कराए, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही व शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने कहा कि सेक्टर/स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपनेदृअपने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाए जैसेदृशुद्ध पेय जल, फर्नीचर, प्रकाश व्यवस्था, पंखा व सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता आदि को देख ले । उन्होंने संबंधित कार्यदाई संस्था को निर्देशित किया कि जिन परीक्षा केन्द्रों में अभी तक सीसीटीवी कैमरे क्रियाशीलता की जांच कर ले व अन्य सभी व्यवस्थाये जो शेष रह गई है, को जल्द से जल्द पूर्ण करा ले। उन्होंने कहा कि आयोग की गाइडलाइन के अनुसार कक्ष निरीक्षक व संबंधितो का प्रशिक्षण ससमय करा ले साथ ही सभी व्यवस्थाये दूरुस्थ रखे। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापको से कहा कि सभी व्यवस्थाये दी गई गाइडलाइन के अनुसार ही कराए । परीक्षा केंद्रों में दी गाइडलाइन के अनुसार अभ्यर्थियों का प्रवेश कराया जाए एवं सघन तलाशी भी कराई। महिला अभ्यर्थियों की तलाशी महिला कर्मचारी से ही कराई जाय। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग प्रयागराज द्वारा आयोजित उप्र शिक्षक पात्रता परीक्षा-2026 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए दिए गए निर्देशो का विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा 2 और 3 जुलाई को दो पालियों में एवं 4 जुलाई 2026 को एक पाली(प्रथम) में 7 केन्द्रों में प्रथम पाली प्रातः 09.30 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली 02.30 बजे से 05 बजे तक होगी। परीक्षार्थियों का प्रवेश प्रथम पाली में 07.15 से 08.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में 12.15 से 01.45 तक रहेगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी सदर, खागा, बिन्दकी, अपर उपजिलाधिकारी, वरिष्ठ कोषाधिकारी, केंद्र व्यवस्थापक, केंद्र प्रभारी, आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक, परीक्षा से सम्बन्धित कार्यदाई संस्थाओ के पदाधिकारी, अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## टीईटी शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु डीएम-एसपी ने की बैठक

- परीक्षा के पूर्व सभी व्यवस्थाऐं पूर्ण करने के दिए निर्देश, संदिग्ध गतिविधियों पर रहेगी कडी नजर



**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक सिंह की अध्यक्षता में आगामी शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में सोमबार को संबंधित अधिकारियों एवं परीक्षा केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जनपद में 4 परीक्षा केंद्रों पीएम श्री राजकीय बालिका इण्टर कालेज, वीर भूमि राजकीय स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय ब्लॉक ए, राजकीय मुकुंदलाल तिवारी इंटर कॉलेज, डीएवी इंटर कॉलेज, में दिनांक 2, 3 एवं 4 जुलाई 2026 को 5 पालियों में कुल 9000 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।प्रथम पाली की परीक्षा का समय सुबह 09:30 से 11:30 तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा का समय दोपहर 02:30 से 04:30 तक रहेगा।

बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए शासन की ओर से जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी, विद्युत एवं पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। परीक्षा केंद्रों पर समय से पहले सभी व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली जाएं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी। प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी तथा संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। परीक्षा को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में परीक्षा केंद्रों तक प्रश्नपत्रों के सुरक्षित परिवहन, अभ्यर्थियों की सुगम प्रवेश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जाए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व कुंवर पंकज, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक, संबंधित विभागों के अधिकारी तथा परीक्षा केंद्रों के केंद्र व्यवस्थापक उपस्थित रहे।

## डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल को मिली मान्यता



**फतेहपुर।** शहर के आईटीआई रोड स्थित डॉक्टर वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल की आधिकारिक मान्यता मिलने के बाद विद्यालय के संरक्षक पूर्व विधायक करण सिंह पटेल, डायरेक्टर संजीव कुमार पटेल एवं प्रधानाचार्या सीमा बाजपेई मीडिया से रूबरू हुई। इस दौरान इन लोगों ने बताया कि डॉक्टर वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल फतेहपुर का पहला बुकलेस कॉन्सेप्ट आधारित विद्यालय है, जहां समस्त स्टडी मैटेरियल विद्यार्थियों को विद्यालय से ही प्रतिवर्ष उपलब्ध कराई जा रही है। इसके लिए अभिभावकों से भी किसी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाता है। विद्यालय के संरक्षक पूर्व विधायक करण सिंह पटेल ने कहा कि जनपद की शिक्षा के क्षेत्र में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तो डायरेक्टर संजीव कुमार पटेल एवं प्रधानाचार्या सीमा वाजपेई ने कहा कि विद्यालय आधुनिक गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कार युक्त शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर कोऑर्डिनेटर आरती मोहन द्विवेदी, मिस मानसी सिंह सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## थाना खरेला पुलिस टीम ने पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल द्वारा गठित उ.नि. राकेश कुमार शर्मा मय हमराह हे.कां. योगेन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मुअंस-94/25 धारा 137(2)/64(1) बीएनएस व 3/4 पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित 1 नफर अभियुक्त कपिल पुत्र शिवसहाय अहिरवार उम्र 24 वर्ष निवासी ग्राम मगरौठ थाना चिकासी जनपद हमीरपुर को कस्बा खरेला के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

## ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करें कार्यदायी संस्था: डीएम

- जिलाधिकारी ने जलजीवन मिशन के अन्तर्गत बैठक में दिए सख्त निर्देश, कहा अन्यथा कार्यदायी संस्था के खिलाफ होगी कार्रवाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कक्ष में जनपद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों के सम्बंध में बैठक आहूत की गयी। जिसमें जिलाधिकारी द्वारा शिवहर ग्राम समूह पेयजल योजना, धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना, लहचूरा-काशीपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना, सलइया नथुपुरा ग्राम समूह पेयजल योजना एवं कबरई ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों एवं ग्रामों में की जा रही नियमित जलापूर्ति की समीक्षा की गयी। समीक्षा में धवर्रा-सिजवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़े निर्देश दिये कि शीघ्र ही आवश्यक मैन पॉवर एवं मशीनरी लगाकर योजना के सभी अवशेष रोड रेस्टोरेशन (पैंच वर्क) पूर्ण कर योजना के सभी ग्रामों में नियमित पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में कार्यदायी संस्था के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। साथ ही सभी कार्यदायी संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजरों को आदेशित किया कि ग्रीष्म ऋतु में ग्रामीण क्षेत्रों में उत्पन्न हो रही पेयजल समस्या का तत्काल निराकरण कराते हुये नियमित पेयजलापूर्ति करायें। जिससे ग्रामीणों को पेयजल की समस्या उत्पन्न न हो एवं ग्रामीणों को पेयजल योजना का लाभ मिल सके। साथ ही जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त लम्बित शिकायतों व असंतुष्ट फीडबैक के सम्बन्ध में सभी कार्यदायी 2026 की संस्थाओं पर रोष व्यक्त करते हुये गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु कड़े निर्देश दिये गये। बैठक में अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण)/ (नगरीय) महोबा/हमीरपुर, टी.पी.आई. सेन्सिस एवं सम्बंधित फर्मो के प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहे।

## आपत्तिजनक टिप्पणी एवं धार्मिक भावनाएं भड़काने वाले व्यक्ति के विरुद्ध हो कार्रवाई

**माधौगढ़ (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



कस्बा माधौगढ़ के सुन्नी जामा मस्जिद के अध्यक्ष असलम खान ने दर्जनों मुस्लिम समुदाय के लोगों के साथ एक ज्ञापन उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य और प्रभारी निरीक्षक अभिलाष मिश्रा को देते हुए बताया कि मैं असलम खां अध्यक्ष सुन्नी जामा मस्जिद माधौगढ़ थाना माधौगढ़ इस पत्र के माध्यम से आपका ध्यान एक गंभीर अपराध की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ। एसडीएम को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि 20 जून को सोशल मीडिया यूजर द्वारा एक अत्यंत आपत्तिजनक, अशोभनीय एवं भड़काऊ टिप्पणी की गई है, जिसमें हजरत मोहम्मद साहब और हजरत ए आयशा के बारे में अपमानजनक एवं झूठे शब्दों का प्रयोग किया गया है। इस पोस्ट से न केवल सम्पूर्ण मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं, बल्कि समाज में वैमनस्यता फैलाने और कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने का भी प्रयास किया गया है। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मांग की है कि तत्काल प्रभाव से उक्त व्यक्ति के विरुद्ध एफआई.आर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार के कृत्य करने का कोई साहस न कर सके। उपजिलाधिकारी विनय कुमार मौर्य ने उक्त प्रकरण का संज्ञान लेते हुए तुरंत जांच करवाने का आश्वासन दिया इस मौके पर रिजवान खान सोहिल सीटू इकबाल ताहिर शादाब रिहान खांन समेत अन्य लोगों की मौजूदगी रही है।

## कांजी हाउस के सामने निकली एचटी लाइन से पेड़ टकराने से आ रहा करंट

**जालौन (उरई)।** कांजी हाउस के सामने से निकली हाईटेंशन लाइन पेड़ की टहनियों के बीच से निकली है। बारिश होने और टहनियों के हवा में लहराने से पेड़ में करंट आ रहा है जिससे आसपास के दुकानदारों को करंट लगने को खतरा बना रहता है।

तहसील मार्ग पर स्थित कांजी के सामने जिला पंचायत की जमीन पर पेड़ खड़ा है। पेड़ के पास से ही हाईटेंशन लाइन निकली है। बरसात में पेड़ की टहनियां बड़ी हो गई है। टहनियों के बढने के कारण हाई टेंशन लाइन टहनियों के बीच में आ गई है। टहनियों के बीच से निकली हाई टेंशन लाइन पेड़ की टहनियों से टकरा रही है। बरसात के मौसम में पेड़ गीला होना होने के हाई टेंशन लाइन से करंट आने लगता है। इसके साथ ही लाइन में चिंगारी आने लगती है। पेड़ में करंट आने व चिंगारी से आसपास के दुकानदारों को करंट लगने का डर बना रहता है। बरसात में करंट के डर से पेड़ के नीचे ठिलिया लगाने वाले दुकानदारों का ध्यान हमेशा पेड़ की ओर रहता है औरा सहमे रहते हैं। आसपास के दुकानदार विजय महाजन, पप्पू बाथम, सुरेंद्र, आकाश आदि ने मांग की है कि हाइ टेंशन लाइन से टकराने वाली पेड़ की टहनियों को कटवाया जाए ताकि किसी हादसे की आशका न रहे।

### दो डंपरों की भिड़ंत में खलासी की मौत, चालक घायल

**जालौन (उरई)।** बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर आगे चल रहे डंपर के अचानक से ब्रेक लगाने पर पीछे चल रहे डंपर का चालक काबू नहीं रख सका और डंपर आगे चल रहे ट्रक में घुस गया। हादसे में खलासी की मौत हो गई। जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। चालक को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर किया गया। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर झांसी की ओर से दो डंपर औरैया की ओर जा रहे थे। सुबह करीब चार बजे जब डंपर किमी संख्या 212 गोहन के पास पहुंचे तभी आगे चल रहे डंपर के चालक ने सड़क खराब होने के चलते अचानक से ब्रेक लगा दिए। अचानक से लगाए गए ब्रेक के चलते पीछे चल रहा डंपर का चालक समझ नहीं सका और डंपर को काबू नहीं कर सका। डंपर अनियंत्रित होकर आगे चल रहे डंपर में घुस गया। जिसमें जनपद फ़िरोजलाबाद के नाला गंजू निवासी खलासी नीरज (23) व चालक रुपेंद्र (25) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे की राहत बचाव टीम ने दोनों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से दोनों को सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने देखते ही खलासी नीरज को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल चालक रुपेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद उच्च संस्थान रेफर कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

## कालपी विधायक ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बताया झूठ का पुलंदा

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

- पांच वर्षो से कुकहनू गांव में विद्युत न आने की बात कहकर किया गुमराह
- एक्सईएन से बात करने पर हकीकत पता चलने पर ग्रामीणों से गुमराह न करने की कही थी बात

मंगलवार को स्टेशन रोड स्थित अपने होटल में पत्रकारों से वार्ता के दौरान कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने एक युवक के द्वारा लगाए गए झूठे आरोप को निराधार बताया। विधायक ने बताया कि 8 जून 2026 जिलाधिकारी कार्यालय उरई की जो घटना के संदर्भ में मेरे गनर के ऊपर जो मारपीट का आरोप लगाया जा रहा है। वह पूर्णतः सत्य से परे है। जिस लड़के के द्वारा यह आरोप मीडिया को दिए गये वक्तव्य में लगाया गया कि हम गांव की जन समस्या को लेकर अपनी बात मुझसे कर रहे थे उसी समय उनके सुरक्षाकर्मी ने पीछे से आकर मारपीट की क्या यह सम्भव है कि दो व्यक्ति आपस में वार्ता कर रहे हैं और उनका सुरक्षा कर्मी आकर अचानक मारपीट करने लगे वो भी जिलाधिकारी कार्यालय जैसे अति विशिष्ट जगह पर। श्री चतुर्वेदी ने कहा कि हकीकत यह है कि 8 जून 2026 को उक्त लोग कलैक्ट्रेट परिसर में मेरे पास आए थे और बताया था कि मेरे गांव कुकहनू में विगत 5 वर्षो से लाइट की सप्लाई नहीं है जबकि डबल इंजन की सरकार में शायद ही कोई गांव क्षेत्र ऐसा शेष हो जहां विद्युत न हो जिसको लेकर मैने उक्त लोगों से कहा कि अगर गांव में पांच वर्ष से लाइट नहीं है तो आपने अभी तक मुझे अवगत क्यों नहीं कराया मेरे द्वारा तत्काल प्रभाव से अधिशाषी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड 2 को अवगत कराया गया जिसको लेकर अधिशाषी अभियंता द्वारा मुझे अवगत कराया गया कि आंधी के कारण विद्युत व्यवस्था बाधित है जिस पर काम कराया जा रहा है जिस पर मेरे द्वारा अधिशाषी अभियंता को पूंछा गया कि उक्त गांव में पांच वर्षो से विद्युत सप्लाई क्यों नहीं है। इस पर एक्सईएन ने मुझे अवगत कराया कि गांव की लाइट ट्यूबवैल फीडर से है जिसके कारण लाइट नियमित रूप से 10 से 12 घण्टे सप्लाई हो रही है गांव के लोगों ने मैन लाइन से लाइट को नहीं जोड़ने दिया गया, जिसको लेकर मेरे द्वारा सिर्फ इतना कहा गया कि आप जब मुझे गलत जानकारी दे रहे है इसमं मेरी बात खराब होती है। मैं किसी अधिकारी से गलत बात करूं इससे अच्छा सन्देश नहीं जाता है। उक्त पूरी घटना का दूर से एक लड़का वीडियो बना रहा था जिसको लेकर मेरे सुरक्षाकर्मी के देखने उपरान्त उसको मना किया गया कि किसी की बात का वीडियो क्यों बना रहे हो। इस बात से क्रोधित होकर वह लड़का सुरक्षाकर्मी से तल्क लहजे में अभद्रता करने लगा जबकि सुरक्षा कर्मी ने सिर्फ उसको वीडियो बनाने से मना किया था उस व्यक्ति द्वारा उक्त वार्तालाप के बाद वहां से मैं दूसरी जगह चला गया। इसके बाद 9 व 10 जून 2026 की साजिश के बाद कुछ तथाकथित लोगों (जो अपने आपको सम्भावित उम्मीदवार कहते हैं) के द्वारा एक सुनियोजित नेरेटिव सैट किया गया ताकि सर्वसमाज के बीच में वैमनस्यता फैलाकर सामाजिक विद्वेष का जहर घोल सकें जबकि उस दिन सामान्य वार्तालाप ही हुआ था को घटना में तब्दील कर बदनाम किया जाए उसी के क्रम में यह नेरेटिव चलाया गया कि मेरे व मेरे पुत्र द्वारा उक्त लोगों को जुगनू की संज्ञा दी गई जो कि पूर्णतः असत्य है। उक्त लोगों के द्वारा एक शिकायती पत्र सुरक्षाकर्मी के विरुद्ध दिया गया जिसकी जांच पुलिस अधीक्षक जालौन के द्वारा उच्चाधिकारी को सौंपी गई जिसकी जांच जारी है परन्तु मेरे राजनैतिक विरोधियों के द्वारा लगातार क्षेत्र में मनगढ़ंत झूठ फैलाकर सामाजिक विद्वेष पैदा किया जा रहा है।

### सूचना

मैं, दिनेश शर्मा, पुत्र बुद्धि बल्लभ शर्मा, निवासी 340 द्वारिकापुरी, न्यू टीचर्स कॉलोनी, मेला रोड, लखीमपुर खीरी, यह घोषणा करता हूँ कि मैंने अपना नाम दिनेश शर्मा से बदलकर दिनेश कुमार शर्मा कर लिया है और अब से मुझे सभी कार्यों के लिए दिनेश कुमार शर्मा के नाम से ही जाना जाएगा।

# निवेश मित्र के आवेदनों का समय से पूर्व करें निस्तारण : डीएम

**डीएम की अध्यक्षता में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला वाणिज्य बंधु, उद्योग बंधु एवं श्रम बंधु समितियों की संयुक्त बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापार, उद्योग एवं श्रमिक हितों से जुड़े विभिन्न प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि उद्यमियों, व्यापारियों एवं श्रमिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए, जिससे जनपद में बेहतर व्यापारिक एवं औद्योगिक वातावरण विकसित हो सके। बैठक में शहर की यातायात व्यवस्था, बाजार प्रबंधन, पार्किंग एवं अतिक्रमण से जुड़े प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि साप्ताहिक बाजार केवल निर्धारित स्थलों पर ही लगाए जाएं तथा सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए। उन्होंने ई-रिक्शा एवं बस संचालन को भी निर्धारित स्थलों से संचालित कराने तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उद्योग बंधु समिति में औद्योगिक अवस्थापना एवं निवेश प्रकरणों की समीक्षा इसके उपरांत उद्योग बंधु समिति की बैठक में यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र कुर्सी रोड एवं माती में संचालित अवस्थापना विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।फायर स्टेशन एवं अनावासीय भवन निर्माण, सड़क एवं नाली निर्माण, विद्युत सब स्टेशन, ईएसआईसी डिस्पेंसरी, औद्योगिक क्षेत्र रामसनेहीघाट के ले-आउट एवं दर निर्धारण सहित विभिन्न लंबित विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि सभी निर्माण एवं अवस्थापना विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराए जाएं तथा जिन कार्यों में वित्तीय अथवा प्रशासनिक स्तर पर कोई बाधा हो, उनका तत्काल निराकरण कराया जाए।

बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त लंबित आवेदनों की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित आवेदनों का निर्धारित समय से पूर्व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा निवेशकों को किसी भी स्तर पर अनावश्यक असुविधा न होने पाए।

**श्रम बंधु समिति में श्रमिक हितों पर विशेष जोर**

श्रम बंधु समिति की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शासन द्वारा संचालित श्रमिक कल्याण योजनाओं, पंजीकरण, सामाजिक सुरक्षा एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी अधिक से अधिक श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, जिससे पात्र श्रमिक योजनाओं का अधिकतम लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में जॉइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम नवाबगंज गुंजिता अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, यूपीएसआईडीसी के अधिकारी, व्यापारी एवं उद्यमी प्रतिनिधि तथा श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए तैयारियां पूरी

**यूपीटीईटी-2026**

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



आगामी उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपीटीईटी)-2026 को जनपद में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव (सेवानिवृत्त आईएएस.) एवं जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापकों एवं सह केंद्र व्यवस्थापकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा की समस्त व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए आयोग की गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पर्यवेक्षक प्रकाश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा, सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें तथा किसी भी स्तर पर शिथिलता न बरतें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराते हुए परीक्षा को पूर्ण पारदर्शिता एवं शुचिता के साथ संपन्न कराया जाए। जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने बताया कि जनपद में यूपीटीईटी-2026 परीक्षा 02 एवं 03 जुलाई 2026 को दो-दो पालियों तथा 04 जुलाई 2026 को प्रथम पाली में आयोजित होगी। परीक्षा के लिए जनपद में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 4,488 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि परीक्षा प्रारंभ होने से पूर्व अपने-अपने केंद्रों का भ्रमण कर सभी व्यवस्थाओं का सत्यापन कर लें तथा परीक्षा अवधि के दौरान सतत निगरानी बनाए रखें।

# खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मध्यान्ह भोजन की जांची गुणवत्ता

**रामसनेहीघाट,बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**



रामसनेहीघाट क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराधा मिश्रा ने मंगलवार को बनीकोडर विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण कर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर राजपुर पहुंचकर बच्चों के लिए तैयार किए गए भोजन का नमूना संग्रहित किया। मंगलवार के निर्धारित मीनू के अनुसार विद्यालय में दाल-चावल बनाया गया था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की रसोई का रखरखाव संतोषजनक एवं स्वच्छ पाया गया। भोजन तैयार करने में प्रयुक्त खाद्य मसाले एगमार्क प्रमाणित मिले।

निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराधा मिश्रा ने बच्चों को फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों के महत्व के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे फोर्टिफाइड तेल, नमक, चावल, आटा और दूध जैसे खाद्य पदार्थों पर नीले रंग का +न्न चिन्ह अंकित होता है, जो यह दर्शाता है कि इनमें आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व मिलाए गए हैं। इससे बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार प्राप्त होता है। उन्होंने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए चीनी और नमक का सीमित मात्रा में सेवन करने की सलाह दी। साथ ही बताया कि गर्म खाद्य पदार्थों को कभी भी अखबारी कागज पर रखकर नहीं खाना चाहिए, क्योंकि समाचार पत्र की स्याही भोजन में मिलकर स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकती है। कार्यक्रम के अंत में बच्चों को खाद्य सुरक्षा एवं भोजन की बर्बादी रोकने की शपथ दिलाई गई। सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक संकल्प लिया– उतना लो थाली में, व्यर्थ न जाए नाली में।इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने उठाए सवाल दूसरी ओर, क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई केवल विद्यालयों तक सीमित दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि नेशनल हाईवे किनारे संचालित कई ढाबों, होटलों तथा खाद्य प्रतिष्ठानों पर लंबे समय से गुणवत्ता की जांच नहीं की जा रही है, जबकि वहां निम्न गुणवत्ता एवं संदिग्ध खाद्य सामग्री परोसे जाने की शिकायतें लगातार सामने आती रहती हैं। स्थानीय सूत्रों के अनुसार भिटरिया, सुमेरगंज तथा दयारामपुर नहर के आसपास स्थित कुछ दुकानों पर कथित रूप से मिलावटी खाद्य सामग्री और निम्न गुणवत्ता का खाद्य तेल खुलेआम बेचा जा रहा है।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रामलला के दर्शन से रोकने का पीएल पुनिया ने किया विरोध



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** पूर्व सांसद पीएल पुनिया ने बदोसराय मे कांग्रेस नेताओ को रामलला के दर्शन से रोके जाने पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होने भाजपा सरकार पर सवाल उठाते हुए कहाकि क्या दर्शन के लिए भाजपा सरकार से अनुमति लेनी होगी। पुनिया पूर्व केंद्रीय स्व मंत्री बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र स्व दिनेश वर्मा की छठी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित करने रसूलपुर बदोसराय पहुंचे थे,जहां उन्होंने मीडिया से बात की। कांग्रेस चुनाव समिति के सदस्य पूर्व सांसद पुनिया ने कहाकि प्रदेश अध्यक्ष पहले अकेले दर्शन कर चुके हैं,लेकिन जब अन्य नेताओं के साथ दर्शन करने जा रहे थे,तो उन्हें हिरासत में ले लिया गया। उन्होंने सवाल किया कि क्या कहीं ऐसा लिखा है कि समूह में दर्शन नहीं किया जा सकता, या यह भाजपा की रणनीति है।इस दौरान पीएल पुनिया ने दान चोरी के मामले पर भी अपनी बात रखी।उन्होंने आरोप लगाया कि इस मामले में केवल छोटे लोगो पर प्राथमिकी दर्ज की गई है, जबकि मुख्य रूप से शामिल बड़े अधिकारियो और प्रभावशाली व्यक्तियो के नाम हटा दिए गए हैं। पुनिया ने मांग की कि मामले मे मुख्य रूप से शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार किया जाए और पहले से गिरफ्तार किए गए लोगों को रिमांड पर लिया जाए। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त किया कि पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की रिमांड की मांग क्यों नहीं की।

# हिन्दू शमशान की जमीन से हटाया गया अतिक्रमण



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी समृद्धि न्यूज।**

बदोसरांय थाना क्षेत्र के मदारपुर गांव में हिंदू मरघट की जमीन पर किए गए अस्थाई अतिक्रमण को प्रशासन ने हटा दिया है। मंगलवार दोपहर उपजिलाधिकारी अनिल कुमार सरोज की मौजूदगी में जेसीबी का उपयोग कर मजार के लिए बनाए जा रहे पिलरों को ध्वस्त किया गया। रविवार को एक समुदाय द्वारा इस जमीन पर पिलर खड़े कर मजार बनाने का प्रयास किया जा रहा था। हिंदू पक्ष के विरोध के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए निर्माण कार्य रुकवा दिया था। इस मामले में निर्माण कर रहे पांच लोगों को शांति भंग के आरोप में चालान भी किया गया था। सोमवार को लेखपाल के नेतृत्व में राजस्व टीम ने जमीन की पैमाइश की थी। हालांकि, उस समय जमीन की स्थिति स्पष्ट नहीं हो पाई थी।मंगलवार दोपहर करीब 12 बजे उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर अनिल कुमार, तहसीलदार बालेन्दु भूषण वर्मा, कोतवाली बदोसराय प्रभारी राम अवतार सरोज सहित भारी पुलिस बल और राजस्व विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। दोबारा की गई पैमाइश में यह जमीन हिंदू मरघट के नाम दर्ज पाई गई। पैमाइश के बाद उपजिलाधिकारी अनिल कुमार की उपस्थिति में राजस्व विभाग के लेखपाल ने जेसीबी बुलवाकर अस्थाई रूप से बनाई जा रही मजार को पूरी तरह से हटवा दिया। लेखपाल महेंद्र कुमार जायसवाल ने बताया कि पैमाइश में यह जमीन हिंदू मरघट के नाम दर्ज निकली थी, जिसके बाद उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट दी गई थी। टीम ने अतिक्रमण हटाने के साथ ही सख्त हिदायत दी है कि इस पर दोबारा कब्जा करने का प्रयास न किया जाए।उपजिलाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि हिंदू मरघट के नाम दर्ज भूमि पर अस्थाई कब्जा था, जिसे नियमानुसार कार्रवाई करते हुए हटा दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### बीएमपीएस में श्रीरामचरित मानस अखंड पाठ संपन्न



**लालगंज,रायबरेली समृद्धि न्यूज़।** कस्बे के बहु–प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल लालगंज में श्रीरामचरितमानस अखंड पाठ का संगीतमय आयोजन संपन्न हुआ। समापन के अवसर पर ईष्ट भक्तों ने प्रसाद और भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर के सैकड़ो की संख्या में ईष्ट भक्तों ने जमकर प्रसाद चखा। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह ने कहा ऐसे कार्यक्रमों से आपसी मेलजोल, सामाजिकता और एक दूसरे के साथ कुछ पल बिताने का अवसर प्राप्त हो जाता है साथ ही धार्मिक अनुष्ठानों से हमारी सांस्कृतिक धरोहर को संजोने का मौका मिलता है। प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह और प्रबंधक शांतनु सिंह ने आए हुए अतिथियों और ईष्ट भक्तों का स्वागत सत्कार किया। प्रधानाचार्य अभिषेक रंजन ने आए हुए ईष्ट भक्तों और अतिथियों के प्रति आभार प्रकट किया।

### सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को एसपी ने दी विदाई



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मंगलवार को जनपद में नियुक्त निरीक्षक अनिल कुमार सिंह, उ.नि. लालाराम, उ.नि. अनंतराम व उ.नि. राणा उदयभान को उनकी अधिवर्षता आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के उपरान्त पुलिस कार्यालय गौरीगंज में जनपद पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा उनको उत्कृष्ट सेवा के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया एवं उपहार देकर विदाई दी गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा आगामी जीवन की शुभकामनाओं के साथ–साथ वर्तमान समय में चल रहे फोन कॉल अथवा ऑनलाइन साइबर ठगी जैसे–फर्जी ट्रेजरी अधिकारी बनकर अथवा पुलिस कार्यालय के कर्मचारी बनकर रिटायर्ड पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों को पेंशन प्रपत्र पूरा न होने व पेंशन रोकने की बात कहकर उनसे पूरी जानकारी व ओटीपी आदि पूंछकर ठगी करने वालों से सावधान रहने व इस प्रकार के फोन कॉल पर कोई भी जानकारी न देने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक भी किया गया। जिससे किसी भी कर्मचारी के साथ कोई साइबर ठगी न हो सके।

### एटीएम बदलकर ठगी करने वाला अंतर्जनपदीय ठग गिरफ्तार



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस के अनुसार सैफ पुत्र आफताब अहमद निवासी मोहल्ला हटिया मजरे कस्बा जायस द्वारा अभियुक्त शुभम सोनकर पुत्र राकेश कुमार सोनकर निवासी नरसिंहगढ़ थाना कुण्डा जनपद प्रतापगढ़ को प्रार्थना पत्र के साथ थाना जायस पर सुपुर्द कर सूचना दी गई कि बैंक ऑफ बड़ौदा एटीएम कस्बा जायस से रुपये निकाल निकालने के दौरान उपर्युक्त अभियुक्त द्वारा मेरे एटीएम कार्ड को अपने पास रखे एटीएम कार्ड में मिला लिया गया। उक्त अभियुक्त को जायस पुलिस द्वारा कब्जे में लेकर एवं प्रार्थना पत्र पर कार्यवाही करते हुये थाना जायस पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से विभिन्न बैंको के विभिन्न धारकों के कुल 6 एटीएम कार्ड बरामद हुए। अभियुक्त को थाना जायस पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# चार दिन से जला पड़ा है ट्रांसफार्मर, बिजली आपूर्ति ठप

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत जैदपुर क्षेत्र की नूर कॉलोनी में 100 केवीए का ट्रांसफार्मर पिछले चार दिनों से जले होने के कारण पूरे इलाके में बिजली आपूर्ति ठप थी। भीषण गर्मी के बीच स्थानीय लोग लगातार परेशानियों का सामना कर रहे थे।सोमवार को पूर्व भाजपा चेयरमैन प्रत्याशी अबू उमैर के लगातार प्रयासो के बाद बिजली विभाग ने जला हुआ ट्रांसफार्मर बदलकर नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया। ट्रांसफार्मर लगने के साथ ही नूर कॉलोनी में चार दिनों बाद बिजली आपूर्ति बहाल हो गई,जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली।स्थानीय लोगों के अनुसार वर्तमान चेयरमैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियो एवं जनसेवियो के प्रयासों के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो सका था।इसके बाद अबू उमैर ने संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क कर ट्रांसफार्मर बदलवाने का प्रयास किया, जिसके परिणामस्वरूप कुछ ही घंटों में नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति सुचारु कर दी गई।ट्रांसफार्मर बदलने के दौरान समाजसेवी अब्दुल्ला,मो इरशाद और मो अतीक भी मौके पर मौजूद रहे और पूरी प्रक्रिया की निगरानी करते रहे।बिजली आपूर्ति बहाल होने के बाद नूर कॉलोनी के लोगों ने अबू उमैर सहित मौके पर मौजूद सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।

### 13 एग्रीजंक्शन केन्द्र खोलने की तैयारी, कृषि स्नातकों को मिलेगा स्वरोजगार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा कृषि स्नाताकों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा किसानों को गुणवत्तापूर्ण कृषि निवेश के साथ–साथ कृषि प्रसार सेवायें उपलब्ध कराने के उद्देश्य से ''प्रशिक्षित कृषि उद्यमी स्वावलम्बन एग्रीजंक्शन योजना'' जनपद में संचालित है। उन्होंने बताया कि उक्त योजना के तहत कृषि स्नातक, परास्नातक अभ्यर्थियों द्वारा 13 लक्ष्य के सापेक्ष 44 आवेदन प्राप्त हुये हैं तथा आवेदन प्रपत्रों की स्क्रीनिंग जनपद स्तरीय समिति द्वारा 6 जुलाई को मध्यान्ह 12:00 बजे विकास भवन सभागार में की जायेगी। उन्होंने समस्त आवेदनकर्ताओं को अवगत कराया कि अपने समस्त अभिलेखों की मूल प्रति के साथ निर्धारित तिथि 6 जुलाई को मध्यान्ह 12:00 बजे विकास भवन सभागार में उपस्थित होना सुनिश्चित करें जिससे आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सके।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान आज से शुरू

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू ने एक से 31 जुलाई तक चलने वाले विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान तथा दस्तक अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय समिति की समीक्षा बैठक की। इस दौरान सीडीओ ने संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी समयबद्ध ढंग से किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, डायरिया आदि संचारी रोगों से जुड़े मामलों की आशंका को देखते हुए जनपद में अन्तर्विभागीय समन्वय से युद्धस्तर पर अभियान को आगे बढ़ाया जाए। सीडीओ ने बताया कि यह अभियान आज से 31 जुलाई तक चलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण के सम्बन्ध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। अभियान के दौरान स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का विशेष कार्यक्रम संचालित किया जाए। तालाबों, नालों व नालियों में एण्टी लार्वा का छिड़काव तथा कूड़े का निस्तारण ठीक ढंग से किया जाए। उन्होंने कहा कि निगरानी समितियां डोर-टू-डोर सर्वे करें और यदि कोई भी संचारी रोगों से ग्रसित है, तो उसे मेडिसिन किट उपलब्ध कराए। उन्होंने सम्बन्धित विभागों से संचारी रोगों के नियंत्रण व रोकथाम के सम्बन्ध में किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, नगर विकास, पंचायतीराज, आई.सी.डी.एस., ग्राम्य विकास, चिकित्सा शिक्षा, शिक्षा, दिव्यांगजन सशक्तीकरण, कृषि, पशुपालन तथा सूचना विभाग को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय बनाकर संचारी रोगों की रोकथाम व नियंत्रण के संबंध में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार त्यागी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. राजेश द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा एमओआईसी उपस्थित रहे।

### स्व. बेनी बाबू के सुपुत्र स्मृतिशेष दिनेश वर्मा की मनाई गई छठी पुण्यतिथि

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा के मंझले पुत्र स्व दिनेश कुमार वर्मा की छठी पुण्यतिथि रवि किशन सेवा केंद्र पेट्रोल पंप पर मनाई गई।कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा,पूर्व मंत्री राकेश वर्मा,सुधा रानी वर्मा व ऋषि वर्मा के द्वारा किया गया।श्रद्धांजलि सभा में बाराबंकी के पूर्व सांसद पीएल पुनिया,पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद सिंह गोप,विधायक गौरव रावत सहित समाजवादी पार्टी,कांग्रेस व अन्य दलो के तमाम नेताओं ने चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। ब्लॉक प्रमुख रेनू वर्मा द्वारा आयोजित भंडारे में नेताओ और लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।सुबह करीब 11 बजे पूर्व कारागार मंत्री राकेश वर्मा,रेनू वर्मा, सुधा वर्मा,श्रेया वर्मा,रवि वर्मा,तान्या वर्मा,समाजवादी पार्टी की नेत्री जूही सिंह सहित पारिवारिक सदस्यों ने विधि–विधान से हवन पूजन किया।

# भामाशाह जयंती पर 10 उत्कृष्ट करदाता सम्मानित

**अमेठी,समृद्धि न्यूज़।**



विकास भवन स्थित प्रेरणा सभागार में सोमवार को शाम 4 बजे दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर व्यापारी कल्याण दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया जिसे जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और व्यापारियों ने देखा। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने राष्ट्र निर्माण और आर्थिक विकास में व्यापारियों तथा करदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। साथ ही दानवीर भामाशाह के त्याग, राष्ट्रभक्ति और मातृभूमि के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया गया। उपायुक्त उद्योग अशोक कुमार गुप्ता ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। इसके बाद विभिन्न व्यापारिक संगठनों और अधिवक्ताओं द्वारा अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जनपद के आर्थिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 10 उत्कृष्ट करदाताओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि ईमानदारी से कर भुगतान करने वाले व्यापारी और करदाता देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं तथा उनके योगदान से विकास कार्यों को गति मिलती है। कार्यक्रम में रजनीश तिवारी की देशभक्ति एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहीं।

इस अवसर पर राज्य कर विभाग के अधिकारियों, व्यापार मंडलों के पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं बड़ी संख्या में व्यापारियों ने भाग लिया।

# तीन से पांच जुलाई तक लखनऊ में आयोजित होगा आम महोत्सव

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने जनपद के समस्त कृषकों, आम उत्पादकों, प्रसंस्करणकर्ताओं एवं पौधशाला स्वामियों को सूचित किया है कि उत्तर प्रदेश आम महोत्सव-2026 का आयोजन आगामी 3 से 5 जुलाई तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि महोत्सव में आम उत्पादक कृषक अपनी विभिन्न प्रजातियों के आमों का प्रदर्शन कर सकते हैं। प्रत्येक प्रदर्श के लिए 1 किलोग्राम आम अथवा 5 आम निर्धारित किए गए हैं। ऐसे कृषक जो स्वयं महोत्सव में उपस्थित नहीं हो सकेंगे, वे अपने प्रदर्श एक जुलाई को अपराह्न 3 बजे तक जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करा सकते हैं, जहां से उन्हें महोत्सव स्थल तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में बागवानों एवं पौधशाला स्वामियों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं विक्रय हेतु स्टॉल लगाने की भी सुविधा प्रदान की जाएगी। इसके माध्यम से कृषकों को अपने उत्पादों के विपणन का बेहतर अवसर प्राप्त होगा। प्रदर्शनी के दौरान आम की विभिन्न उन्नत प्रजातियों, आम उत्पादन में हो रहे नवाचारों, विपणन तकनीकों, प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां कृषि एवं उद्यान विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों द्वारा प्रदान की जाएंगी।

# डीएम ने सिधौली आईटीआई का किया निरीक्षण

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**



जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने मंगलवार को टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सहयोग से फेज-2 के अंतर्गत उन्नयन किए जा रहे जनपद सीतापुर की तहसील सिधौली स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आधुनिक कार्यशाला, प्रशिक्षण कक्ष सहित विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों में केवल उच्च गुणवत्ता की सामग्री का ही उपयोग किया जाए, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन पिलरों का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिए कि उनमें प्रयुक्त सरिया किसी भी स्थिति में बाहर दिखाई नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में तकनीकी मानकों का पूर्णतः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने और निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण कराने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप संस्थान को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित कर युवाओं को बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

# लखनऊ में 3 से 5 जुलाई तक आम महोत्सव का आयोजन

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने जनपद रायबरेली के समस्त आम उत्पादकों/एफपीओ को सूचित किया है कि आम महोत्सव 2026 का आयोजन 03 जुलाई से 05 जुलाई, 2026 तक इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। जिसका उद्घाटन मुख्यमंत्री, उप्र द्वारा 03 जुलाई 2026 को किया जाना निर्धारित है। आम महोत्सव में आम की विभिन्न प्रजातियों एवं आम के संरक्षित उत्पाद के प्रदर्शों का प्रदर्शन 02 जुलाई 2026 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक किया जाएगा और उसी दिन अपराह्न 04:00 बजे जजिंग का कार्य भी संपादित किया जायेगा। जनपद के इच्छुक कृषक/ कृषक उत्पादक संगठन, जो भी आम की विभिन्न प्रजातियों एवं आम के संरक्षित उत्पाद के प्रदर्श लगाना चाहते हैं, वह 01 जुलाई 2026 तक प्रदर्श के विवरण सहित सूचना कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी रायबरेली में जमा कर सकते हैं अथवा 02 जुलाई 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे तक आयोजन स्थल पर अपना प्रदर्श स्वयं भी लगा सकते हैं। यदि कृषक/निजी उद्यानपति आम की उन्नत गुणवत्तायुक्त पौध रोपण सामग्री एवं आम के फल महोत्सव में बिक्री करना चाहते है, तो वह पौध रोपण सामग्री प्रजाति के टैग के साथ पौधे व फलों का विक्रय कर सकते हैं। प्रदर्शनी के दौरान आम की विभिन्न प्रजातियों, आम उत्पादन में हो रहे नवाचारों, विपणन तकनीकों, प्रसंस्करण एवं मूल्य. संवर्धन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां कृषि एवं उद्यान विशेषज्ञों तथा वैज्ञानिकों द्वारा प्रदान की जायेगी।

# बिना सक्षम अधिकारी के आदेश सचिव ने प्राइवेट कर्मचारी को किया भुगतान, ग्राम पंचायत में वित्तीय अनियमितताओं के आरोप

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड हरगांव की ग्राम पंचायत वजीरपुर में तैनात सचिव नौशाद अली पर वित्तीय अनियमितताओं के गंभीर आरोप लग रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि से मनमाने ढंग से भुगतान किए गए हैं। सूत्रों के अनुसार ग्राम प्रधान के करीबी लोगों के नाम पर मजदूरी मद में लाखों रुपये का भुगतान दर्शाया गया है। वहीं कई मामलों में वास्तविक कार्य और मजदूरों की उपस्थिति को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। आरोप है कि बिना किसी सक्षम अधिकारी के आदेश के प्राइवेट कर्मचारी सचिन कुमार के खाते में भी भुगतान किया गया, जो वित्तीय नियमों के विपरीत माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार कि सचिव की मनमानी के चलते सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है, जिससे शासन और प्रशासन को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका है। मामले को लेकर ग्रामीणों ने निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। अब बड़ा सवाल यह है कि विकासखंड स्तर के जिम्मेदार अधिकारी इस मामले में गंभीरता से जांच कर कार्रवाई करेंगे या फिर मामला केवल नोटिस और कागजी कार्रवाई तक सीमित रह जाएगा। क्या बोले जिम्मेदार अधिकारी इस संबंध में सहायक विकास अधिकारी, हरगांव ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा कि शिकायत की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं खंड विकास अधिकारी हरगांव ने भी कहा कि मामला उनके संज्ञान में नहीं था और मीडिया के माध्यम से जानकारी प्राप्त हुई है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# जेल में बंदियों से संवाद कर परखी भोजन की गुणवत्ता

## जिला जज, डीएम-एसपी ने जेल का किया निरीक्षण, बंदियों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला जज नरेंद्र कुमार झा, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने मंगलवार को अनौगी स्थित जिला कारागार का संयुक्त रूप से औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बैरकों का निरीक्षण कर बंदियों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं, स्वास्थ्य, भोजन तथा स्वच्छता संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही जेल अस्पताल का भी निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला जज नरेंद्र कुमार झा ने कहा कि निरुद्ध बंदियों के संवैधानिक एवं विधिक अधिकारों का पूर्ण संरक्षण सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक बंदी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छ वातावरण और सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने जेल प्रशासन को अनुशासन बनाए रखने, कारागार परिसर में नियमित सघन तलाशी अभियान चलाने, सीसीटीवी कैमरों की प्रभावी निगरानी रखने तथा प्रत्येक नए बंदी का अनिवार्य चिकित्सीय परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

एसपी विनोद कुमार ने प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ को निर्देशित किया कि बंदियों की गतिविधियों पर सतत निगरानी रखी जाए तथा कारागार में किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री का प्रवेश न होने दिया जाए। इस दौरान प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ, उपकारापाल राम बहाल दुबे, उर्मिला सिंह, चिकित्साधिकारी डॉ. माजिद सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



जेल अस्पताल में बंदियों से जानकारी लेते जिला जज व मौजूद डीएम- एसपी

### घायल प्रशांत पाठक के लिए की रक्तदान की अपील

**छिबरामऊ, कन्नौज।** 27 मई की रात फर्रूखाबाद रोड पर हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए नगर की आवास विकास कॉलोनी निवासी प्रशांत पाठक का इलाज लखनऊ के मेदांता अस्पताल में चल रहा है। उनकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है और लगातार रक्त की आवश्यकता पड़ रही है, जिसको लेकर उनके बड़े भाइ ने लोगों से रक्तदान करने की अपील की है। वर्तमान में ब्लड बैंक से 12 यूनिट रक्त उधार लिया गया है, जबकि आगे के उपचार के लिए कम से कम 20 यूनिट रक्त की और आवश्यकता है। इनमें शैलेन्द्र दुबे लालू, सुशील पाण्डेय एडवोकेट, मनीष तिवारी, दिव्यांशु तिवारी, रमन शुक्ला, विकास वर्मा, अंकित गुप्ता, अमित यादव, आशीष वर्मा, आनंद गुप्ता, अच्युत त्रिपाठी, जतिन वर्मा, पुष्कर दुबे, आलोक दीक्षित, अनुराग दीक्षित, राहुल दीक्षित, अनुज शुक्ला, नितिन, सम्राट दीक्षित, गौरव सिंह, राहुल आर्य, आशुतोष गुप्ता, सतेंद्र यादव, अशोक पाल, आक्रोश शुक्ला, राजीव निगम, शेखर श्रीवास्तव सहित अन्य लोगों ने रक्तदान किया। उन्होंने सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए अधिक से अधिक लोगों से रक्तदान कर प्रशांत पाठक की जान बचाने में सहयोग की अपील की है।

### फ्री जांच एवं दवा वितरण केन्द्र का पंडित अवधेश कुमार ने किया शुभारंभ, गरीब किसानों को मिलेगी स्वास्थ्य सेवा




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** विशुनगढ़ क्षेत्र के ग्राम शरदामई में भारतीय किसान यूनियन अवधेश के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी और राष्ट्रीय महामंत्री रत्नेश कुमार दुबे ने फीता काटकर निःशुल्क जांच एवं दवा वितरण केंद्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र प्रधान तथा संगठन के मंडल उपाध्यक्ष चिकित्सा प्रकोष्ठ एवं एमबीबीएस चिकित्सक डॉ. विजय सिंह मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि केंद्र पर प्रत्येक सप्ताह एक दिन गरीब किसानों और जरूरतमंद ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवाइयां वितरित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि संगठन सेवा भाव रखने वाले लोगों को जोड़कर समाजहित में कार्य कर रहा है। डॉ. विजय सिंह ने कहा कि विशुनगढ़ क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को देखते हुए यह सेवा लगातार जारी रहेगी। आर्थिक रूप से कमजोर लोग फोन पर भी स्वास्थ्य संबंधी परामर्श ले सकेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### हाइब्रिड ड्रायर से बढ़ेगी आलू की कीमत, किसानों का होगा मुनाफाः एसपी सिंह

**कन्नौज।** आलू उत्पादक किसानों को कम दाम और फसल खराब होने की समस्या से राहत दिलाने के लिए जिले के प्रगतिशील किसान एसपी सिंह ने आधुनिक हाइब्रिड ड्रायर तैयार किया है। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत विकसित यह तकनीक आलू समेत अन्य कृषि उत्पादों को डिहाइड्रेट कर उनकी वैल्यू एडिशन करने में मदद करेगी, जिससे किसानों को अपनी उपज का बेहतर मूल्य मिलने की उम्मीद है। एसपी सिंह ने बताया कि ड्रायर में पॉलीकार्बोनेट शीट का उपयोग किया गया है, जिससे इसके भीतर का तापमान सामान्य से करीब 20 प्रतिशत अधिक बना रहता है। वहीं एग्जॉस्ट सिस्टम लगातार नमी बाहर निकालता है, जिससे उत्पाद बेहतर गुणवत्ता के साथ सूखते हैं। यह हाइब्रिड ड्रायर सौर ऊर्जा, बिजली और प्राकृतिक धूप तीनों से संचालित होता है तथा पारंपरिक ड्रायर की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत तक बिजली की बचत करता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में किसानों को आलू का बाजार भाव करीब पांच रुपये प्रति किलो मिल रहा है।

# प्रधानाध्यापकों को स्कूल चलो अभियान पर दिए गए निर्देश

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



बीआरसी छिबरामऊ में सोमवार को संचारी रोगों की रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें ब्लॉक के सभी परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। चिकित्सा विभाग की टीम ने संचारी रोगों के लक्षण, बचाव और उपचार संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए, विद्यालयों में स्वच्छता और जागरूकता अभियान चलाने पर जोर दिया। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद कुमार द्विवेदी ने स्कूल चलो अभियान सहित विभागीय योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर उन्हें प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। एआरपी अच्युत त्रिपाठी ने डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) एवं अपार आईडी से संबंधित जानकारी साझा की। वहीं योगेश यादव ने आगामी माह के प्रथम बुधवार को सभी विद्यालयों में स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने तथा शैक्षिक योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया।

# ट्रक से टकराई आम से लदी पिकअप, युवा व्यापारी की मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



मंगलवार सुबह छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र की निगम मंडी के पास ओवरब्रिज पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवा आम व्यापारी की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहरा मच गया।

मृतक के परिजनों के अनुसार मोनू अपने बहनोई नंद कुमार पुत्र केसन, निवासी तिर्वाघाट, जनपद सीतापुर, के साथ पिकअप से आम लेकर बिक्री के लिए बेवर (मैनपुरी) जा रहे थे। जैसे ही उनकी पिकअप ओवरब्रिज पर पहुंची, वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप के परखच्चे उड़ गए और मोनू गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद नंद कुमार ने तत्काल 108 एंबुलेंस की मदद से घायल मोनू को सौ शैया संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। यहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए और जवान बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अविवाहित था। परिवार में मां बिंदेश्वरी, बड़े भाई चंद्रसेन तथा चार बहनें बब्ली, रेनू, कोमल और वीनू हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरब्रिज पर तेज रफ्तार और भारी वाहनों की आवाजाही के कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

### कोचिंग व स्टडी लाइब्रेरी संचालकों ने डीएम से लगाई संचालन शुरू कराने की गुहार

**कन्नौज।** जनपद में 23 जून से बंद चल रहे स्टडी लाइब्रेरी और कोचिंग सेंटरों के संचालकों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर एक जुलाई से संस्थानों का संचालन पुनः शुरू कराने की मांग की है। संचालकों का कहना है कि स्थानीय अधिकारियों द्वारा संस्थानों का निरीक्षण पहले ही किया जा चुका है और उनके निर्देशों का पालन किया जा रहा है। ज्ञापन में कहा गया है कि कोचिंग और स्टडी लाइब्रेरी बंद रहने से विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जुलाई माह में प्रस्तावित यूपीटीईटी, एग्रीकल्चर टीए, रेलवे ग्रुप-डी, एसएससी सीजीएल सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रभावित हो रही है।
संचालकों ने जिलाधिकारी से फायर एनओसी के लिए स्पष्ट मानक और दिशा-निर्देश जारी कराने तथा संस्थानों का दोबारा निरीक्षण कराकर संचालन की अनुमति देने का अनुरोध किया है।

# मानकविहीन नाला निर्माण पर ग्रामीणों ने काटा हंगामा

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज़।**



ग्राम नगला डाल (मौजा अहेरुआ) में सार्वजनिक नाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि करीब 150 मीटर लंबे नाले का निर्माण निर्धारित मानकों के विपरीत किया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार निर्माण में घटिया सामग्री और कमजोर सरिया का इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे नाले की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। आरोप है कि खुदाई से निकली मिट्टी को ठेकेदार 500 रुपए प्रति ट्रॉली के हिसाब से बेच रहा है। वहीं जेसीबी से कार्य के दौरान धीन्रा बेगम के मकान का हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया। विरोध करने पर ग्रामीणों को पुलिस से पिटवाने और झूठे मुकदमों में फंसाकर जेल भेजने की धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया। इसरार, अमीर, सुनवार अली, अनिल, हसीना बेगम सहित कई ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई तथा मानकों के अनुरूप नाला निर्माण सुनिश्चित कराने की मांग की है।

## खबरें एक नजर में

### दो लाख का बिजली बिल देख हार्ट मरीज महिला की बिगड़ी तबीयत



**छिबरामऊ, कन्नौज।** बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही का मामला सामने आया है। मोहल्ला कस्सावान निवासी विधवा सबीना बेगम को दो माह का बिजली बिल 2 लाख 7 हजार 474 रुपये भेज दिया गया। भारी-भरकम बिल देखकर हार्ट मरीज महिला सदमे में आ गई और उनकी तबीयत बिगड़ गई। पीड़िता ने बताया कि वह पिछले 22 दिनों से बिल ठीक कराने के लिए बिजली विभाग के अधिकारियों के चक्कर लगाती रही, लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ। अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालते रहे। अंततः महिला ने अधिशासी अभियंता से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। जांच के बाद विभाग ने बिल संशोधित कर मात्र 2,093 रुपये कर दिया। इस घटना से नाराज महिला ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

### पंचपदीय शिक्षण पद्धति का हुआ प्रशिक्षण, बताए गए सूत्र



**तिर्वा/कन्नौज।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में सोमवार को जून माह के समापन अवसर पर आचार्य दक्षता वर्ग के अंतर्गत विद्या भारती की पंचपदीय शिक्षण पद्धति पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को प्रभावी शिक्षण तकनीकों से परिचित कराकर शिक्षण की गुणवत्ता को और बेहतर बनाना रहा। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र के निर्देशन में आयोजित प्रशिक्षण में प्रशिक्षक अनूप ने पंचपदीय शिक्षण पद्धति के सिद्धांतों, व्यवहारिक उपयोग और प्रभावी पाठ योजना निर्माण की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने शिक्षण की पांच अवस्थाओं—अधीत, बोध, अभ्यास, प्रयोग और प्रसार—की उपयोगिता बताते हुए कक्षा शिक्षण में इनके प्रभावी प्रयोग पर जोर दिया। प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण से शिक्षण अधिक रोचक, प्रभावी और विद्यार्थी-केंद्रित बनेगा। उन्होंने सभी आचार्यों से नवीन शिक्षण तकनीकों को अपनाकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण में विद्यालय के सभी आचार्य एवं आचार्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्राप्त ज्ञान को अपने दैनिक शिक्षण कार्य में लागू करने का संकल्प लिया।

### जो खर्च करेगा, वही अपनी फोटो लगाएगाः वीर सिंह भदोरिया



**कन्नौज।** भाजपा में पोस्टर राजनीति को लेकर एक बार फिर चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। पूर्व विधायक स्वर्गीय बनवारी लाल की जन्मजयंती पर आयोजित सेवा समर्पण कार्यक्रम के पोस्टरों में केवल पूर्व सांसद सुब्रत पाठक की तस्वीर लगाए जाने से जिले के राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पोस्टरों से जिले के दोनों मंत्रियों, तिर्वा विधायक और भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया की तस्वीरें गायब रहने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। यह पहला मौका नहीं है जब भाजपा के पोस्टरों को लेकर सियासी हलचल मची हो। इससे पहले तिर्वा मेडिकल कॉलेज में लगाए गए पोस्टरों से पूर्व सांसद सुब्रत पाठक की तस्वीर गायब रहने पर भी पार्टी के भीतर खींचतान की चर्चाएं हुई थीं। अब नए पोस्टरों में सिर्फ पूर्व सांसद की तस्वीर दिखाई देने के बाद एक बार फिर राजनीतिक अटकलों को बल मिला है। पोस्टरों में नेताओं की तस्वीरें नहीं होने के सवाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने कहा, जो खर्च करेगा, वही अपनी फोटो लगाएगा। उनके इस बयान के बाद पोस्टर को लेकर चर्चाओं का बाजार और गर्म हो गया है। हालांकि, भाजपा की ओर से किसी भी तरह के मतभेद या गुटबाजी की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई।

### भामाशाह जयंती पर भव्य आयोजन, व्यापार मंडल ने शहर में निकाली शोभायात्रा



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले सोमवार देर शाम को सायं राष्ट्र भक्त, स्वाभिमान एवं त्याग के प्रतीक वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के परम सहयोगी भामाशाह की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई और भामाशाह के नाम पर हाईटेक लाइब्रेरी बनवाने की घोषणा की गई। नगर में भामाशाह के नाम पर बनेगी हाईटेक लाइब्रेरी भामाशाह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए मयंक गुप्ता ने कहा कि भामाशाह ने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया था। व्यापार मंडल के जिला महामंत्री नीरज मिश्रा ने घोषणा की कि गुरसहायगंज में भामाशाह के नाम से हाईटेक लाइब्रेरी नगर में बनवाई जाएगी।युवा उद्योगपति मयंक गुप्ता ने कहा ने कहा कि भामाशाह त्याग और राष्ट्रसेवा के प्रतीक हैं। आज के युवाओं और व्यापारियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जिस तरह भामाशाह ने देश के लिए अपना सर्वस्व दान कर दिया, वैसे ही हमें भी समाज और राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना है। व्यापार मंडल का यह आयोजन नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से जोड़ने का सराहनीय प्रयास है। कार्यक्रम में जिला महामंत्री विवेक अग्रवाल, जिला अध्यक्ष जहाँगीर खाँ, जहान अली, अमन गुप्ता, संरक्षक महेश गुप्ता, सचिदानंद गुप्ता, परमानंद, हरिओम गुप्ता, अमन गुप्ता, आशीष गुप्ता, अमित गुप्ता, अखिल भारतीय आशीष गुप्ता डब्बू, दिलीप गुप्ता, रंजीत, फकीरचंद जायसवाल, ललित कुशवाहा, नाग कुशवाहा, अमर गुप्ता, धीरज कुशवाहा, राजीव गुप्ता, रघुराज गुप्ता एओ, आयुष, सचिन सहित सैकड़ों व्यापारी मौजूद रहे। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होकर गुजरी, जिसमें व्यापारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# 2027 में अखिलेश के नेतृत्व में बनेगी सपा सरकार : विनोद सविता

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव विनोद सविता अलीगढ़ से लखनऊ जाते समय कुछ समय के लिए नगर के पश्चिमी बाईपास स्थित सपा नेता शिव शंकर उर्फ शिवा सविता के प्रतिष्ठान पर रुके। यहां सपा कार्यकर्ताओं और सविता समाज के लोगों ने उनका फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया तथा उन्हें सम्मानित किया।

इस अवसर पर विनोद सविता ने उपस्थित लोगों से संवाद करते हुए समाजवादी पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और जनहितकारी कार्यक्रमों की जानकारी दी। पत्रकारों से वार्ता के दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम पर सत्ता में आई भाजपा के कार्यकलापों का सच अब जनता के सामने आ चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि राम मंदिर निर्माण से जुड़े कथित भ्रष्टाचार के मामलों में जिम्मेदार लोगों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है और बिजली व्यवस्था भी पूरी तरह चरमरा गई है।

बढ़ती महंगाई से आमजन परेशान हैं, जबकि युवा रोजगार के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उनका कहना था कि प्रदेश की जनता भाजपा सरकार से ऊब चुकी है और अब परिवर्तन का मन बना चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा मुखिया अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी। कार्यक्रम में सविता समाज के नगर अध्यक्ष सुधीर सविता, सेवानिवृत्त बीडीओ राकेश सविता, शिव शंकर, शिवा सविता, श्रीप्रकाश, मुकेश चंद, रविंद्र सिंह, शेरू यादव, डॉ. राकेश सविता सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### ऊदा देवी जयंती पर वीरांगना के बलिदान को किया नमन

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, अनौगी में मंगलवार को वीरांगना ऊदा देवी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने ऊदा देवी के अदम्य साहस, वीरता और देशभक्ति को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने कहा कि अवध के नवाब की सेना में सैनिक के रूप में शामिल वीरांगना ऊदा देवी ने अपने अद्वितीय साहस और पराक्रम से अंग्रेजी सेना को भी हैरत में डाल दिया था। उन्होंने कहा कि लखनऊ के सिकंदर बाग में पुरुष वेश धारण कर पेड़ पर चढ़कर अकेले ही अनेक अंग्रेज सैनिकों को मार गिराने का उनका साहसिक कार्य भारतीय इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज है। अंततः मातृभूमि की रक्षा करते हुए उन्होंने वीरगति प्राप्त की, लेकिन उनका बलिदान और गौरवगाथा आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत बनी हुई है। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने वीरांगना ऊदा देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके संघर्षमय जीवन को स्मरण किया।

### विद्युत समस्या को लेकर सपा नेता ने एक्सईएन से की भेंट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** गांधीनगर और रेलवे लाइन के उत्तर में बसी आबादी की विद्युत समस्या को लेकर पूर्व सभासद एवं वरिष्ठ सपा नेता मोहम्मद नफीस खान ने मंगलवार को अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड, छिबरामऊ राजीव कुमार भारती से मुलाकात की। इस दौरान पूर्व सभासद ने कुसुमखोर फीडर और गांधीनगर की जर्जर केबल समेत अघोषित बिजली कटौती का मुद्दा उठाया। दो साल से खराब पड़ी है कुसुमखोर फीडर की केबल मोहम्मद नफीस खान ने अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती को बताया कि कुसुमखोर फीडर की केबल पिछले दो वर्षों से खराब पड़ी है, जबकि गांधी नगर की केबल पिछले एक माह से आखिरी सांसें ले रही है। इसके चलते क्षेत्र में बार-बार फाल्ट होते हैं और घंटों बिजली गुल रहती है। अघोषित कटौती से भी जनता परेशान है।

### कैंटीन संचालक का आरोप,सीओ के सामने दबंगों ने की पिटाई

**कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के तिर्वा क्रॉसिंग ओवरब्रिज के पास एक कैंटीन संचालक ने आरोप लगाया है कि थार सवार चार युवकों ने उसके साथ मारपीट की। पीड़ित शिवपाल राठौर का कहना है कि घटना के समय मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और एसओजी टीम भी मौजूद थी, लेकिन इसके बावजूद उसके साथ मारपीट हुई। शिवपाल राठौर के अनुसार वह कैंटीन बंद कर अपने घर जा रहे थे, तभी थार सवार चार युवकों ने उन्हें रोककर मारपीट की। उनका आरोप है कि घटना पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में हुई, लेकिन स्थानीय पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई नहीं की और न ही उनकी शिकायत दर्ज की।

# 12 दिवसीय अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण संपन्न, 29 प्रतिभागी सफल

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



प्रमाणपत्र के साथ प्रतिभागी व मौजूद संस्थान के निदेशक, अन्य

बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान बहेलियनपुरवा, अनौगी में आयोजित 12 दिवसीय बेसिक्स ऑफ होममेड अगरबत्ती मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण में 29 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाहरी मूल्यांकनकर्ता की मौजूदगी में संस्थान के निदेशक विश्व मोहन ने उनका स्वागत किया। इसके बाद निर्धारित मानकों के अनुरूप मूल्यांकन एवं परीक्षा संपन्न कराई गई, जिसमें सभी प्रतिभागी सफल घोषित हुए। समापन समारोह में निदेशक विश्व मोहन ने कहा कि स्वरोजगार शुरू करने या बैंक ऋण से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए संस्थान हर स्तर पर प्रतिभागियों का सहयोग करेगा। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों के आवेदन भी भरवाए गए। अंत में सफल प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और उन्हें शीघ्र अपना स्वयं का व्यवसाय शुरू करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रतिभागियों ने संस्थान द्वारा दिए गए प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर फैकल्टी महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह, ऑफिस असिस्टेंट सोनू कुशवाहा एवं सुनील कुमार मौजूद रहे।

# सुमित कुमार को मिला राजकीय कृषि बीज भंडार का अतिरिक्त प्रभार

▸ योजनाओं का संचालन पहले की तरह व्यवस्थित ढंग से रहेगा जारी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



सुमित कुमार को कार्यभार सौंपते पूर्व प्रभारी विमलेश कुमार

राजकीय कृषि बीज भंडार जलालाबाद के प्रभारी विमलेश कुमार के कानपुर देहात स्थानांतरण के बाद रिक्त हुए पद का अतिरिक्त प्रभार सुमित कुमार (टीएसी) को सौंपा गया है। उपनिदेशक कृषि के आदेश पर सुमित कुमार को अग्रिम आदेश तक राजकीय कृषि बीज भंडार, जलालाबाद का अतिरिक्त प्रभारी नियुक्त किया गया है। उनसे नियमित कार्यों के साथ बीज भंडार की व्यवस्थाओं का भी सुचारु संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। विभागीय अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि उनके नेतृत्व में बीज वितरण एवं अन्य योजनाओं का संचालन पहले की तरह व्यवस्थित ढंग से जारी रहेगा।

# मामूली विवाद में दो पक्ष भिड़े, सड़क पर चले लात-घूंसे

▸ वीडियो वायरल होने के बाद जांच में जुटी पुलिस

**तिर्वा/कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



तिर्वा थाना क्षेत्र के नुनारी गांव में मामूली बात को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि सड़क पर जमकर मारपीट हो गई।

दोनों पक्षों के लोगों ने एक-दूसड्डुरे पर लात-घूंसे बरसाए, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्ष सड़क पर आमने-सामने दिखाई दे रहे हैं और एक-दूसरे के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। घटना के दौरान आसपास मौजूद लोगों में भी हड़कंप मच गया। कुछ लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों पक्षों को अलग कराया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पुलिस का कहना है कि वायरल वीडियो की जांच कराई जा रही है।

जांच के आधार पर संबंधित लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वायरल वीडियो तिर्वा थाना क्षेत्र के नुनारी गांव का बताया जा रहा है।

### समय से पहले ड्यूटी छोड़ने पर दंत चिकित्सक को कारण बताओ नोटिस

**कन्नौज।** समय से पहले कार्यालय छोड़ने और बिना सूचना अनुपस्थित रहने के आरोप में विनोद दीक्षित अस्पताल में तैनात दंत शल्य चिकित्सक डॉ. आशीष भूषण को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। बताया गया कि डॉ. आशीष भूषण की ड्यूटी का निर्धारित समय सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक है, लेकिन उनके समय से पहले कार्यालय छोड़ने और कई बार बिना सूचना अनुपस्थित रहने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। मंगलवार को नोडल अधिकारी के निरीक्षण के दौरान भी डॉ. आशीष भूषण अपने कार्यस्थल पर मौजूद नहीं मिले। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर सीएचसी प्रभारी डॉ. सुधांशू दुबे ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण मांगा है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ विकास चंद्रा का कहना है कि ड्यूटी में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# उखड़ने लगी सड़क, ग्रामीणों ने लगाए घटिया निर्माण के आरोप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धीरपुर, तहसील सदर और ब्लॉक गुगरापुर में हाल ही में निर्मित सड़क की गुणवत्ता को लेकर ग्रामीणों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि करीब 10-12 दिन पहले बनी सड़क में मानकों के अनुरूप गिट्टी और अन्य निर्माण सामग्री का उपयोग नहीं किया गया, जिसके कारण सड़क कई स्थानों पर उखड़ने लगी है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी की गई है। उनका दावा है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार कराया गया होता तो सड़क इतनी जल्दी क्षतिग्रस्त नहीं होती। ग्रामीणों ने सड़क की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, दोषी ठेकेदार एवं संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और सड़क का मानकों के अनुरूप पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। मौके पर पहुंचीं समाजवादी पार्टी की महिला नेत्री शशिमा सिंह दौहरे ने भी ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीर बताते हुए प्रशासन से निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि निर्माण कार्य में अनियमितता हुई है तो जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

फिलहाल, संबंधित विभाग का पक्ष सामने नहीं आया है। अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर नियमानुसार जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर ही आरोपों की पुष्टि होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# करंट लगने से महिला की मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



मृतका का फाइल फोटो



गुमशुम खड़े मृतक के परिजन

पंखे में आ रहे करंट की चपेट में आने से महिला की मौत हो गयी। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव के गांव पुठरी निवासी शेरसिंह सोमवार को गाव में लगे साप्ताहिक बाजार में सब्जी की दुकान लगाए हुए थे। पिता छविनाथ सिंह खेत पर काम कर रहे थे। घर में उनकी 30 वर्षीय पत्नी काजल व 10 वर्षीय पुत्र रोहन तथा 8 वर्षीय जुड़वां बच्चे राघव और परी मौजूद थे। काजल ने घर में चल रहे पंखे को पकड़ा, वैसे ही उसमें उतरे करंट ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। बच्चों ने जब ये नजारा देखा तो तुरंत दौड़कर घटना की जानकारी अपनी पिता शेरसिंह को दी। मौके पर पहुंचे पति ने मूर्छित अवस्था में पड़ी पत्नी काजल को ई-रिक्शा से सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से चिकित्सक ने लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। जहां मौजूद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंचे काजल के मायके पक्ष ने शव को देख चीत्कार करने लगे। अस्पताल प्रशासन ने घटना की जानकारी पुलिस को देने की बात कही और शव को मोर्चरी में रखवा दिया।

शेरसिंह का विवाह जनपद एटा के थाना अलीगंज के गांव दाऊदगंज से हुआ था। वहीं घटना की जानकारी देने के लिए परिजनों ने लेखपाल रुद्र प्रताप को फोन किया। उन्होंने फोन नहीं उठाया। काजल की मौत से परिवार में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पति शेरसिंह, पुत्र रोहन व राघव पुत्री परी का रो-रोकर बुरा हाल है। पति शेरसिंह की सूचना पर थाना पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## हनुमान चालीसा के साथ भण्डारे का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारी

अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा आवास विकास तिराहे पर सामूहिक हनुमान चालीसा और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। समिति के द्वारा पूरी सद्भावना और आस्था से प्रसाद का वितरण किया गया। दोपहर 2 बजे हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। जिस से की पूरा माहौल भक्ति में हो गया। राष्ट्रीय बजरंग दल के विभाग अध्यक्ष अंगद कोमल पाण्डेय ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के 8वें स्थापना दिवस के अंतर्गत 24 जून से 6 जुलाई तक पूरे भरत में अलग अलग जगहों पर विभिन्न कार्यक्रम हो रहे हैं। जनपद में भी सामूहिक हनुमान चलीसा और विशाल भन्डारे का आयोजन और शरबत वितरण किया गया। जिलाध्यक्ष दिनेश सिंह राजपूत ने बताया डॉ. प्रवीण तोगड़िया के द्वारा एक लाख हनुमान चालीसा का जो प्रण लिया गया है हम सभी उसको पूरा करने में उगदान करेंगे। राष्ट्रीय बजरंग के जिलाध्यक्ष विष्णु मिश्रा ने भी कार्यकर्त्ता में उत्साह भरा कार्यक्रम के प्रारंभ में सयुक्त सचिव सतीश चंद्र दीक्षित, विभाग उपाध्यक्ष आचार्य अम्बरीष तिवारी, सत्यम वर्मा, श्यामू शुक्ला आदि दर्जनों कार्यकर्ता पूजन किया। अमरेंद्र विक्रम सिंह, मुकेश सिंह राठौड़, प्रशांत मिश्रा, संजीव गुप्ता, दीपक गुप्ता, सचिन पांडे, विशाल आदि मौजूद रहे।

## प्राचार्य पदों पर भर्ती हेतु उ.प्र. शिक्षा सेवा आयोग ने कमर कसी

▶ उच्च शिक्षा निदेशालय से अधियाचन मिलने के बाद जुलाई में निकल सकता है भर्ती विज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के अशासकीय सहायता (एडेड) महाविद्यालयों में रिक्त प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया जुलाई से शुरु होगी। इस हेतु उ0प्र0 शिक्षा सेवा आयोग अपने गठन के दो वर्ष बाद नई शिक्षा भर्ती के रुप में प्राचार्य पद के लिए पहला विज्ञापन जुलाई में जारी कर सकता है। जानकारी के अनुसार आयोग एडेड महाविद्यालयों में रिक्त पड़े प्रधानाचार्यों के पदों पर भर्ती के लिए कमर कस ली है। आयोग को प्रदेश के 111 पदों पर रिक्तियों का उच्च शिक्षा निदेशालय से अधियाचन मिल चुका है। रिक्त प्रधानाचार्य के पदों पर आयोग जुलाई माह में विज्ञापन निकालने की तैयारी कर रहा है। इसके अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर तथा अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रधानाध्यापक, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.) एवं प्रवक्ता के प्रदेश में रिक्त पदों पर भी आयोग नियुक्तियों की तैयारी में जुटा है। पता चलता है कि इन रिक्त पदों का अधियाचन भी शिक्षा निदेशालय द्वारा आयोग को भेजा गया है। अधियाचन मिलने के पश्चात उ0प्र0 शिक्षा सेवा आयोग शासन की अनुमति के पश्चात शीघ्र ही भर्ती की प्रक्रिया शुरु करेगा। ज्ञातव्य है कि लगभग दो वर्ष पूर्व शासन ने प्रदेश में डिग्री कालेजों, माध्यमिक विद्यालयों तथा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों एवं अध्यापकों की भर्ती हेतु शिक्षा सेवा आयोग को गठित किया। पहले भर्ती हेतु अलग-अलग आयोग की व्यवस्था थी, जिसे अब समाप्त कर दिया गया है।

# निदेशक ने किया ब्लाक का निरीक्षण, विकास कार्यों की समीक्षा

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



बैठक में मौजूद निदेशक व बीडीओ अन्य

मंगलवार को केंद्रीय प्रभारी अधिकारी व निदेशक सर्वदानंद बरनवाल ने नवाबगंज ब्लॉक का निरीक्षण किया। उन्होंने ब्लॉक परिसर में समीक्षा बैठक की और संबंधित अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं की प्रगति और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कृषि गोदाम और बाल विकाश परियोजना कार्यालय का भी निरीक्षण किया। समीक्षा बैठक की शुरुआत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हुई। बरनवाल ने चिकित्सा प्रभारी डॉ0 लोकेश शर्मा से गर्भवती महिलाओं की स्थिति और 2.5 किलोग्राम से कम वजन वाले बच्चों के आंकड़ों के संबंध में जानकारी मांगी। उन्होंने 26-27 साल के लिए निर्धारित लक्ष्य पर भी चर्चा की। जिस पर डॉ. शर्मा ने बताया कि लक्ष्य प्रदेश से निर्धारित होता है। बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) मीनाक्षी सिंह ने बताया कि मई माह पोषाहार का वितरण नहीं हुआ था, जो 25 जून को प्राप्त हुआ है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जुलाई तक इसका पूरा वितरण कर दिया जाएगा। बरनवाल ने संबंधित कार्यों के प्रतिशत के बारे में भी जानकारी ली। खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा से शिक्षा के मानकों और स्कूलों में शौचालयों की स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली गई। बरनवाल ने विशेष रूप से बालिकाओं के लिए बने शौचालयों की संख्या और उनकी कार्यप्रणाली पर सवाल पूछे। समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान और एडीओ पंचायत कृष्णपाल से भी संबंधित योजनाओं और कार्यों की जानकारी प्राप्त की।

बैठक के समापन पर बरनवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से सुझाव मांगे, ताकि उन्हें उच्च अधिकारियों तक पहुंचाया जा सके। समीक्षा बैठक के उपरांत बरनवाल ने ब्लॉक परिसर में स्थित कृषि गोदाम का निरीक्षण किया। जहाँ दीवारों पर मकड़ी के जाले पाए गए। इसके बाद उन्होंने बाल विकास परियोजना कार्यालय का दौरा किया और सीडीपीओ मीनाक्षी सिंह से कार्यालय से संबंधित अन्य जानकारी प्राप्त की।

# छप्पर डालते समय छत से गिरा युवक, हालत गंभीर

कायमगंज, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र के बराविकू गांव में मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। अपने मकान की छत पर छप्पर डाल रहे 32 वर्षीय युवक का पैर फिसलने से वह नीचे जमीन पर आ गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक की पहचान बराविकू निवासी कौशल पुत्र महेश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार कौशल मंगलवार को अपने घर की छत पर छप्पर डालने का काम कर रहा था। छत पर मुंडेर न होने के कारण अचानक उसका पैर फिसल गया और वह सीधे जमीन पर आ गिरा। गिरने से उसके सिर समेत शरीर के अन्य



अस्पताल में भर्ती युवक

हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। परिजनों ने घायल कौशल को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज पहुंचाया। चिकित्सक डॉ. विपिन सिंह ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद युवक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया है। युवक के सिर में गंभीर चोटें हैं, जिसके कारण उसे उच्च स्तरीय चिकित्सा की आवश्यकता है।

## खबरें एक नजर में

### न्याय न मिलने पर पीड़ित परिवार ने दी आत्मदाह करने की धमकी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कायमगंज तहसील क्षेत्र के भटासा निवासी रामचरण ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कुछ लोगों पर कृषि भूमि का फर्जी तरीके से नामांतरण कराने, जानलेवा हमला करने, मारपीट, 5,500 रुपये छीनने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित के अनुसार, उसके नाना की कृषि भूमि पर उसका वैधानिक अधिकार है, लेकिन आरोपितों ने कथित रूप से फर्जी तरीके से अपना नाम दर्ज करा लिया। जब उसने इसका विरोध किया और जमीन पर अपना कब्जा लेने का प्रयास किया तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि उस पर जान से मारने की नीयत से गोली चलाई गई। जिससे वह बाल-बाल बच गया। मारपीट के दौरान उसकी जेब से 5,500 रुपये निकाल लिए गए और लगातार जान से मारने की धमकी दी गई। रामचरण ने पुलिस अधीक्षक से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपितों के खिलाफएफआईआर दर्ज करने और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। साथ ही कहा है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो वह परिवार सहित आत्मदाह करने को मजबूर होगा। जिसकी जिम्मेदारी संबंधित प्रशासन की होगी।

### लिपिक राहुल पाण्डेय की हत्या के विरोध में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में आक्रोश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर एसोसिएशन ने कासगंज के माधवानंद इंटर कॉलेज के लिपिक राहुल पांडे की विद्यालय में बुलाकर की गई निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त किया गया। मुख्यमंत्री, राज्यपाल, अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा शिक्षा निदेशक सहित उच्च अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर घटना की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने एवं मृतक के परिजनों को 5 करोड रुपए का मुआवजा तथा मृतक के आश्रित को सेवायोजित करने के साथ-साथ प्रदेश के कर्मचारियों में व्याप्त असुरक्षा की भावना के चलते ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न होने के चलते समस्त जनपदों के प्रशासनिक अधिकारियों एवं शिक्षा अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाने की भी मांग की। संगठन के प्रदेश महामंत्री संतोष तिवारी एवं प्रदेश अध्यक्ष मुज्तबा हुसैन, उपाध्यक्ष भगवत प्रसाद जोशी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव निर्णय लेकर 1 जुलाई को इस घटनाक्रम पर विरोध व्यक्त करते हुए काला फीता बांधकर विद्यालय में कार्य किए जाने की घोषणा की है तथा सभी कर्मचारियों से दलगत राजनीति को छोड़कर इस विरोध में सहयोग की अपेक्षा मांग की है। माध्यमिक शिक्षा मित्र संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश निराला ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए कहा कि सभी कर्मचारी संगठन इस निर्मम हत्याकांड के पर्दाफाश होने में सहयोग करें।

### मारपीट में चार पर मुकदमा दर्ज

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** राजेपुर थाना क्षेत्र में रास्ता रोककर युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम राजेपुर राठौरी निवासी देवेश पुत्र बृजेश कुमार ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि 26 जून को वह बिजलीघर के पास स्थित अस्पताल से दवा लेकर करीब 11 बजे घर लौट रहा था। आरोप है कि रास्ते में गांव के अर्जुन पुत्र सुधीर, बरुआ गांव निवासी जयदीप पुत्र महेश तथा राजेपुर राठौरी के शिवम पुत्र हरिनाथ और मोहित पुत्र विजपाल ने उसे रोक लिया। पीड़ित के अनुसार, पुरानी रंजिश को लेकर आरोपियों ने पहले गाली-गलौज की। विरोध करने पर चारों ने लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। जिससे उसे चोटें आईं। आरोप है कि मारपीट के बाद जान से मारने की धमकी भी दी गई। घायल का मेडिकल परीक्षण पहले ही कराया जा चुका था। पीड़ित ने 28 जून को थाना राजेपुर पहुंचकर तहरीर दी। जिसके आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जगदीश प्रसाद को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कार की टक्कर से वृद्धा घायल

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



थाने में मौजूद घायल व परिजन

सड़क दुर्घटना में घायल हुई वृद्ध महिला न्याय की मांग को लेकर परिजन मंगलवार को कोतवाली पहुंचे। महिला ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया कि दुर्घटना के बाद भी जिम्मेदार पक्ष उसका समुचित इलाज नहीं करा रहा है, जिससे उसे लगातार परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने बताया कि 30 जून को सुबह करीब 10 बजे वह सड़क पर जा रही थी, तभी एक तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आरोप है कि दुर्घटना के बाद वाहन चालक ने इलाज कराने का भरोसा दिया था, लेकिन बाद में इलाज बीच में ही छोड़ दिया। इससे उसकी हालत में सुधार नहीं हो रहा है और उसे आर्थिक व शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वृद्ध महिला ने कोतवाली पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करने तथा उचित इलाज दिलाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र प्राप्त हो गया है और मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने ग्राम पंचायत में किया निरीक्षण

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।



स्टाल का निरीक्षण करते केंद्रीय प्रभारी अधिकारी

नवाबगंज विकासखंड कार्यालय से लेकर ग्राम पंचायत भाटासा में केंद्रीय प्रभारी अधिकारी सर्वदानंद बरनवाल के द्वारा निरीक्षण कार्यक्रम लगा था, लेकिन जब से केंद्रीय टीम की निरीक्षण की जानकारी विकासखंड कार्यालय पर हुई, तब से विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान लगातार ग्राम पंचायत के सचिव के साथ मेहनतकश तरीके से लगे हुए थे। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान केंद्रीय प्रभारी अधिकारी सर्वदानंद बरनवाल ग्राम पंचायत पहुंचे और वहां पहले पंचायत भवन का निरीक्षण किया। विद्यालयों का निरीक्षण किया, सामुदायिक शौचालय तथा अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। जहां सब कुछ उनको सामान्य मिला। वही पंचायत भवन में अलग-अलग जगह पर विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गये। जिस पर केंद्रीय प्रभारी अधिकारी सर्वदानंद बरनवाल सभी स्तरों का निरीक्षण किया तथा समूह की महिलाओं से उनके द्वारा निर्मित अलग-अलग चीजों की जानकारियां प्राप्त की। शिक्षा विभाग के शिक्षकों से भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां ली। जिस पर सभी ने सफल जवाब देते हुए बच्चों की पढ़ाई में गुणवत्ता दिखाई। केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने विकास खंड अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान के कार्यो के सराहना की। उन्होंने बताया की विकासखंड अधिकारी तथा ग्राम पंचायत सचिव सहित ग्राम प्रधान द्वारा विकास कार्यों को गति दी गई और सारे कार्य गुणवत्तापूर्ण पाए गए। इस मौके पर परियोजना निदेशक पीडी कपिल कुमार, विकास खंडाधिकारी अमरेश चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी अमर सिंह राणा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लोकेश शर्मा, एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, एडीओ ग्राम विकास सुखदेव सिंह, नियोजन विभाग सीएम फॉलोअर इंदल बाबू, एडीओ समाज कल्याण अंकुश कटियार, बाल विकास पुष्टाहार परियोजना अधिकारी नवाबगंज मीनाक्षी सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अरविंद कुमार, ग्राम प्रधान गोविंद गंगवार सहित पंचायत सहायक रोजगार सेवक सहित समस्त विकासखंड के कर्मचारी मौजूद रहे।

# नामित अधिकारी शासन द्वारा जारी निर्देश पुस्तिका का अनुपालन करें सुनिश्चितः डीएम

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



बैठक लेती जिलाधिकारी

▶ सेक्टर मजिस्ट्रेट यह प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं

▶ शुद्ध पेयजल, साफ-सफाई विद्युत आपूर्ति एवं गर्मी से बचाव हेतु आवश्यक संसाधन पूर्ण करें

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 के सफल आयोजन हेतु आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। शासन के निर्देशानुसार जनपद में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफल संचालन हेतु जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि परीक्षा में सम्मिलित सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक, सह केंद्र व्यवस्थापक, कक्ष निरीक्षक तथा अन्य अधिकारी शासन द्वारा निर्धारित निर्देश पुस्तिका का गंभीरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करें, परीक्षा के आयोजन हेतु नामित कार्यदायी संस्थाएं सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी समस्त आवश्यक सामग्री मुहैया कराएं। जिससे परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों को किसी भी प्रकार की सुविधा न हो, इसके साथ ही नामित सेक्टर मजिस्ट्रेट इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध कराएं कि परीक्षा से पूर्व सभी केंद्रों पर परीक्षा संबंधी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। डीएम ने परीक्षा हेतु नामित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि सभी केंद्रों पर महिला परीक्षार्थियों के लिए सुरक्षा हेतु कार्मिक तैनात रखें, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका केंद्रों पर शुद्ध पेयजल एवं सफाई व्यवस्था पूर्ण करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी परीक्षार्थियों के लिए केंद्र पर गर्मी से बचाव हेतु ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराएं। अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग यह सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा के दौरान किसी भी केंद्र पर विद्युत आपूर्ति बाधित न हो, तकनीकी समस्या के कारण केंद्र पर विद्युत आपूर्ति बाधित होने की स्थिति में जनरेटर से विद्युत आपूर्ति पूर्ण कराएं। बैठक में परीक्षा के आयोजन के तैयारी की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 दिनांक 02, 03 एवं 04 जुलाई को कुल 05 पालियों में आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रथम पाली का समय पूर्वाहन 09:30 से 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली का समय अपरान्ह 02:30 से 05 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के सफल आयोजन हेतु जनपद में कुल 19 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें कुल 31560 परीक्षार्थियों 6312 परीक्षार्थी प्रति पाली द्वारा कुल 05 पालियों में प्रतिभाग किया जाना है। परीक्षा के आयोजन हेतु जनपद में स्थापित 19 परीक्षा केंद्रों पर 19 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 19 केंद्र व्यवस्थापक, 19 सह केंद्र व्यवस्थापक तथा 526 कक्ष निरीक्षक नामित किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार उक्त परीक्षा को शांतिपूर्ण, सुचितापूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु यह महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जा रही है। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सभी बैंक राज्य स्तर के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु करें कार्यः जिलाधिकारी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आरसेटी सलाहकार समिति तथा जिला स्तरीय पुनरीक्षण एवं सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

डीएम ने उपस्थित बैंकों के जिला समन्वयकों को निर्देश दिए कि जनपद में कार्यरत सभी बैंक राज्य स्तर के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति हेतु तत्परता से कार्य करें, जिससे आमजनमानस को सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि समेकित ऋण योजना जमा अनुपात में जिन बैंकों एवं उनकी शाखों की प्रगति संतोषजनक नहीं है, उन बैंकों की दोषपूर्ण कार्यशैली से शासन को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराएं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक ऋण स्वीकृत कर प्रगति आख्या पोर्टल पर अद्यतन करें। आरसेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों का विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार कराएं। आरसेटी द्वारा वर्तमान समय तक जनपद में जो भी प्रशिक्षण प्रदान किए गए हैं उनका सत्यापन कराकर विवरण उपलब्ध कराएं।

अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक ने बैंकों में राज्य स्तर से संचालित विभिन्न योजनाओं की अब तक की प्रगति की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि जनपद स्तर पर संचालित विभिन्न बैंकों में समेकित ऋण जमानुपात 55.67 प्रतिशत है तथा बैंक ऑफ़ बड़ौदा, केनरा बैंक, इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, भारतीय स्टेट बैंक एवं इंडियन ओवरसीज बैंकों ऋण जमानुपात प्रगति ठीक नहीं है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री जन धन योजना के अंतर्गत जनपद में कुल 814147 खाते सक्रिय है, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में अब तक 13682 लाभार्थियों को 23339.3 लाख के ऋण वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 1389 लाभार्थियों को आच्छादित किया गया है। प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर स्वनिधि योजना के तहत प्रथम ऋण योजना में 585, द्वितीय ऋण योजना में 236 एवं तृतीय ऋण योजना में 169 लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा चुका है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 670935, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 211050 एवं अटल पेंशन योजना में 104699 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 1829 आवेदन पत्र क्रेडिट लिंकेज के सापेक्ष बैंकों द्वारा 1508 प्रकरण स्वीकृत कर ऋण वितरित किए जा चुके हैं। सरकार द्वारा प्रायोजित ऋण योजनाओं में मुख्यमंत्री सूक्ष्म उन्नयन योजना के तहत 159, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 93, एक जनपद एक उत्पाद योजना के तहत 33 लाभार्थियों को ऋण वितरित किए गए हैं। इसके उपरांत आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक में संबंधित अधिकारी ने बताया कि आरसेटी द्वारा जनपद में अब तक 330 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जिनमें 9126 लाभार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। बैठक में उपस्थित आरबीआई के प्रतिनिधि ने बैंक स्तर पर लंबित आवेदनों के निराकरण हेतु सुझाव प्रदान करते हुए कहा कि यदि कोई बैंक पात्र लाभार्थियों के आवेदन निराकरण में अनावश्यक रूप से बाधा उत्पन्न करता है, तो संबंधित आवेदक आरबीआई द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 14441 एवं आरबीआई की वेबसाइट पर शिकायत दर्ज करा सकता हैं। समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त जिला ग्राम विकास अभिकरण कपिल कुमार, उपायुक्त स्वतः रोजगार सुषमा, उपनिदेशक कृषि अरविंद मिश्रा, उपायुक्त उद्योग सोनल जिंदल सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

▶ समेकित ऋण योजना जमा अनुपात सहित अन्य सरकारी योजनाओं में बैंकों की असंतोषजनक कार्यशैली से शासन को अवगत कराएं

▶ आरसेटी द्वारा आयोजित प्रशिक्षणों का विभिन्न माध्यमों से व्यापक स्तर पर कराएं प्रचार प्रसार



बैठक के दौरान डीएम व बैंक कर्मी

### नंदी को लेकर विवाद में युवक से मारपीट, थाने में दी तहरीर

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जमापुर में घायल नंदी की देखभाल को लेकर हुए विवाद में एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने थाना राजेपुर में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। ग्राम जमापुर निवासी रितेश पाल पुत्र मातादीन पाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह काफी समय से एक घायल नंदी का उपचार कराकर उसकी सेवा कर रहा है। वह प्रतिदिन नंदी को समय से चारा-पानी देता है और उसकी देखभाल करता है। आरोप है कि जब वह नंदी को चारा देने पहुंचा, तभी गांव निवासी योगेशपाल प्रार्थी की चोटी खींचने लगे। विरोध करने पर आरोपी ने गाली-गलौज शुरू कर दी और लाठी-डंडे से मारपीट कर दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद पीड़ित ने थाना राजेपुर पहुंचकर लिखित तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उनके आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# अधिवक्ताओं ने ई-रजिस्ट्रीकरण के विरोध में जुलूस निकालकर की नारेबाजी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली के विरोध में अधिवक्ताओं का आन्दोलन उग्र होता जा रहा है। सरकार से आक्रोशित अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जुलूस निकाल की जमकर नारेबाजी की। मंगलवार को छठवें दिन भी अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों की हड़ताल जारी रही। तहसील सदर के अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक रजिस्ट्री कार्यालय के बाहर एकत्र हुए उसके बाद उन्होंने तहसील परिसर से लेकर तहसील तिराहे तक जुलूस निकाल कर जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ताओं एवं दस्तावेज लेखकों काला कानून वापस लो, वकील विरोधी कानून वापस लो, तानाशाही नहीं चलेगी, हड़ताल अभी जारी है, जोर जुल्म की टक्कर ने संघर्ष हमारा नारा है आदि नारे लगाए। तहसील सदर में अधिवक्ता व कातिबो तथा स्टांप बेन्डरों द्वारा मंगलवार को कामकाज से विरत रहकर पूर्णतः धरना प्रदर्शन हड़ताल जारी रही। दस्तावेज लेखक संघ के महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने कहां हमारे दस्तावेज लेखक साथी किसी तरह की भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान ने दे, अधिवक्ता एवं दस्तावेज लेखक एक है। तहसील सदर बार एसोसिएशन के सचिव अतुल मिश्रा ने कहा कि अभी तक सरकार द्वारा ई-रजिस्ट्रीकरण प्रणाली को वापस लेने पर विचार नहीं किया गया है। अधिवक्ताओं का सम्मान सर्वोपरि है मान समान की यह लड़ाई जारी रहेगी। इस दौरान अतुल, योगेश दीक्षित, विकास सक्सेना, संजीव भारद्वाज, अनूप शर्मा, संजय शाक्य, कुलदीप त्रिपाठी, अनूप कटियार, रुखमंगल सिंह चौहान, नासिर खान, नीरज कुमार, रविनेश चंद्र यादव, पंकज राजपूत, आकाश दीक्षित, राजीव चौहान, दिलीप कश्यप, ओम प्रकाश दुबे, फिरोज अली खान, अंशुमान सिंह, संजय शाक्य, संजय कटियार, राजेश वर्मा, सतेंद्र शाक्य, संजीव शाक्य, निखिल मिश्रा, घनश्याम सक्सेना, गोकुलेश सक्सेना आदि लोग मौजूद रहे।


विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता

## भामाशाह की जयंती पर व्यापारियों को किया गया सम्मानित


सम्मानित होते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा धूमधाम से भामाशाह की जयंती मनाई गई। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल के नेतृत्व में सभी पदाधिकारी फतेहगढ़ सब्जी मंडी स्थित एक पब्लिक स्कूल में एकत्रित हुए और भामाशाह की जंयती मनाई। सभी पदाधिकारीयों ने पुष्प अर्पित कर भामाशाह को नमन किया। फतेहगढ़ के वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया गया।

जिसमें सर्वेश अग्रवाल, कृष्ण मुरारी माहेश्वरी, संजय रस्तोगी, सुभाष बंसल को माला पहनाकर पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। युवा जिलाध्यक्ष सन्देश अग्रवाल ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रविकान्त गर्ग के अथक प्रयासों और अनुरोध पर मुख्यमंत्री ने 3 वर्ष पूर्व भामाशाह की जयंती पर पूरे प्रदेश में व्यापारी कल्याण दिशस के रूप में मनाये जाने की घोषणा की। प्रबल माहेश्वरी ने भामाशाह की जीवनी के बारे में अवगत कराया। किस तरह से महाराणा प्रताप की सेना के लिए भामाशाह ने अपना सर्वशदान कर दिया था। महाराणा प्रताप ने मुगलों से युद्ध करके जीत हासिल की थी। सर्वेश अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल ने भी अपने विचार व्यक्त किये। संचालन संदीप सक्सेना ने किया। इस मौके पर प्रबल माहेश्वरी, सर्वेश अग्रवाल, सुभाष बराला, अर्पण अग्रवाल, ऋषि बंसल, रवि श्रीवास्तव, नितिन गुप्ता, अपरदीप शाक्य, मोहित, सागर कश्यम, राहुजी वर्मा, निशित अग्रवाल, आकाश गुप्ता, मोहित वादव आदि मौजूद रहे।

### सूचना

मेरी पुत्र के आधार कार्ड संख्या-79691 0546876 में त्रुटिवश सुनीत (Suneet) दर्ज हो गया है जो गलत है, जबकि हाईस्कूल अंक पत्र में उसका नाम पुनीत (Puneet) दर्ज है, जो सही है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में सही नाम दर्ज करने की कृपा करें। **सुदामा पत्नी जसकरन निवासी अल्लावलपुर पो0 खिमसेपुर, मोहम्मदाबाद, जनपद फर्रुखाबाद।**

### INFORMATION

My father's name has been incorrectly recorded as 'Ramlakhan' on my PAN card (Number MCHPS9459N), whereas his correct name is 'Kallu Srivastava'; I request that the necessary correction be made to reflect the correct name. Shivam Srivastava, son of Kallu Srivastava, resident of Shiv Nagar Colony, Ghershyam Khan, Farrukhabad.

## सपाइयों ने मनाई वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती


ऊदा देवी की जयंती मनाते सपाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर सपा नेताओं ने महान वीरांगना ऊदा देवी पासी की जयंती पर गोष्ठी आयोजित कर उन्हें याद किया।

ऊदा देवी पासी की जयंती पर जिला कार्यालय के सभागार परिसर में उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। अध्यक्षता प्रभारी विधानसभा सदर पवन कठेरिया प्रधान ने की। गोष्ठी कार्यक्रम के प्रभारी अमन सूर्यवंशी जिलाध्यक्ष बाबा साहब वाहिनी ने कार्यक्रम को संपन्न कराया। सदर विधानसभा प्रभारी पवन कठेरिया ने कहा कि वीरांगना ऊदा देवी पासी 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की एक महान बहुजन योद्धा और स्वतंत्रता सेनानी थीं। उन्होंने लखनऊ के सिकंदर बाग के ऐतिहासिक युद्ध में अकेले ही एक पेड़ पर चढ़कर 32 से अधिक ब्रिटिश सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया था। वह अवध के नवाब वाजिद अली शाह और बेगम हजरत महल के महिला सैन्य दस्ते (दलित वीरांगनाओं की बटालियन) की कप्तान थीं। बाबा साहब वाहिनी के जिलाध्यक्ष अमन सूर्यवंशी ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई में दलित, पिछड़े, शोषित, वंचित एवं महिलाओं का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा, किंतु उनके अनेक बलिदानों को इतिहास में उचित स्थान नहीं मिल सका। इस मौके पर शिव शंकर शर्मा, शिवम पटेल, अर्चित मिश्रा, अमर सिंह आंबेडकर, अजय यादव, यश चौहान, रितिक यादव, गोपाल यादव, जिला प्रवक्ता राधेश्याम सविता आदि उपस्थित रहे।

## बसपा नेताओं ने 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प


बैठक को संबोधित करते विजय भास्कर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी की विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक भोजपुर में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि कानपुर मण्डल प्रभारी विजय भास्कर रहे। बैठक में सेक्टर एवं बूथ कमेटी गठन की विस्तार से समीक्षा की और जल्द से जल्द सेक्टर एवं बूथ कमेटी गठन करने के निर्देश दिए। संकल्प लिया गया कि 2027 में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाने के लिये रात दिन मेहनत करके बहन कु0 मायावती को पुनः मुख्यमंत्री बनाना है। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष शादाब सिद्दीकी, प्रेमसागर दिवाकर, दौलतराम बौद्ध, रूपलाल वर्मा, शैलेन्द्र गौतम, निहाल हुसैन, कमल कुमार, कुलदीप गौतम, वीरपाल गौतम, अनुज कुमार, रामवीर गौतम, राजकुमार गौतम आदि उपस्थित रहे।

## चारों विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का हुआ आयोजन

- प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा : फतेहचन्द्र वर्मा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मंगलवार को भाजपा द्वारा जनपद की चारों विधानसभाओं में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। फर्रुखाबाद एवं अमृतपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित हुआ व कायमगंज विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन एक गेस्ट हाउस एवं भोजपुर विधानसभा का बूथ सम्मेलन जहानगंज स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में आयोजित हुआ।

भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष ने कहा विधानसभा चुनाव को 6 महीने से भी कम वक्त रह गया है। मंडलों के बूथ अध्यक्षों को सक्रिय होने की आवश्यकता है, प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा। पीएम के मन की बात को सुनना चाहिए। बूथ पर कार्यक्रम संतोषजनक नहीं पाया गया है। मन की बात कार्यक्रम को बूथ कमेटी के साथ सुनकर उसकी फोटो सरल ऐप पर अपलोड करनी है। प्रत्येक बूथ अध्यक्ष को बूथ पर सामाजिक समीकरण की जानकारी संगठन को अवगत कराए। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 3 जुलाई से 5 जुलाई के बीच प्रदेश नेतृत्व द्वारा बूथ अध्यक्ष को संपर्क किया जाएगा वह बूथ की संपूर्ण जानकारी प्रदेश को अवगत कराए। डॉ0 बीके गंगवार ने कहा 2047 के विकसित भारत के संकल्प को चरितार्थ करने के लिए भाजपा का सत्ता में बना रहना जरूरी है। अनुराग दुबे, डीएस राठौर आदि ने संबोधित किया एवं संचालन अभिषेक बाजपेई ने किया। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, शिवांग रस्तोगी, वीर बहादुर पाल, अजय कटियार, संतोष राजपूत, रमला राठौर, नरेंद्र आर्य, श्वेता दुबे, अशनील दिवाकर आदि लोग मौजूद रहे। भोजपुर विधानसभा का बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन जहानगंज स्थित एक कोल्ड स्टोरेज में आयोजित हुआ। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। विधायक नागेंद्र सिंह राठौर ने कहा प्रदेश की भाजपा सरकार ने 9 वर्ष के कार्यकाल में सुशासन और विकास की सरकार दी है, बूथ के कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। अभिषेक बाथम ने कहा भाजपा की सरकार ने देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है, हम विकास और सुशासन के आधार पर जनता के बीच जाएंगे। इस अवसर पर राम प्रकाश राठौड़, राजेश राजपूत, अनुज कटियार, शैलेश मिश्रा, कुलदीप दुबे, हिना दवे, पुष्पराज सिंह एवं संचालन शिव मोहन सिंह ने किया। कायमगंज विधानसभा का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन कायमगंज स्थित मीना गेस्ट हाउस में आयोजित हुआ। जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा ने कहा संगठन में बूथ का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ होता है। संचालन संदेश राजपूत ने किया। इस अवसर पर अमरदीप दीक्षित, देवेंद्र दुबे, निर्मल कश्यप, महेंद्र राजपूत, कुनेंद्र गंगवार, आदेश शाक्य, रश्मि दुबे, मनोज गंगवार, जय गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।



बूथ सम्मेलन कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता

## 1200 से अधिक मतदेय स्थलों का किया जायेगा सम्भाजनः डीएम

- 32 मतदान केंद्र होंगे समायोजित, विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियां तेज
- राजनीतिक दलों के साथ डीएम ने की समीक्षा बैठक
- 4 जुलाई को जारी होगी मतदेय स्थलों की प्रारूप सूची
- सुझाव-आपत्तियों के बाद होगा अंतिम निर्धारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 1200 से अधिक मतदेय स्थलों के सम्भाजन के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1200 मतदाताओं के आधार पर कराये जाने के संबध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी/जिला निर्वानन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय/राज्जीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव/मंत्री/प्रतिनिधियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदेय स्थलों के सम्भाजन सम्बन्धी गतिविधियों की निर्धारित तिथियों का कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।



बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

मतदेय स्थलों का भौतिक सत्यापन, पुनर्निधारण एवं नये मतदेय स्थल स्थापित करने हेतु भवनों का चिन्हांकन 24 जून से 28 जून, मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर मतदेय स्थलों के प्रस्ताव तैयार कराना 29 जून से 01 जुलाई तक, आपत्तियों एवं सुझावों हेतु मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची का प्रकाशन 4 जुलाई तक, मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना 04 जुलाई तक, वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठको के आयोजन के पश्चात शिकायतों एवं सुझावों के निस्तारण के बाद सूची को अन्तिम रुप दिया जाना 18 जुलाई को, जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा सभी संलग्नको सहित मतदेय स्थलों का प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को आयोग के अनुमोदनार्थ भेजने हेतु उपलब्ध कराया जाना 25 जुलाई तक, 27 जुलाई, 28 जुलाई तक, मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा सम्भाजन सम्बन्धी प्रस्ताव आयोग के अनुमोदनार्थ प्रेषित किया जाना 31 जुलाई तक किये जायेंगे। उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदेय स्थलों का सम्भाजन अधिकतम 1200 मतदाताओं के आधार पर कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों से प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में 1200 से अधिक है। मतदेय स्थलों के सम्भाजन में मतदेय स्थल का भवन तथा उससे सम्बद्ध किये जाने वाले निर्वाचक नामावली के सुसंगत भाग शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन के बाद किया जायेगा अर्थात भवन के सत्यापन के साथ-साथ यह भी देखा जायेगा कि उस मतदेय स्थल की निर्वाचक नामावली में अंकित मतदाताओं का निवास उस भवन के आस-पास भौतिक रुप से हो। आयोग द्वारा यह अपेक्षा की गई है कि एक पोलिंग स्टेशन लोकेशन पर मतदेय स्थलों के मध्य यथा सम्भव उचित संख्या में मतदाता हो और कोई भी परिवार न टूटे तथा परिवार के सभी सदस्य समान अनुभाग एवं समान स्थान पर रखे जायें। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार मतदेय स्थलों को रनिंग सीरियल नम्बर दिये जायेंगे, मतदेय स्थलों की नई सूची में कोई सहायक मतदेय स्थल नहीं रखा जायेगा। विशेष परिस्थितियों में 300 से कम मतदाता वाले मतदेय स्थलों का रखा जाना अपरिहार्य हो तो प्रस्ताव में उस मतदेय स्थल को बनाये रखे जाने के सम्बन्ध स्पष्ट कारण का उल्लेख कर लिया जाये। अत्यधिक पुराने व जर्जर भवन वाले मतदेय स्थलो को उसी मतदान क्षेत्र के अन्तर्गत उपलब्ध स्थाई भवन में स्थानान्तरित कर दिया जाये। जिन मतदेय स्थलों का भवन पुराने व जर्जर नहीं हैं तथा जहां मतदाताओं को 02 कि0मी0 से अधिक दूरी चलने की आवश्यकता नहीं है तो ऐसे मतदेय स्थलों की स्थिति में परिवर्तन नहीं किया जाये। कोई मतदेय स्थल यदि अपने मतदान क्षेत्र में उपर्युक्त भवन न उपलब्ध होने के कारण मतदान क्षेत्र से बाहर स्थित है और अब मतदान क्षेत्र उपलब्ध हो गया है तो ऐसे मतदेय स्थल को अपने मतदान क्षेत्र के अन्दर स्थित भवन में शिफ्ट कर दिया जाये। मतदेय स्थलो के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों से प्राप्त सभी शिकायतों तथा सुझावों की सम्यक रुप में जांच की जाये तथा उन्हे उपर्युक्त उत्तर देते हुये उनका निपटान किया जाये। विधान सभावार निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार मतदेय स्थलों का निर्धारण करने के पश्चात मतदेय स्थलों की एक नई सूची तैयार की जायेगी और उसका आलेख्य 04 जुलाई को प्रकाशित किया जायेगा तथा एक प्रति समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के जिला स्तरीय प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जायेगा। किसी भी राजनैतिक दल एवं लेवर यूनियन के कार्यालय से 200 मीटर के अन्दर कोई भी मतदेय स्थल नहीं बनाया जायेगा। वर्ष-2027 में विधान सभा, निर्वाचन सम्पन्न होना है। अतः यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि मतदेय स्थलों के सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलों के स्थान में अन्तिम क्षणों में परिवर्तन की आवश्यकता न रहे। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची पर वर्तमान संसद सदस्यों, विधानसभा सदस्यों तथा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों के निस्तारण के पश्चात सूची को अन्तिम रुप दिया जायेगा। मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची को वेबसाइट पर अपलोड किया जायेगा, ताकि जन सामान्य से भी शिकायतें/सुझाव प्राप्त हो सकें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि शीघ्र से शीघ्र मतदेय स्थलों के सम्भाजन के संबंध में जो भी सुझाव या आपत्तिया हों उनको मतदेय स्थलों की आलेख्य सूची के प्रकाशन कि तिथ से पूर्व उपलब्ध करा दें। बैठक में अरूण कुमार सिंह उप जिला निर्वाचन अधिकारी, उपजिलाधिकारी गजराज सिंह यादव, अपर उपजिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, सपा नेता सुभाष चन्द्र शाक्य, भाजपा नेता मुकेश गुप्ता, बसपा नेता रामरतन गौतम, कांग्रेस नेता वरूण त्रिपाठी, अपना दल एस के जिलाध्यक्ष जितेन्द्र कटियार आदि मौजूद रहे।


## कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, फर्रुखाबाद।

**पत्रांक-782/जि0का0अ0/आं0बा0 कार्य0-विज्ञिप्ति/2026-27** **दिनांक 29 जून 2026**

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के शासनादेश सं0: 01/2025/3313/58-1-2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद फर्रुखाबाद के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आँगनवाड़ी कार्यकत्री की मानदेय आधारित संविदा के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आँगनबाड़ी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः-

| क्रम संख्या | परियोजना का नाम | ऑगनबाडी कार्यकत्रियों के रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति |
| 1 | बढ़पुर | 44 | 20 | 14 | 10 |
| 2 | शमशाबाद | 20 | 8 | 5 | 7 |
| 3 | शहर | 04 | 3 | 0 | 1 |
| 4 | कमालगंज | 21 | 8 | 4 | 9 |
| 5 | कायमगंज | 27 | 18 | 3 | 6 |
| 6 | नवाबगंज | 50 | 22 | 13 | 15 |
| 7 | राजेपुर | 56 | 26 | 14 | 16 |
| 8 | मोहम्मदाबाद | 70 | 36 | 16 | 18 |
| | **कुल योग** | **292** | **141** | **69** | **82** |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभावार/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर घस्पा किया गया है, साथ ही विभागीय वेबसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः-**

**01**-विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थ ही पात्र होंगे।

**02**-आंगनवाड़ी कार्यकत्री के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी।

**03**-ऑगनबाड़ी कार्यकत्री पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक 01-01-2026 को आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु के सम्बध में हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

**04**-चयन में उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की मूल निवासी हो, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधि तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता प्रदान की जायेगी।

**05**-विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/संबंधित नगर निकाय द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यकता के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश ही मान्य होंगे।

**06**-विधवा/तलाकशुदा/परित्यकता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलायें पात्र होंगी।

**07**-गरीबी रेखा से नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यकता महिलायें गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाए पात्र।

**08**-निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में तहसील से ऑनलाइन डिजीटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे जिनका ऑनलाइन सत्यापन संभव हो।

**09**-आय प्रमाण पत्र के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग-09 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3959/1-9-11-10-9 दिनांक 30.09.11 के कम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

**10**-आवेदन पत्र विभागीय बेवसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध ऑनलाइन फार्मेट पर सही सावधानीपूर्वक भरे जायेंगे। किसी भी प्रकार के तथ्य/ऑकड़े, प्राप्तांक, पूर्णांक, जन्मतिथि आदि त्रुटिपूर्ण होने की दशा में सम्बन्धित का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुधार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थिनी स्वयं में पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगी। संबन्धित आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व स्पस्ट रूप से पठनीय हो अपलोड़ की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया हों।

**11**-ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथिः 20, जुलाई, 2026 होगी।

**12**-जिलाधिकारी/चयन समिति के द्वारा लिये गये निर्णय/शासनादेश के कम में चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।

**13**-मा0 न्यायालय में वाद/निर्णय/आदेश होने या चयन समिति द्वारा लिए गये निर्णय के क्रम में रिक्तियों की संख्या घटाई-बढ़ाई जा सकती है।

**(सुनील कुमार श्रीवास्तव)**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**फर्रुखाबाद।**

